

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 58 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 10 दिसंबर 2024 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारत में सोने की कीमत 9 दिसंबर को गिरावट

सोने की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे निवेश के लिए यह पैसे का सबसे अच्छा उपयोग करने के लिए सोने और चांदी की



एक अच्छा समय बन गया है। हालांकि, चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। खरीदने से पहले अपने शहर में 22 और 24 कैरेट सोने की ताजा कीमतें देखें।

हर कोई सोना खरीदना चाहता है और आभूषण प्रेमी कीमतों में गिरावट का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आज भारत में सोने की कीमतों में गिरावट आई है। आइए देखें कि कीमत में कितनी गिरावट आई है। सोना सिर्फ आभूषण ही नहीं बल्कि निवेश भी है। अपने कीमतों पर नजर रखें।

**भारत में आज 22 कैरेट सोने की कीमत**

1 ग्राम: 7,114 रुपये
8 ग्राम: 56,912 रुपये
10 ग्राम: 71,140 रुपये
100 ग्राम: 7,11,400 रुपये

**भारत में आज 24 कैरेट सोने की कीमत**

1 ग्राम: 7,761 रुपये
8 ग्राम: 62,088 रुपये
10 ग्राम: 77,610 रुपये
100 ग्राम: 7,76,100 रुपये

# पहले ललन सिंह और अब संजय झा...

## 'बुर्के' को लेकर नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अंदर मची है खलबली ?

**दैनिक समाज जागरण**

पटना. बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 'M'-फैक्टर यानी मुस्लिम वोट बैंक हासिल करने को लेकर जेडीयू में खलबली मची हुई है. पार्टी के बड़े नेता अब हर फोरम पर खुलकर मुस्लिम वोट जेडीयू को नहीं मिलने की बात करने लगे हैं. कुछ दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुस्लिम वोट को लेकर मुजफ्फरपुर में बड़ा बयान दिया था. अब संजय झा ने सीमांचल में मुस्लिम वोट नहीं मिलने पर घुमाकर जवाब दिया है. वहीं, सीमांचल से आने वाले नीतीश कैबिनेट के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा है कि मुस्लिम समाज के लोग भी जेडीयू को वोट देते हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि जेडीयू के अंदर आखिर मुस्लिम वोट बैंक को लेकर क्यों हायतौबा मची है? क्यों अभी तक सीएम नीतीश कुमार ने खुद किसी सार्वजनिक मंच से इस तरह का बयान नहीं दिया है?

आखिर नीतीश कैबिनेट के कद्दावर नेता जमा खान को क्यों कहना पड़ा कि मुस्लिम समाज भी जेडीयू को वोट करती है? क्या यह नीतीश कुमार की ही तो रणनीति नहीं है?

आपको बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर आरजेडी के साथ-साथ अब जेडीयू भी जोर-शोर से जुट गई है. जेडीयू राज्य के हर जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए लोगों के मुड को टटोल रही है. इस कड़ी में रविवार को जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह ने सीमांचल में कार्यकर्ता सम्मेलन में ऐसा बयान दिया, जो सीधे मुस्लिमों की तरफ इशारा कर रहा है. संजय झा ने अल्पसंख्यक वाटरों को लेकर कहा, देखिए नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार निरंतर आगे बढ़ रहा है. नीतीश कुमार के राज में बिहार में कभी भी कर्फ्यू नहीं लगा. नीतीश कुमार ने सबके लिए काम किया. लेकिन, जिन्होंने वोट नहीं भी दिया है और लगता है कि नीतीश कुमार ने काम किया है और आपकी सेवा की है तो अब अपील करते हैं कि इस बार आप नीतीश कुमार को वोट दें.'



### मुस्लिम वोट बैंक का मुद्दा क्यों उठ रहे हैं बार-बार

संजय झा से जब पत्रकारों ने सवाल किया कि क्या अल्पसंख्यक वोटों को लेकर चर्चा चल रही है कि उनका वोट जेडीयू को नहीं मिलता है. इस सवाल के जवाब में संजय झा ने कहा, नहीं मिलता है तभी तो विपक्ष को वोट मिलता है. देखिए, नीतीश कुमार ने बीजेपी के साथ मिलकर ही बिहार का विकास किया. दोनों मिलकर काम किए. मैं फिर एक बार फिर से कहता हूं कि जिन्होंने वोट नहीं भी दिया वो एक बार जरूर मौका दें.

### पसमांदा वोटर पर जेडीयू की नजर

पहले ललन सिंह और अब संजय झा के बयान से लगता है कि जेडीयू मुस्लिम वोट खासकर पसमांदा मुस्लिमों का वोट दोबारा से हासिल करना चाहती है. बिहार में टोटल मुस्लिम आबादी में 20 प्रतिशत पसमांदा मुस्लिमों की है. नीतीश कुमार को 2015 तक इस वर्ग का 80 प्रतिशत वोट मिलता था. लेकिन, बीते चुनाव में इस वर्ग ने जेडीयू को वोट नहीं किया था. इसी का परिणाम था कि जेडीयू की हालत काफी खराब हुई थी.

### क्या 'बुर्का वोट' से होगा खेला?

बीते कुछ दिनों से बिहार में मुस्लिम वोट बैंक को लेकर सियासत गर्म है. मुस्लिम वोट बैंक के लिए जहां प्रशांत किशोर एक से बढ़कर एक तीर छोड़ रहे हैं तो वहीं, तेजस्वी यादव ने भी मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए हाल के दिनों में कई फैसले लिए हैं. सिवान के पूर्व सांसद मोहम्मद शाहबुद्दीन के बेटे आसामा और पत्नी को पार्टी में शामिल कराया तो वहीं, दरभंगा से पूर्व सांसद अशरफ फातमी जैसे नेताओं को पार्टी में शामल कर मुस्लिमों में बड़ा मैसेज दिया है कि आरजेडी ही वह पार्टी है, जो मुस्लिम हितों का ख्याल रखती है.

## डालमियानगर में रेल कारखाना शुरू करने की मांग

### पूर्व राज्यसभा सांसद ने रेल मंत्री को सौपा मांग पत्र

**पुष्पा गुप्ता/ दैनिक समाज जागरण**

डेहरी ऑन सोन(संवाददाता): राज्यसभा के पूर्व सांसद एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने दिल्ली स्थित भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यालय कक्ष में मिलकर क्षेत्र में रेलवे के विकास समेत डालमियानगर में बहु प्रतिक्षित रेल बैगन मरम्मत कारखाना शुभारंभ करने संबंधी मांग पत्र सौंपा ।इस अवसर पर उनके साथ बिहार भाजपा के प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह भी उपस्थित रहे । मांग पत्र में पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा है कि विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में लिखे जाने के बाद यह आश्वासन प्राप्त हुआ था कि कार्य आरंभ कर दिया जाएगा ,लेकिन अभी तक इस संबंध में



कोई भी सकारात्मक पक्ष दृष्टिगोचर नहीं है ।उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया है कि व्यापक जनहित में डालमियानगर में रेल वैगन मरम्मत कारखाना शुभारंभ किये जाने की नितांत आवश्यकता है ।इसके शुरू होने से जहां बंद पड़े उद्योग क्षेत्र में रौनक आएगी वहीं हजारों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। पूर्व सांसद श्री सिंह की मांग पर रेल मंत्री ने सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इसके लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।

# बिल्डर ने RERA के आदेश की अनदेखी की, असहाय घर खरीदार कर रहे फ्लैट का इंतजार

**बेंगलुरू:** हरालुर गांव में एक पॉश आवासीय परिसर में अपार्टमेंट के 266 घर खरीदार अंधकारमय भविष्य का सामना कर रहे हैं। वरथुर होबली में 'फ्रंटियर हाइट्स' में फ्लैटों में अपनी सारी बचत निवेश करने के बाद, वे अपने घरों के भाग्य के बारे में अनभिज्ञ हैं। बिल्डर ने न तो इसे पूरा किया है, न ही उसने एक साल पहले कर्नाटक रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (के-रेरा) द्वारा पारित आदेश का पालन किया है।



120 करोड़ रुपये की इस परियोजना में 15 मंजिलें (एक भूतल के अलावा) हैं और पांच ब्लॉक हैं। डेवलपर, फ्रंटियर शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड का कार्यालय कोरमंगला में है। उसी इलाके में रहने वाले प्रोपराइटर आनंद रेड्डी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। ऐसा तब है जब घर खरीदार बार-बार उनके घर के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

के-रेरा, उपभोक्ता अदालत और स्थानीय पुलिस स्टेशन में मामले दर्ज किए गए हैं, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिलती दिख रही है। हताश मालिकों में हिमशिका दास और उनके पति हिमांशु लहकर भी शामिल हैं। उन्होंने TNIE को बताया, "हमने अप्रैल 2018 में लगभग 1 करोड़ रुपये का पूरा भुगतान करके 3BHK अपार्टमेंट खरीदा था, इस आश्वासन के साथ कि यह जून 2019 तक हैंडओवर के लिए तैयार हो जाएगा। शुरूआत में, कोविड और मजदूरों की कमी को पूरा न होने का कारण बताया गया था। अब 2024 का अंत हो चुका है और हमारे घर के हमें सौंपे जाने का कोई संकेत नहीं है।" सदानंद भट ने 75 लाख रुपये में एक अलग आयाम का 3BHK घर खरीदा। उन्होंने बताया, "मैंने सितंबर 2017 में अपनी संपत्ति खरीदी थी। अब तक, मैंने 69 लाख रुपये तक का भुगतान किया है। शुरूआत में, इसे ग्राउंड-प्लस-11 संरचना के रूप में योजनाबद्ध किया गया था, बाद में इसे 15 मंजिल बनाने के लिए योजना को संशोधित किया गया।" उन्होंने कहा कि हैंड-ओवर में भारी देरी के कारण, 40 मालिकों ने व्यक्तिगत रूप से उपभोक्ता अदालत में मामले दायर किए हैं। **एजेंसी न्यूज**

## मुंबई में बस ने 30 को रौंदा, चार लोगों की मौत, हादसे के बाद मची अफरातफरी

**मुंबई.** मुंबई में सोमवार रात बड़ा हादसा हुआ. तेज रफ्तार एक बस बीच बाजार कई लोगों को रौंदते हुए चली गई. इस हादसे में 30 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से चार के मारे जाने की भी बात सामने आई है. चार लोग अभी भी गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसा मुंबई के कुर्ला इलाके में एलबीएस रोड पर हुआ. इस हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई है और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है. वहां अफरातफरी मची हुई है.



शुरूआती जांच में पता चला है कि बस का ड्राइवर नशे में था. इसके बावजूद वह बस चला रहा था. पुलिस ने ड्राइवर को कस्टडी में ले लिया है. घटना रात 10 बजे की है. कुर्ला वेस्ट रेलवे स्टेशन रोड पर अंबेडकर नगर में बेस्ट बस का भीषण एक्सीडेंट हुआ. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बेस्ट बस ने सड़क पर चल रहे 30 से 40 लोगों को कुचल दिया, जिनमें से 4 लोगों की मौत हो गई. घायलों को सायन और कुर्ला भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## असम मे मंत्रीमंडल विस्तार, 8 साल पहली बार हिंदी भाषी को मंत्री पद

**दैनिक समाज जागरण गोरखनाथ गुप्ता**

असम में हाल ही में पंचायत चुनाव होना है और 2026 में विधानसभा चुनाव इसको मद्देनजर रखते हुए असम के राजनीतिक चाणक्य कहे जाने वाले हिमंत विश्व शर्मा ने मंत्री मण्डल में करते हुए बराक भेली से असम के भोजपुरी हिंदी भाषी को केबिनेट में जगह दी हैं। मालूम हो कि असम में भोजपुरी भाषी के पहले की सरकार में विधायक मंत्री हुआ करते थे।पर जब से असम में भाजपा कि सरकार आई है तबसे हिन्दी भाषी विधायकी का टिकट काट कर अन्य समुदायों को टिकट प्रदान किया। हिन्दी भाषी (भोजपुरी भाषी) बहुल क्षेत्रों में भी अन्य समुदायों को टिकट प्रदान किया और भाजपा के विधायक को विजय बनया।असम में सदियों से रह रहे उत्तर भारतीय भोजपुरी भाषी राजस्थान मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के लोगों में अन्दर अन्दर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। उनका भुमि पट्टा, नौकरी, तथा व्यापार, ट्रेन संबन्धी असुविधा मुख्य कारण है। जो कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में हिंदी भाषी (भोजपुरी भाषी) के मंत्री विधायक होते थे और उनकी समस्यायों को विधानसभा में उठाया करते थे। आज असम के विधायक बराक भेली से एक मात्र विधायक हैं जो हाल ही में केबिनेट मंत्री बनाए जाने पर हिन्दी भाषी भोजपुरी भाषी ने हेमंत विश्व शर्मा को आभार व्यक्त किया है। जो भी हो फिलहाल हिन्दी भाषी (भोजपुरी भाषी) आठ साल बाद भाजपा को याद आना चर्चा बनी है। भाजपा कि सबसे बड़ी वोट बैंक है। देखना दिलचस्प होगा आने वाले पंचायत चुनाव तथा विधानसभा चुनाव में क्यो निर्णये देती है।



### लाखों की हुई चोरी का मामला अभी तक नहीं हुआ साफ

## पुलिस प्रशासन द्वारा चोर को पकड़ लेने के दावे के बाद भी माल बरामद करने में नाकामयाब

*आर डब्ल्यू ए टीम ने दिया विधायक को ज्ञापन*

नोएडा सेक्टर 82 पाकेट 7 की आर डब्लू ए टीम सोसायटी में हुई चोरी को लेकर क्षेत्रीय विधायक पंकज सिंह से मिली। बीते 22 जुलाई को पॉकेट सात में एक साथ कयी घरों में हुई चोरियों के संबंध में एक ज्ञापन दिया। आर डब्लू ए की टीम ने बताया कि हमारी सोसाइटी के चार फ्लैटों से लाखों की चोरी हुई थी और पुलिस प्रशासन के बताने के अनुसार चोरो को पकड़ भी लिया है। फिर भी चोरी का माल बरामद नहीं हुआ है। आर डब्लू ए के उपाध्यक्ष रवि राघव ने कहा है कि हमारी सोसाइटी में दहशत का माहौल है और निवासी डरे हुए हैं पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द चोरों से माल बरामद करें, जिससे पीड़ितों के साथ न्याय हो सके। पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार को एक माह से बता रही हैं कि चोरों को पकड़ लिया गया है। लेकिन उसका पदार्फाश नहीं कर रही है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस प्रशासन किसी के दबाव में काम कर रही है। और यदि चोरों को पकड़ लिया गया है तो लाखों का माल बरामद क्यों नहीं हो रहा है। इस बावत पुलिस प्रशासन भी कही न कही शक के घेरे में घूम रही है। पीड़ित परिवार वाले तीन माह से पुलिस कमिश्नर, पुलिस उपायुक्त पुलिस थाना, चौकी के चक्कर काट रहे हैं लेकिन सुनवाई के नाम पर जस का तस है। इस मामले से सोसायटी के लोगों में खौफ पैदा हो गया है। और डर डर के लोग जीने को मजबूर हो गए हैं। सोसायटी वालों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द इस मामले को नहीं सुलझाया गया तो हम लोग कमिश्नर के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में गोरे लाल, संजय पांडे, विनय त्रिवेदी, हरि शंकर सिंह, श्री राम त्रिपाठी, मनोज झा आदि पॉकेटवासी उपस्थिते थे।

# हार के डर से आम आदमी पार्टी ने दूसरी लिस्ट में 20 सीटों की घोषणा में 13 मौजूदा विधायकों की टिकट काटी- देवेन्द्र यादव

**दैनिक समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता /सुषमा रानी**

नई दिल्ली, 9 दिसंबर, - दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भ्रष्टाचार और निकम्मे शासन से दिल्ली को बर्बाद करने वाली आम आदमी पार्टी के खिलाफ लोगों का गुस्सा उजागर हो चुकी है और अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही हार मान ली है। जिसके कारण आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों की दूसरी सूची में 20 उम्मीदवारों की घोषणा में 13 मौजूदा विधायकों की टिकट काट दी है। जबकि पहले घोषित 11 उम्मीदवारों में भी 6 बाहरी दूसरे दलों के उम्मीदवार शामिल थे।

यादव ने कहा कि एंटी एन्कम्बेंसी के चलते अपनी हार के डर के कारण आम आदमी पार्टी मौजूदा विधायकों की टिकट काटकर दूसरे दलों से आए बागी नेताओं पर दाव खेलना चाहती है, जबकि जनता ने आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मिली जानकारी के आधार के पर मैंने कहा था कि हार डर केजरीवाल तक को सता रहा है इसलिए इनके बड़े नेता सीट बदलने की तैयारी में है जिसका खुलासा आज



मनीष सिसोदिया को पटपड़गंज की जगह जंगपुरा से उम्मीदवार बनाने पर हो चुका है। मनीष सिसोदिया शराब घोटाले में जेल जाने वाले प्रथम आरोपी थे।

उन्होंने कहा कि इमानदारी का ढ़ोल पीटने वाले अरविन्द केजरीवाल और उनके नेता भ्रष्टाचार के आंकठ में डूबे हुए है और उनको हार का डर सताने लगा है जिसके कारण केजरीवाल ने 31 में से 16 मौजूदा विधायकों की टिकटें काट दी हैं। चुनाव से पहले केजरीवाल की घबराहट उनकी हार का प्रमाण है क्योंकि जनता के बीच जनता की समस्याओं पर चर्चा के दौरान उन्हें जनता के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। जनता के विरोध के डर की वजह से अरविन्द केजरीवाल स्वयं अपनी विधानसभा सीट बदलने की फिराक में है, यह बड़ा प्रश्न है केजरीवाल की विश्वसनीयता और जन प्रतिनिधि का दायित्व निभाने पर।

यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल, जो भ्रष्टाचार मुक्त, स्वच्छ और पारदर्शी सरकार का वादा करके सत्ता में आए थे आज भ्रष्टाचार और कुशासन, अपना घड़ा भरने के लिए आप नेताओं के बेटों और रिश्तेदारों को टिकट देकर भ्रष्टाचारियों को मैदान में उतार रहे है।

उन्होंने कहा कि अपनी एक महीने की दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान दिल्ली की दुखी और पीड़ित जनता की आंखों में मैंने भ्रष्ट केजरीवाल सरकार के खिलाफ नाराजगी और गुस्से को स्पष्ट देखा है जिसकी चर्चा हजारों लोगों ने मुझसे अपने दुख, दर्द और पीड़ा साझा करके की है। दिल्ली की जनता के सामने कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है, जो फिर से दिल्ली को विकास की डगर पर ला सकर विकसित शहरों की पंक्ति में खड़ा कर सकती है। आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों ने भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए है, जिनकी सच्चाई दिल्ली की जनता के सामने उजागर हो चुकी है।

# जर्मन नागरिकता छिपाने पर पूर्व बीआरएस विधायक पर हाईकोर्ट ने लगाया जुमार्ना

तेलंगाना हाईकोर्ट ने सोमवार को वेमुलावाड़ा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व बीआरएस विधायक चेन्नामनेनी रमेश पर कोर्ट के समक्ष अपनी जर्मन नागरिकता के बारे में तथ्य छिपाने पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। न्यायाधीश बी विजयसेन रेड्डी के आदेश के अनुसार पूर्व विधायक पर लगाए गए 30 लाख रुपये के जुमार्ने में से 25 लाख रुपये वेमुलावाड़ा से वर्तमान कांग्रेस विधायक आदि श्रीनिवास को दिए जाने चाहिए, जो चेन्नामनेनी रमेश की जर्मन नागरिकता को लेकर लंबे समय से कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे।

बाकी राशि तेलंगाना राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को जाएगी। पूर्व विधायक द्वारा केंद्र सरकार के उस आदेश को चुनौती देने वाली रिट याचिका को जज ने खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि वे भारतीय नागरिक नहीं हैं। एक प्रमुख कम्युनिस्ट नेता चेन्नामनेनी राजेश्वर राव के बेटे रमेश जर्मनी चले गए थे और उन्होंने जर्मन नागरिकता हासिल कर ली थी। हालांकि, वे 2008 में भारत लौट आए और भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया। उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया और 2009 में वेमुलवाड़ा से चुनाव लड़ा और आदि श्रीनिवास को मामूली अंतर से हराया।

आदि श्रीनिवास ने तब अपनी नागरिकता को चुनौती दी और गृह मंत्रालय ने मामले की जांच की, जिसमें पाया गया कि रमेश ने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले लगातार 12 महीने तक अनिवार्य निवास की शर्तों को पूरा नहीं किया था। 2017 में उनकी नागरिकता रद्द कर दी गई और आखिरकार 2019 में उनकी नागरिकता की पुष्टि की गई।

दैनिक समाज जागरण

# ममता के मन और है , जनता के मन और

हाल के आम चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों के दांत खट्टे करे वाले आईएनडीआईए गंठबंधन में भी खटास पैदा होती दिखाई दे रही है । संसद के शीत सत्र में इंडिया गठबंधन के घटक दल बिखरे -बिखरे नजर आ रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो सुश्री ममता बनर्जी के मन की बात तो ओठों तक आए ही गयी। वे विपक्षी गठबंधन को नेतृत्व देने के लिए लालायित है, कोई उनसे कह भर दे।

देश में लगातार क्षीण हो रही कांग्रेस और चारों दिश-ाओं में बिखरे विपक्षी दलों को एकजुट करने में मिली कामयाबी एक साल में ही दम तोड़ती नजर आ रही है ।विपक्षी एकता की धुरी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की क्षमताओं को लेकर सवाल खड़े किये जाने लगे है। इसका सीधा अर्थ है कि इंडिया गठबंधन के दलों में राहुल की नेतृत्व क्षमता पर यकीन कम हो रहा है। ऐसे में यदि राहुल ने अपने आपको न बदला तो आईएनडीआईए गठबंधन की नीति और नेता दोनों बदल सकते हैं। बदलाव की मांग बंगाल से भी उठती दिखाई दे रही है और महाराष्ट्र से भी।

आम चुनाव में मिली सफलता के बाद आईएनड-ीआईए गठबंधन के नेता हवा में उड़ने लगे थे,लेकिन पहले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर और बाद में झारखण्ड और महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों के नतीजों ने विपक्षी गठबंधन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एक बार ये बात फिर प्रमाणित हो गयी कि सब कुछ होने के बावजूद आईएनडीआईए गतहबंधन के पास भाजपा को रोकने की कोई प्रभावी रणनीति नहीं है। वो आक्रामकता भी नहीं है जो भाजपा को सबक सीखा सके। भाजपा ने जिस तरह से हरियाणा में विपक्ष के सामने परोसी हुई सत्ता की थाली छीन ली उसी तरह से महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन का सीराजा फैला दिया।

आईएनडीआईए गठबंधन ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस को भाव नहीं दिया ,तो बंगाल में ममता बनर्जी ने। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने मिलकर चुनाव नहीं लड़ा तो बिहार में भी गठबंधन के प्रमुख दल आरजेडी को हार का मुंह देखना पड़ा। विधानसभा उपचुनावों के नतीजे आने के बाद संसद के शीत सत्र में भी विपक्षी एकता कमजोर ही



नजर आई । अडानी मामले पर कांग्रेस के बहिर्गमन का साथ न तृमूकां ने दिया और न समाजवादी पार्टी ने। समाजवादी पार्टी के नेता ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी कांग्रेस के नेता हैं हमारे नेता नहीं।

हाल के घटनाक्रम से इस बात के संकेत साफ मिल रहे हैं कि विपक्षी घटक दल राहुल के नेतृत्व में आगे का सफर तय करने के लिए तैयार नहीं है । बहुत से घटक दलों के लिए जिस आक्रामकता की दरकार विपक्ष को है वो तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी में दिखाई दे रही है। इन सीपी के शरद पंवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले भी ममता के नेतृत्व को स्वीकार करने के मूड में नजर आ रहे है। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में राहुल के साथ मिलाकर चुनाव लड़ी एनसीपी चुनाव नतीजों से नाखुश है। नाखुश तो शिव सेना -उद्धव गुट भी है। आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सुर पहले से ही बदले -बदले सुनाई दे रहे हैं।

इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि . गठबंधन जारी रहे और साथ मिलकर चुनाव लड़े। गठबंधन के नेता अभी खरगे साहब हैं। महाराष्ट्र में सपा के एमवीए छोड़ने पर उन्होंने कहा कि वहां के लोगों की ओर से जिस तरह के बयान दिए जा रहे हैं, वह नहीं दिए जाने चाहिए।महाराशिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की ओर से छह दिसंबर के अयोध्या विध्वंस की घटना का समर्थन किए जाने को लेकर महा विकास अघाड़ी में हलचल बढ़ गई है। समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र प्रमुख और विधायक अबु आसिम आजमी ने गठबंधन के प्रमुख घटक शिवसेना (यूबीटी) के अयोध्या में 6 दिसंबर बाबरी विध्वंस की घटना का समर्थन किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी में यह लोग कांग्रेस, एनसीपी और सपा के साथ आने के बाद कह रहे थे कि वह सेकुलर हो गए हैं।अबु आजमी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट का जिक्र करते हुए कहा कि जब वे चुनाव हार गए तो फिर वही पुरानी बातें दोहराने लगे हैं। अगर ऐसा ही रहा तो महाविकास अघाड़ी आगे चल नहीं पाएगा।

भाजपा और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी के प्रति लगातार हमलावर रहे पूर्व राजयपाल सत्यपाल मलिक भी राहुल गांधी के नेतृत्व से हताश नजर आ रहे हैं। मलिक ने भी राहुल के बजाय गतहबंधन के नेतृत्व के लिए ममता बनर्जी के नाम का समर्थन किया है। मलिक चाहते हैं कि इण्डिया गठबंधन को ममता बनर्जी को नेतृत्व का मौका देना चाहिये । शरद पंवार भी दबी जुबान में ममता के नाम पर सहमत नजर आ रहे हैं। मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के तमाम घटक दल संसद का शीत सत्र समाप्त होते ही अंतिम फैसला ले लेंगे। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने अभी मौन साध रखा है।

विपक्षी खेमे में मन मुटाव भाजपा के लिए जीवनदान देने वाला हो सकता है ,किन्तु एक बात ये भी है कि ममता बनर्जी को राहुल गांधी की तरह पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक जन समर्थन मिलने वाला नहीं है। वे जुझारू हैं किन्तु उनकी कोई राष्ट्रीय अपील नहीं है । हिंदी पट्टी में तो छोड़िये दक्षिण में भी कोई उनके साथ आसानी से चलने को राजी हो जाएगा ,ये कहना कठिन है। ममता बनर्जी ने बंगाल में तो अभी तक भाजपा को पांव नहीं जमाने दिए हैं लेकिन वे पूरे देश को बंगाल की तरह भाजपा के लिए चुनौती में बदल देंगी ,इसमें मुझे संदेह है।जो भी है विपक्ष का बिखराव देश के लोकतंत्र की सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। देश के हिन्दूकरण को रोकने के लिए विपक्ष ने यदि दरियादिली से अपना नया नेता न चुना तो इसकी बहुत बड़ी कीमत सभी को चुकाना होगी । कांग्रेस के लिए ये आत्मनिरीक्षण का सही समय है। उसे तय करना है कि वो सकल विपक्ष के दबाब में क्या राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर सकती है या उसे राहुल पर ही भविष्य की राजनीति करना है ?

आपको ८ĩ होगा कि एक जमाने में समाजवादी सियासत के झंडावरदार मने जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आम चुनाव से ठीक पहले इंडिया गठबंधन से जान छुड़ाकर भाजपा में शरणागत हो गए थे । जेपी आंदोलन कि पैदाइश नितीश कुमार को प्रधानमंत्री के सामने दंडवत करते हुए पूरे देश ने देखा है । जाहिर है कि वे अब भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं रहे । शरद पंवार भी उम्रदराज हो चुके है। अखिलेश यादव अभी भी उत्तर प्रदेश में उलझे हैं। एक राहुल गांधी हैं जिन्होंने पूरा देश पैदल नापा है। उमके सामने पहचान का कोई संकट नहीं है । उनका असल संकट अपने नेतृत्व को प्रामाणिक न बना पाने का है। ये चुनौती कांग्रेस कि भी है कि वो राहुल के पीछे चले या और कोई नेता तलाश ले ? नेतृत्व के संकट से भाजपा को छोड़ आज सभी दल जूझ रहे हैं। जनता के मन में कौन है ये जानने की कोशिश कोई नहीं कर रहो ।

@ राकेशे अचल

## स्मृति शेष

### एक निर्विवाद जन सेवक थे देवेंद्र तोमर

फेंफड़ों की बीमारी ने आखिर देवेंद्र तोमर को पराजित कर ही दिया । कुल 62 साल के देवेंद्र का असमय जाना दुखद है ,क्योंकि उनके निधन से ग्वालियर में एक संभावनाशील जन प्रतिनिधि का अभाव हो गया है । वे प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह के अग्रज थे। उन्होंने इसके बावजूद अपनी स्वतंत्र पहचान कायम रखी और प्रद्युम्न के लिए हमेशा संकट मोचक का रोल अदा किया।



देवेंद्र ने जिस दिन से राजनीति की पहली सीढ़ियों पर पैर रखा था ,वे उसी दिन से मेरे सम्पर्क में थे । सिविल इंजिनीयर बनने के बजाय वे पार्षद बने। वे विधायक भी बन सकते थे और मंत्री भी ,लेकिन शायद ये दोनों पद उनके लिए बने ही न थे । उन्होंने इन पदों के लिए अपने अनुज प्रद्युम्न सिंह को ही आगे बढ़ाया । और कोई होता तो अपने भाई से पतिस्पर्द्धा करता ,लेकिन देवेंद्र ने कभी इस तरह की चेष्टा नहीं की। वे सदैव अपने अनुज के गाइड बने रहे और इसी में उन्होंने अपना सुख खोज लिया था।

नगर निगम परिषद में मै 1983 से आता-जाता रहा हूँ । मैंने तब से अब तक बहुतेरे पार्षदों को आते जाते देखा। देवेंद्र पार्षदों की भीड़ में सबसे अलग थे । वे खूब पढ़-लिखकर परिषद में आते थे,जोरदार और तार्किक बहस करते थे ,लेकिन पूरे जीवन वे कभी अमर्यादित नहीं हुए। उन्होंने पार्षद के रूप में जन सेवक की अपनी भूमिका को पूरी जिम्मेदारी से निभाया। उनकी अपनी महत्वाकांक्षाएं रही होंगीं लेकिन उन्होंने उन्हें हमेशा नियंत्रित करके रखा। देवेंद्र ने सुर्खियों में आने के लिए कभी कोई स्तरहीन कार्य नहीं किया। वे सौम्य,संकोची और विनम्र जन नेता थे। उनके व्यक्तित्व की छाप उनके अनुज ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह पर भी खूब पड़ी।

देवेंद्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं थी,लेकिन उन्हें जो अवसर मिलना चाहिए थे वे नहीं मिले । अवसर उनके बजाय उनके अनुज के हिस्से में चले गए और इसका गिला उन्होंने कभीनहीं किया। वे विचारों से समाजवादी कांग्रेसी थे। श्रमिकों के हितैषी थे और हमेशा तामझाम से दूर रहे । अपने अनुज के मंत्री और विधायक बनने के बाद भी उनके जीवन में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिला। उनकी सहजता की पूँजी उनकी अपनी थी। उनकी अपनी मित्र मण्डली थी। राजनीति को उन्होंने मित्रों के बीच कभी आने नहीं दिया। जिसकी जितनी मदद कर सके ,करते रहे। उन्हें अपने अनुज का मैनेजर भी कहा जाने लगा था किन्तु वे कभी इस आरोप को लेकर विचलित नहीं हुए।

पिछले लम्बे आरसे से वे फुफ्फुस तंत्र की बीमारी के शिकार थे। उनके उपचार में कोई कमी कभी नहीं आयी ,लेकिन वे बीमारी के आगे हारे नहीं ,झुके नही। अपना काम भी करते रहे और इलाज भी लेते रहे ,लेकिन उनके हिस्से में जितनी साँसें लिखीं थीं वे बढ़ाई -घटाई नहीं जा सकीं । अंतिम दिनों में जब उनके फेंफड़ों के प्रत्यारोपण का निर्णय लिया गया ,तब तक शायद बहुत देर हो चुकी थी। देवेंद्र को बीच रास्ते से ही अपना रास्ता बदलना पड़ा। उन्होंने अंतिम साँस भोपाल के एक अस्पताल में ली। वे जिस सौम्यता के साथ सार्वजनिक मंच पर प्रकट हुए थे उसी सौम्यता के साथ चिर निंद्रा में लीन भी हो गए ,देवेंद्र का नाम स्थानीय निकाय के इतिहास में एक प्रखर जन सेवक के रूप में हमेशा दर्ज रहेगा। अपने अनुजवत देवेंद्र के प्रति मेरी विनम्र श्रृद्धांजलि। @ राकेशे अचल

## प्यार है पहला-पहला !

न जाने कितनी बार पढ़ा है
मैंने तुम्हारा ये चेहरा।
खामोश-सी तुम्हारी आँखें,
कोई राज है इनमें गहरा।
ये कितनी अच्छी बात है,
नहीं है जमाने का पहरा।
ऐ यारा तू इतनी जल्दी,
अपनी जुल्फे यूँ ना लहरा।
जी भर के देख लेने दे,
खिड़की में बैठकर चेहरा।
हुस्न की क्या बात करूं,
चाँद-सा मुखड़ा रूपहला।
माना खूबसूरत हो तुम,
तुम्हारा रूप भी है सुनहरा।
दे भी दो मुझे तवज्जो,
यह मेरा प्यार है पहला-पहला।



संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)
98260-25986

## हिन्दुओं को इग्नोर करने वाले नेताओं को बदलनी होगी अपनी सोच

संजय सक्सेना,लखनऊ

बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्ध सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को जलाया व मारा जा रहा है। उनकी संपत्तियां लूटी जा रही हैं। माताओं व बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मंजर ऐसा है कि किसी की भी रूह कांप जाये। बांग्लादेश में जो हो रहा है उसके सामने यूपी के संभल में जो कुछ हुआ कोई मायने नहीं रखता है। हाल में बहराइच में हुई हिंसा भी बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार के सामने काफी छोटी नजर आती है। क्योकि संभल हो या बहराइच की हिंसा दोनों ही को विपक्ष कुछ ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर हंगामा खड़ा कर रखा है। संभल और बहराइच पर जितना बवाल गांधी परिवार और अखिलेश यादव मचा रहे हैं उतनी ही चुप्पी वह बांग्लादेश में हिन्दुओं और दलितों के साथ हो रहे खून खराबे को लेकर साधे हुए हैं। अखिलेश के पीडीए में पिछड़ा-दलित और अल्पसंख्यकों की बात जरूर की जाती है,लेकिन हकीकीत यही है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम वोट बैंक के आगे किसी को तरजीह नहीं देते हैं। अखिलेश दलितों और पिछड़ों की बात सिर्फ इस वर्ग के वोटरों को गुमराह करने के लिये करते हैं। इसी तरह से दलितों और पिछड़ों को इंसाफ दिलाने के लिये कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और उनकी टीम जातिगत जनगणना कराये जाने के लिये हाय-तौबा तो करती है,लेकिन उनका भी इससे कोई लेनादेना नहीं है। उनको भी सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक नजर आता है।

दरअसल,समाजवादी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही मुस्लिम वोट बैंक पर कब्जेदारी के चक्कर में एक-दूसरे के साथ-साथ(इंडिया गठबंधन में शामिल दोनों दल) होते हुए भी सियासी दुश्मन बनते जा रहे हैं। मुस्लिम वोट बैंक की खातिर यूपी में राहुल गांधी सपा प्रमुख की कंधे पर चढ़कर उनकी पीठ में ह्यछूराह्न भोंकने की कोशिश कर रहे हैं तो अखिलेश यादव जिन्होंने भी नेताजी मुलायम सिंह के बाद मुस्लिम वोटरों को अपने जाल में फांस रखा है वह मुस्लिम वोटरों पर अपनी पकड़ कतई ढीली करने को तैयार नहीं है। इसी के चलते यूपी में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की राह जुदा होती जा रही है। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव की बात हो या फिर हाल में सम्पन्न नौ विधान सभा सीटों की,दोनों ही बार अखिलेश ने कांग्रेस के साथ होते हुए भी उससे दूरी बनाये रखी। लोकसभा चुनाव में तो अखिलेश ने गठबंधन का धर्म निभाते हुए कुछ सीटें कांग्रेस के लिये छोड़ भी दी थीं,लेकिन उप चुनाव में तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी।

आलम यह है कि जब संभल में हुई हिंसा के बाद राहुल गांधी ने वहां जाने का कार्यक्रम बनाया तो समाजवादी पार्टी के महासचिव और अखिलेश के चचा रामगोपाल यादव इसे राहुल की नौटंकी करार दे दिया। इसको लेकर कांग्रेस और सपा के नेताओं के बीच एक-दूसरे के खिलाफ खूब बयानबाजी हुई,लेकिन रामगोपाल यादव की बात सच थी। इस बात का अहसास जल्द हो भी गया। ऐसा इसलिये था क्योंकि राहुल गांधी और उनकी नई-नई सांसद बहन प्रियंका वाड्रा को जब लोकसभा में संभल के पीड़ितों की आवाज उठाने का मौका मिला तो इन दोनों (राहुल-प्रियंका) के साथ-साथ पूरी कांग्रेस अडानी-अडानी करती रह गई। कांग्रेस के इन दिग्गज नेताओं ने एक भी शब्द संभल हिंसा को लेकर नहीं बोला।

बांग्लादेश में हिन्दुओं और खासकर दलितों के खून खराबे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं की चुप्पी न तो बीजेपी को रास आई न ही बसपा सुप्रीमो मायावती को यह बर्दाश्त हुआ। योगी बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है उससे कुछ ज्यादा ही दुखी हैं। वह राहुल और अखिलेश जैसे नेताओं का नाम लिये बिना सवाल करते हैं ह्लआज कुछ लोग समाज को धोखा दे रहे हैं। वे ही लोग समाज में झूठ फैला रहे हैं। हैदराबाद के निजाम और उनके रजाकारों की ओर से जब दलितों के गांव जलाए जा रहे थे तब भी वे चुप थें उस दौरान उनका शोषण हो रहा था। तब भी बाबा अंबेडकर ने खुला पत्र लिखा था कि निजाम की रियासत के सभी दलित रियासत को छोड़कर महाराष्ट्र चले जाएं, लेकिन अपना धर्म और मत न बदलें। पड़ोसी मुल्कों में अल्पसंख्यक हिंदुओं की घटती आबादी पर सीएम योगी ने कहा कि साल 1947 में पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की बड़ी तादाद में आबादी रहती थी। बांग्लादेश में साल 1971 तक 22 फीसदी हिंदू रहा करते थे, लेकिन आज उनकी संख्या 6 से 8 फीसदी ही रह गई है। योगी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, ह्लजो लोग हमेशा दलितों को अपना वोट बैंक बना कर उनका शोषण करते आए हैं, वे आज बांग्लादेश की घटना पर मौन हैं. उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकल रहा। वे सच को स्वीकार नहीं कर सकते और न ही सच बोल सकते हैं। सिर्फ संविधान की प्रति दिखाकर ढोंग कर रहे हैं। उन्हें बाबा साहेब के मूल्यों से कोई लेना-देना ही नहीं है।

ऐसे ही आरोप बसपा सुप्रीमो मायावती भी लगा रही हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को लेकर विपक्षी दलों को घेरा और पूछा कि मुख्य विपक्ष दल होने के बाद भी कांग्रेस और सपा इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं ? ये दोनों दल सिर्फ मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए सिर्फ संभल हिंसा की बात कर मुस्लिम समाज को लड़वा रही हैं। मायावती ने मांग की कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के दलितों को भारत लाना चाि-हए। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि संसद चल रही है और विपक्षी दल देश और यहां के जनहित के मुद्दे न उठाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ में संभल में हुई हिंसा की आड़ में खासकर सपा और कांग्रेस पार्टी मुस्लिम वोट को रिझाने में लगी हुई हैं। इन्हें बाकी मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल मुस्लिम समाज को भी तुर्क और नॉन तुर्क को आपस में लड़ा रही है, जिससे मुस्लिम समाज को भी सतर्क रहना है।

कई दलों के नेता तो बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर चुप्पी साध रहे हैं, इसके अलावा मुस्लिम संगठन भी बांग्लादेश की हिंसा मुखर नजर नहीं आ रहे हैं, इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी नेता शाहनवाज हुसैन देश के मुस्लिम संगठनों को लानत-मलानत भेज रहे हैं। उन्होंने कहा,ह्य बांग्लादेश में जिस तरह अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ जुल्म और ज्यादती हो रही है। उन पर जुल्म की सभी सीमाएं पार कर दी गईं। उस पर भारत सरकार की पूरी नजर है। लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है, धार्मिक स्थल जलाए जा रहे हैं, धर्म गुरुओं को मारा-पीटा जा रहा है, उस पर मुस्लिम संगठनों के लोग चुप हैं। शाहनवाज ने कहा, अगर फिलिस्तीन या ईरान में मुस्लिमों के साथ कुछ होता है, तो ये लोग प्रदर्शन करते हैं, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, वे मारे-काटे जा रहे हैं, लेकिन उलेमाओं की जुबान खुल ही नहीं रही है। वह कुछ बोल ही नहीं रहे हैं। पूरी दुनिया में अल्पसंख्यकों को कैसे रखा जाता है, उसके लिए आदर्श देश भारत है। अल्पसंख्यकों के लिए भारत से अच्छा कोई देश नहीं हो सकता। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की क्या हालत कर दी गई। पूरे मुस्लिम समुदाय को खुलकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर मार्च निकालना चाहिए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है।

## रिजर्व बैंक को मिलेगा मृदुभाषी मल्होत्रा के अनुभवों का लाभ

### संजय मल्होत्रा का राजस्व सचिव से लेकर नियामक की भूमिका तक का सफर

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने 7 नवंबर को उद्योग संगठनों की बजट पूर्व प्रस्तुतियों को पूरी तन्मयता से सुना और इसके बाद उन्होंने उनकी बजट पूर्व सिफारिशों को प्राप्त किया। किसी को अनुमान भी नहीं था कि मृदु भाषी मल्होत्रा बजट बनाने की प्रक्रिया को छोड़कर भारतीय रिजर्व बैंक के अगले गवर्नर बनने जा रहे हैं। मल्होत्रा 1990 बैच के राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। वह आठ महीने वित्तीय सेवा विभाग में सचिव रहे और फिर 1 दिसंबर, 2022 को राजस्व सचिव नियुक्त हुए। मल्होत्रा ने बैंकिंग और गैर बैंकिंग क्षेत्र का कुछ समय तक ही दायित्व संभाला है लेकिन अब वे इस क्षेत्र के नियामक की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नार्थ ब्लॉक में अपनी सेवाएं देने से पहले ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आ-रईसी) के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक और विद्युत मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्य किया था।

मल्होत्रा ने राजस्व सचिव की भूमिका निभाने के दौरान कई महत्त्वपूर्ण फैसले लिए थे। इस क्रम में इस साल के बजट में पूंजीगत लाभ कर को युक्तिसंगत बनाना, नई कर व्यवस्था अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए कर स्लैब को युक्तिसंगत बनाना और अप्रत्याशित लाभ कर को हटाना प्रमुख फैसले हैं। अप्रत्याशित कर लाभ हटाने से तेल शोधन उद्योग को खासी राहत मिली है। उन्होंने ऑनलाइन गेम्स पर 28 फीसदी कर लगाने के मामले में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक में राज्यों और केंद्र सरकार के हितों में सामंजस्य स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने वर्ष 2013 से 2018 के दौरान ज्यादातर अपने होम कैडर के विभागों में कार्य किया। इन विभागों में खनन, वाणिज्यिक कर, सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और राजस्व विभाग शामिल हैं। इस दौरान मल्होत्रा ने विदेश में नियुक्ति के दौरान उपसचिव पद पर संयुक्त राष्ट्र के औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) के परियोजना समन्वयक के रूप में कार्य किया। उन्होंने वर्ष 2000 से 2003 के दौरान अंतरिक्ष और एमएसएमई राज्य मंत्री के निजी सचिव के रूप में कार्य किया। मल्होत्रा ने कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आ-ईआईटी) से कंप्यूटर साइंस में डिग्री हासिल की है। उन्होंने अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में परास्नातक किया है। राजस्व सचिव ने अपने हालिया सार्वजनिक संबोधनों में से एक 4 दिसंबर को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि ह्यसोने के अंडे देने वाली मुर्गी को ही मारने की कोशिश न करेंह्न। उन्होंने वाणिज्यिक धोखाधड़ी के मामले में भारी कर नोटिस जारी करने से पहले अर्थव्यवस्था का ध्यान रखने की हिदायत दी थी।

(भाषाई चिंतन)

## सरल एवं संवेदनशील भाषा के रूप में हिंदी को वैश्विक मान्यता।

### (भविष्य की वैश्विक भाषा हिंदी होगी)

हिंदी भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है "राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है" हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉर-िशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा "हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया" यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागा-रकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है । और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है,
"निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,
बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।
जय हिंदी जय हिंदुस्तान
हिंदी भाषा अमर रहे।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# (लव जिहाद) लड़की को पसंद आ गया भाजपा नेता, झट से घरवालों ने करा दी शादी

**अमरोहा** : अमरोहा में भाजपा नेता का लव जिहाद का मामला सामने आया है. आरोप किसी और पर नहीं, बल्कि भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य पर है, जिसने एक हिंदू युवती को धोखे में रखकर उससे शादी कर ली. शादी भी रस्मों रिवाज के साथ हुई. नातेदार-घरवाले इस समारोह में शरीक हुए. किसी को बिल्कुल भी शक नहीं हुआ कि जिस लड़के से उनकी लड़की की शादी हो रही है वो मुसलमान है. लेकिन शादी के कुछ दिनों के बाद ये राज आखिरकार खुल ही गया. फिर शुरू हुआ असली खेल. यहां लड़की के साथ न केवल इमोशनल खेल खेला गया, बल्कि उसे पहाड़ से गिराकर जान से मारने की कोशिश तक की गई. आखिर क्या है ये दिमाग घुमा देने वाली स्टोरी, आइये जानते हैं..

दरअसल, अमरोहा के नौगांव सादात निवासी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य ताबिश असगर ने खुद की हिंदू पहचान बताकर एक हिंदू युवती से शादी कर ली. इसके बाद हिन्दू युवती पर दबाव डालकर उससे इस्लाम भी कबूल करवाने की कोशिश भी की गई. लड़की को फंसाने के पूरे मामले में मुस्लिम लड़के के परिजन भी शामिल रहे. हिन्दू युवती की पहाड़ से धक्का देकर हत्या करने की भी कोशिश की गई. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुस्लिम लड़के को गिरफ्तार कर लिया है.

यह पूरे मामले की तह खुलती है नोएडा के थाना सेक्टर 113 में दर्ज हुई एक रिपोर्ट से. इस थाने में एक हिन्दू युवती ने 3 दिसंबर 2024 को एक शिकायत दर्ज करवाई. पीड़िता ने बताया कि 4 साल पहले उसका एक युवक से फेसबुक से सम्पर्क हुआ था. फेसबुक प्रोफाइल पर उसका नाम विशाल था. इसके बाद उससे मुलाकात भी हुई. इस दौरान उसने अपना नाम विशाल राणा और पता अमरोहा जिला बताया था. विशाल बताने वाले मुस्लिम युवक ने खुद को हिन्दुओं की राजपूत जाति से बताया और पीड़िता को प्रेमजाल में फंसा लिया.



20 दिसंबर 2021 को पीड़िता और विशाल राणा की सगाई भी हो गई. इस कार्यक्रम में विशाल का भाई भी मौजूद था, जिसने उस समय अपना नाम वासु राणा बताया था. 22 फरवरी 2023 को गाजियाबाद के एक मैरिज हॉल में हिन्दू युवती और विशाल राणा की शादी हिन्दू विधि-विधान से हुई. इस शादी में पीड़िता के परिजन और तमाम नाते-रिश्तेदार भी मौजूद थे. शादी के बाद विशाल और हिन्दू युवती एक साथ रहने लगे.

शादी के कुछ दिनों बाद विशाल राणा ने युवती से कोर्ट मैरिज की बात कही. इसके लिए वह उसे इलाहबाद हाईकोर्ट ले गया. विशाल नाम की सच्चाई का खुलासा यहां हुआ. युवती ने जब यहां कागज देखे तो पता चला कि वह विशाल नहीं बल्कि ताबिश असगर है. यहीं पर उसे यह भी पता चला कि उसकी मंगनी में वासु राणा बनकर शामिल हुआ युवक वसीम है. जब लड़की ने इस पर सवाल-जवाब किया तो ताबिश ने उसे भविष्य का डर दिखाकर चुप करवा दिया. पोल खुलने के बाद से ताबिश असगर पीड़िता पर लगातार इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाने लगा. इंकार करने पर वो पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी देता था.

फरवरी 2024 में पीड़िता गर्भवती हुई तो ताबिश ने उसका जबरदस्ती गर्भपात भी करवा दिया. इसके बाद परेशान होकर पीड़िता अपने मायके में रहने लगी. कुछ दिनों बाद ताबिश पीड़िता के मायके गया और तमाम मिन्नत करके उसे वापस अपने पास ले आया. पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया है कि कुछ दिन तक ठीक से रहने के बाद ताबिश उस पर फिर से इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाने लगा. जब पीड़िता ने पुलिस से इस मामले को लेकर बात कही तो ताबिश फरार हो गया और पीड़िता अकेले रह गई.

पीड़िता ने इसके बाद नोएडा पुलिस में ताबिश की गुमशुदगी दर्ज करवाई. पुलिस ने लगभग 20 दिनों के अंदर ताबिश को खोज निकाला. ताबिश की तमाम मिन्नतों पर पीड़िता पिघल गई और उस पर कोई केस नहीं दर्ज करवाया. ताबिश पर पीड़िता को धोखे में रखकर लव मैरिज के नाम पर लिव-इन-रिलेशनशिप के कागजात बनवाने के भी आरोप है.

इस बीच ताबिश पीड़िता को झांसा देकर अपने साथ 18 नवंबर 2024 को उत्तराखंड के रामनगर घुमाने ले गया. यहां उसने पहाड़ से धक्का देकर पीड़िता को मार डालने की कोशिश की. खुद को बचाने के चक्कर में पीड़िता और आरोपित की हाथापाई हुई. इसी दौरान पीड़िता के हाथों में चोट भी लग गई. पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने ताबिश पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने ताबिश के खिलाफ धारा 323, 313, 506 और धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया है. इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

## पेंशनर्स की समस्याओं का निस्तारण करने के उद्देश्य से 17 दिसंबर, 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का होगा आयोजन

गौतम बुद्ध नगर 09 दिसंबर, 2024 डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जनपद के पेंशनर्स को जानकारी देते हुए बताया कि 17 दिसंबर 2024 को सुबह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में पेंशनर्स की समस्याओं का निस्तारण कराने के उद्देश्य से पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जाएगा। जनपद के पेंशनर्स आयोजित होने वाली पेंशनर्स दिवस में उपस्थित होकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालय अध्यक्षों एवं आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित तिथि एवं समय पर पेंशनर्स दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, ताकि जनपद के पेंशनर्स की समस्याओं का निदान किया जा सके।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## बसपा के जिला कार्यालय पर बैठक संपन्न

### विधानसभा अध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुमार एडवोकेट व प्रदीप कुमार एडवोकेट को गाजियाबाद विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनीत करने की घोषणा

**दैनिक समाज जागरण**

लोनी गाजियाबाद बहुजन समाज पार्टी के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित एडवोकेट ने संगठन के प्रदेश पदाधिकारी से सहमति के बाद लोनी विधानसभा 53 के विधानसभा अध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुमार एडवोकेट व प्रदीप कुमार एडवोकेट को गाजियाबाद विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनीत करने की घोषणा की है। बसपा के जिला कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित एडवोकेट ने कहा कि पार्टी व संगठन को मजबूत करने के लिए बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के दिशा निर्देश व



संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति के बाद जितेंद्र कुमार एडवोकेट को लोनी विधानसभा के अध्यक्ष पद पर व प्रदीप कुमार एडवोकेट को गाजियाबाद विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनीत करने की घोषणा की है ।

दोनों पदाधिकारियों की घोषणा के बाद लोनी तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जे पी शर्मा महासचिव विजय आनंद उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा सचिव सरफराज अहमद, हरेंद्र बौद्ध लोनी विकास समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने दोनों पदाधिकारी को मनोनीत किए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बसपा संगठन को मजबूती मिलेगी। उपस्थित पदाधिकारियों ने मनोनीत दोनो पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया है।

## लक्ष्मी गौ रक्षक ट्रस्ट की टीम ने मृत्यु नंदी महाराज का अंतिम संस्कार

लोनी सेवा धाम चौकी कृष्ण विहार फेस 2 के पास एक नंदी महाराज की अचानक से मृत्यु हो गई सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर नंदी महाराज को हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया मौके राहुल हिंदू अंकुश मोहित राजू एवं पुलिस प्रशासन मौजूद रहे गया आपका अपना अंशु पहलवान अध्यक्ष लक्ष्मी गौ रक्षक ट्रस्ट



## भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी का हिंडन एयरबेस पर किया भव्य स्वागत।

**दैनिक समाज जागरण**

गाजियाबादः देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद का विमान दोपहर 1:30 बजे हिंडन हवाई अड्डे पर उतरा । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी कैबिनेट




पर उतरने की सूचना के बाद जन प्रतिनिधियों व भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत सूक्ष्म बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी दूसरे विमान से हरियाणा के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां से रवाना हो गए।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान आज दोपहर गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर पहुंचा प्रधानमंत्री के आगमन की खबर मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा संगठन के प्रदेश पदाधिकारी हिंडन एयर बेस पर पहुंच गए प्रधानमंत्री मंत्री सुशील शर्मा ,सांसद अतुल गर्ग मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर एमएलसी दिनेश शर्मा जिला अधिकारी गाजियाबाद इंद्र विक्रम सिंह पुलिस आयुक्त गाजियाबाद कमिश्नर रेट अजय कुमार भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी भाजपा के जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी भाजपा के क्षेत्र उपाध्यक्ष मयंक गोयल इस अवसर पर मौजूद रहे।

## आंखो का निशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन आज

**दैनिक समाज जागरण**

लोनी गाजियाबाद। नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 55 में डॉ, सलीमुद्दीन फाउंडेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के कार्यालय पर कल आंखों का निःशुल्क चैकअप कैंप आयोजित किया जा रहा है। डा सलीमुद्दीन फाउंडेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि कैम्प नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 55 में लाल के अस्पताल के सामने,शहिद सभासद की कोठी के बराबर में ट्रस्ट कार्यालय पर सुबह दस बजे प्रारंभ होगा। जिसमें आंखों का निःशुल्क चैकअप और फ्री में चश्मों का भी वितरण किया जायेगा।

**तुरंत आवश्यकता**

तेजी से फैलते हुए दैनिक समाज जागरण को भावना प्रधान युवक युवतियों की आवश्यकता है - देश के हर कोने सहित चंडीगढ़ देहरादून दिल्ली अम्बाला शिमला हरिद्वार के लिए ब्यूरो /एंकर की आवश्यकता है -तुरंत बायोडाटा आधार सहित भेजिए - whatsapp Email, vatankiawaz@gmail.com

## जिलाधिकारी ने श्रावस्ती महोत्सव में लगाये गये विभिन्न स्टालों का किया निरीक्षण, स्टालों व दुकानों से महोत्सव के बारे में लिया फीडबैक

### जिलाधिकारी ने महोत्सव में आये छात्र-छात्राओं के साथ कराया फोटो सेशन

जनपद श्रावस्ती,जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 06 दिसम्बर से चल रहे ''श्रावस्ती महोत्सव'' में लगाए गए सभी स्टॉलों व दुकानों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों यथा ओ०डी०ओ०पी०, आई०सी०डी०एस०, कृषि, ग्रामोद्योग, कौशल विकास मिशन, बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा, फर्नीचर एवं ट्राइबल क्राफ्ट व दूर दराज से आये हुए दुकानदारों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के फूड



स्टालों का निरीक्षण किया तथा दुकानदारों से महोत्सव के बारे फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने मेले में विनोद सिंह द्वारा लगाये गये स्टॉल पर रूककर मूंग दाल का सैंडविच खाया और ओ०डी०ओ०पी० योजनान्तर्गत लगाए गए स्टालों में से एक स्टॉल से घर में प्रयोग के लिए एक मैट भी खरीदा। जिलाधिकारी ने सभी का भुगतान स्वयं यू०पी०आई० के माध्यम से किया। महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों के साथ ही साथ उन्होंने ओ०डी०ओ०पी० के तहत लगाये गये विभिन्न स्टालों क्रमशः आजमगढ़ की रेशमी साड़ी, सीतापुर की दरी, कन्नौज का इत्र उत्पाद, बहराइच का गेहूं के डंठल से बने हस्तशिल्प उत्पाद, जनपद श्रावस्ती के थारू जनजातीय हस्तशिल्प के द्वारा बनाये गये टोकरी, चटाई, पेन बॉक्स आदि सामानों का अवलोकन भी किया

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल लाई रंग, नोएडा एयरपोर्ट पर पहली बार उतरा विमान

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने किया परीक्षण उड़ान का सफल संचालन, 2025 में शुरूआत की ओर बढ़ाए कदम

**विगत 25 नवंबर 2021 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रखी थी आधारशिला**

**उत्तर प्रदेश का पांचवा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर)**

गौतम बुद्ध नगर, 09 दिसंबर 2024: उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पहल सोमवार को रंग ले आई, जब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर पर पहली बार विमान उतरा। कई दशकों से देखा गया यह सपना माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में 9 दिसंबर 2024 को आखिरकार पूरा हो गया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (ठक्अ) ने आज अपनी परीक्षण उड़ान (वैलिडेशन फ्लाइट) में सफलता हासिल कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। एयरोड्रम लाइसेंसिंग प्रक्रिया का यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर हवाई जहाज उतारने का कार्य नियाल व यापाल द्वारा रिकॉर्ड 03 साल 02 महीने व 11 दिन की अवधि में संभव कर दिखाया, जिसकी आधारशिला भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 25 नवंबर 2021 को रखी थी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सरकार के





सिविल एविएशन मिनिस्टर श्री के राम मोहन नायडू, डॉ महेश शर्मा माननीय सांसद, धीरेंद्र सिंह माननीय विधायक जेवर, एस पी गोयल ए सी एस माननीय मुख्यमंत्री जी/सिविल एविएशन यू पी, लक्ष्मी सिंह पुलिस कमिश्नर, अमित सिंह सचिव माननीय मुख्यमंत्री जी, डॉ अरुण वीर सिंह सी ई ओ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट/यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण, मनीष वर्मा जिलाधकारी, कुमार हर्ष निदेशक नागरिक उड्डयन यू पी, क्रिस्टोफ शेलमैन सी ई ओ यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट, किरण जैन सी ओ ओ, आशुतोष चतुर्वेदी हेड एडमिनिस्ट्रेटिव, नंदकिशोर सुन्द्रियाल, सुरभि राणा सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थित में यह उपलब्धि हासिल की गई।

एयरपोर्ट के लिए लॉन्च कैरियर इंडिगो की ओर से संचालित उड़ान ने एयरपोर्ट की एप्रोच प्रक्रियाओं को सत्यापित (वैलिडेट) किया, इसके नेविगेशनल एड्स और एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की सटीकता और कार्यक्षमता की पुष्टि की। यह महत्वपूर्ण कदम कमर्शियल ऑपरेशंस के लिए आवश्यक कड़े सुरक्षा और ऑपरेशनल स्टैंडर्ड्स के प्रति एनआईए की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वैलिडेशन फ्लाइट के बाद एनआईए एयरोड्रम सर्टिफिकेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज को अंतिम रूप देगा और इसे नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सौंप देगा। यह उपलब्धि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) और प्रेसिजन एप्रोच पाथ इंडिकेटर (पीएपीआई) सिस्टम के अक्टूबर में सफल कैलिब्रेशन पर आधारित है, जिसे नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और आरएनपी (आवश्यक नेविगेशन प्रदर्शन) प्रक्रियाओं के सफल सिम्युलेटर परीक्षण का समर्थन प्राप्त था। यह कैलिब्रेशन एनआईए में विमान संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा, "नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वैलिडेशन फ्लाइट्स का सफलतापूर्वक संचालन होना हमारी पूरी टीम के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि उस समर्पण और सावधानीपूर्वक बनाई गई योजना को दशार्ता है जो यह सुनिश्चित करने में लगी है कि हवाई अड्डा कमर्शियल ऑपरेशन के लिए तैयार है। हम हवाई अड्डे के उद्घाटन के लिए तैयार हैं और हवाई अड्डे पर यात्रियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।"

एयरबस ए-320 पर आरएनपी (रिक्वायर्ड नेविगेशन परफॉर्मेंस) की प्रक्रियाओं और आईएलएस प्रस्ताव की प्रक्रियाओं को टेस्ट करने के लिए इस सत्यापन फ्लाइट का आयोजन किया जा रहा है। आरएनपी नेविगेशन स्पेसिफिकेशन का एक सेट है, जिससे एयरक्राफ्ट को बेहद सटीकता के साथ बिल्कुल सही फ्लाइटपाथ पर उड़ने की सहूलियत मिलती है।

## नोएडा सेक्टर 110: सात दिवसीय मद भागवद् कथा के दूसरे दिन राजा परिक्षित जन्म कथा का भक्तो ने किया रसपान

नोएडा सेक्टर 110 स्थित रामलीला परिसर में ए के लाल मीडिया प्रभारी ने बताया की आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य सुश्री गौरंगी गौरी जी ने भक्तों को राजा परीक्षित जी की जन्म कथा को विस्तार को सुनाया। इस अवसर पर राजा परीक्षित जी की कथा सुनकर सभी भक्तगण आनंदित हुए। कथा के बीच अनेक भक्त कथा सुनकर झूम उठे। कथा कार्यक्रम के दूसरे दिन भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। नोएडा सेक्टर 110 के आस-पास के गाँव भंगेल बाजार, सलारपुर और गेझा, हाजीपुर के अलावा अनेक सोसाइटियों के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष एवं महर्षि विश्व विद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राहुल भरद्वाज महर्षि संस्थान के वित्त निदेशक राजीव अरोरा वैद्य अच्युत त्रिपाठी की



गरिमामयी उपस्थिति भी रही। श्रीमद भगवत कथा के संयोजक रामेंद्र सचान तथा यजमान श्री विनोद दीक्षित , विनीत श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, श्रीकांत ओझा सहित प्रबंध समिति के सभी गणमान्य सदस्य एवं अन्य पदाधिकारी गण और हजारो सनातन धर्म प्रेमी मौजूद थे।

## बालश्रम एवं विवाह रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक किया गया

जनपद बलरामपुर थाना ए0एच0टी0यू0 पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 05 फेज के अन्तर्गत में चौपाल लगाकर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित ग्राम छोटा रामनगर में चौपाल लगाकर बालश्रम/ भिक्षावृत्ति अपराध, बचपन बचाओ अभियान व नशे के विरुद्ध अभियान, मानव तस्करी ,बाल विवाह रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक किया गया ' दिनांक 9.12.2024 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री योगेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना ए0एच0टी0यू0 पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 05 फेज के अन्तर्गत में चौपाल लगाकर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित छोटा रामनगर में चौपाल लगाकर बालश्रम/ भिक्षावृत्ति अपराध, बचपन बचाओ अभियान व नशे के विरुद्ध अभियान, मानव तस्करी ,बाल विवाह रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा वूमेन पावर लाइन 1090 , आपातकालीन 112 , एंबुलेंस सेवा 102 /108 , महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930/155260 , मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 व मादक पदार्थों के सेवन व उनसे होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया गया। ढाबा ,वर्कशॉप मालिकों को हिदायत/ चेतावनी दिया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है ।

## मंत्रीगण महाकुंभ 2025 आयोजन की हो रही तैयारियों विशेषताओं सुविधाओं और सुरक्षा के इंतजामों की गुजरातवासियों को दी जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता रेनू गौड़ लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को अहमदाबाद में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस, रोड शो एवं संवाद कार्यक्रम के माध्यम से गुजरातवासियों को महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया।

मंत्रीगण गुजरात के अहमदाबाद में स्थित हयात होटल में मीडिया बंधुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, उद्यमियों, गणमान्य जनों से संवाद एवं रोड शो कर उन्हें महाकुम्भ-2025 के भव्य आयोजन की हो रही तैयारियों, विशेषताओं और सुरक्षा के विशेष इंतजामों की जानकारी देते हुए उन्हें महाकुम्भ में आने का आमंत्रण दिया।

आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों मंत्रियों ने गुजरातवासियों से महाकुंभ में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने महाकुम्भ को भारतीय संस्कृति, विरासत, अध्यात्म, सनातन परंपराओं, आधुनिकता और विकास का अनोखा और अद्वितीय संगम बताते हुए इसके आयोजन




की तैयारियों की जानकारी दी।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और परंपराओं को विश्व पटल पर प्रस्तुत करने का अवसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार इसे दिव्य और भव्य रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम तट पर आयोजित होने वाला महाकुम्भ देश विदेश से आए करोड़ों श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति, भारतीय चेतना , संस्कृति व अध्यात्म का अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने गुजरातवासियों से आग्रह किया कि इस महायज्ञ का हिस्सा बनें और इसे ऐतिहासिक बनाने में सहयोग प्रदान करें।

व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि महाकुंभ 2025 केवल भारत का आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति का परिचायक है। गुजरात की भूमि ने सदैव धर्म, अध्यात्म और परंपराओं के प्रति आस्था का परिचय दिया है। महाकुंभ का संगम भारत के सभी हिस्सों से जुड़ने का प्रतीक है। उन्होंने गुजरातवासियों से निवेदन किया कि वे प्रयागराज आकर इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें और इसे सफल बनाएं।

मंत्रीगण ने बताया कि महाकुंभ में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु और सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

**उत्तर प्रदेश सरकार इसे विश्वस्तरीय आयोजन बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र होगा, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का वैश्विक मंच भी बनेगा।**

मंत्रीगण ने संवाद कार्यक्रम में बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भेजा गया महाकुम्भ 2025 का आमंत्रण पत्र लेकर रविवार को गुजरात आए। गांधीनगर में रविवार को माननीय राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मिलकर उनको गंगाजल युक्त कुंभ कलश, महाकुंभ का लोगो, आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य तथा उत्तर प्रदेश का गुड़ भेंट किया गया और उन्हें महाकुम्भ में आने के लिए अनुरोध किया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दिव्य और भव्य रूप से आयोजित होने वाले महाकुम्भ पर प्रसन्नता व्यक्त की और महाकुम्भ में आने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ 2025 के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। महाकुम्भ 2025 को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के सभी प्रयास किए जा रहे। उत्तर प्रदेश सरकार इस ऐतिहासिक आयोजन को दिव्य और भव्य रूप में प्रस्तुत करने के लिए देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान चला रही है। इसी क्रम में विभिन्न राज्यों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की ओर से प्रदेश सरकार के मंत्रियों को भेजकर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख व्यक्तियों से भेंटकर उस प्रदेश के निवासियों को महाकुम्भ में आने के लिए आमंत्रिते कियो जो रहो है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर गांव की महिलाओ से की लाखो की ठगी

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**
**जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद। नौकरी दिलाने के नाम पर गांव की महिलाओं से ठगी और उनके नाम से समूह लोन लेने का मामला सामने आया है, पीड़ित महिलाओं ने तहसील पहुंचकर अपनी रो रो कर पीड़ा सुनाई। महिलाओं ने सीओ नजीबाबाद से भी मुलाकात कर उनका पैसा वापस कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। इससे पहले महिलाओं ने एसपी बिजनौर को भी शिकायती पत्र दिया था, जिसकी जांच सीओ नजीबाबाद को दी गई। तहसील क्षेत्र ग्राम भागूवाला निवासी सीमा, नसीमा, इमराना, रोशन जहा आदि महिलाओं ने एसपी बिजनौर अभिषेक झा को दिए शिकायती पत्र में कहा था कि वह गांव की सीधी सादी महिलाएं है, उनके गांव आए शहजाद, शाकिर व जावेद और




काफिला, रुकसार निवासी भागूवाला समूह लोन चलाते थे, इन्होंने हम तमाम महिलाओं को नौकरी दिलाने का झांसा दिया और एक ग्रुप बनाकर आईडी लगाई और उसपर लोन कराते हुए महिलाओं से लाखो रुपए ले लिए, इतना ही नहीं उपरोक्त लोगों ने कुछ फाइनेंस कंपनियों के लोगो से मिलवाया था, अब काफी महीने बीत जाने के बाद अब उनसे नौकरी मांगी और अपने पैसो को कहा तो उपरोक्त लोगों ने गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट की और गांव से भगा देने की धमकी दी। अब फाइनेंस कर्मचारी उनके घरों पर आकर पैसे मांग रहे है और ना देने पर घरों को नीलाम कराने की धमकी भी दे रहे है। महिलाओं ने रो रो कर अपनी पीड़ा सुनाते हुए कहा कि वह बहुत परेशान है, उनका लाखों रुपए पर हजारों का ब्याज आ रहा है। महिलाओं ने सीओ कार्यालय पहुचकर अपने बयान दर्ज कराए। वही चौकी प्रभारी भागूवाला संजय यादव ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है, मामले की जांच की जा रही है, महिलाओं की समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने केक काट कर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद। कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कांग्रेसियों ने माननीय सोनिया गांधी जी के स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना की। कांग्रेसियों ने कहा कि सोनिया गांधी महिला सशक्तिकरण ,



त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति है। वरिष्ठ कांग्रेसी सलाउद्दीन सैफी की अध्यक्षता एवं हिफजुर्रहमान फरीदी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में एम अकरम खा, रईस कुरैशी, युवा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, अमजद सिद्दीकी, नईमूल अख्तर, नदीम फारुकी, वसीम अख्तर, मोहम्मद फैज एडवोकेट, शाहबाज अख्तर, इमरान, शारिब, रिहान, फराज, दानिश, वसीम आदि रहे।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक मीटिंग का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**
**जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष अवनीश कुमार कि अध्यक्षता में और संचालन महासचिव संजीव कुमार ने किया। बैठक में निम्न बिन्दुओ पर वक्ताओ ने विचार रखे। और मांग है। ट.रढ कानून भारत सरकार द्वारा शीघ्र लागू किया जाये, नलकूप के बिल बिना शर्त माफ किये जाये, गन्ना मूल्य 500 रु कुन्तल घोषित किया जाये, बिजली विभाग का निजिकरण का भा. कि.मू. विरोध करती है, सड़को को गड्ढामुक्त किया जाये, सैदपुरी से चमरौला तक सड़क बनवायी जाये, गन्ना घटतोली रोकी जाये, क्रय केन्द्रों पर छापामारी कि



जाने, गन्ना बीज कुन्तल के भाव दिया लागे।मीटिंग में डोरी पहलवान विजय सिंह पहलवान मुख्य महासचिव शकील, संजीव अवनीश कुमार ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार जिला सचिव शिव कुमार मंडल उपाध्यक्ष अजीत, महेन्द्र सिंह मंडल उपाध्यक्ष अजयसिंह प्रान्तीय नेता, मुकुल अर्जेन्द्र सिंह , सोमवीर, रामेन्द्र सिंह, अभिषेक, पप्पू, रूपेश, जोगेन्द्र, परवेज, श्री निवास, रामअवतार,दुष्यन्त, रोहित, आदि उपस्थित रहे

# खुदाई में मिले चांदी के ऐतिहासिक सिक्के, लिखा है सन 1191, मजदूरों की आंखें चमकीं

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव करौंदा चौधर में खुदाई के दौरान पौराणिक सिक्के मिले हैं। पुलिस ने सिक्कों को कब्जे में लेकर जिला प्रशासन को सूचना दी है। सिक्के पुरातत्व विभाग को भेजे जाएंगे। गांव करौंदा चौधर में मनरेगा के अंतर्गत कब्रिस्तान की दीवार बनाई जा रही थी। रोजगार सेवक के दिशा निर्देशन में काम चल रहा था। तभी एक मजदूर को खुदाई के दौरान



मिट्टी की एक हांडी मिली। हांडी को खोलने पर उसमें से 15 सफेद रंग के पौराणिक सिक्के मिले। देखकर लगता है कि सिक्के चांदी के हैं। ग्राम प्रधान इकरार अंसारी को सूचना दी गई। इकरार अंसारी ने थाना कोतवाली देहात में जानकारी दी। मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पहुंचे और सिक्कों को कब्जे में ले लिया। राजेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन को सूचना दे दी गई है। उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार कार्य किया जाएगा। सिक्कों पर अरबी भाषा में कुछ लिखा हुआ है। एक व्यक्ति ने बताया कि सिक्कों पर सन 1191 लिखा है। 100 साल पहले यहीं बसा था गांव, अब है कब्रिस्तान जिस स्थान पर खुदाई के दौरान सिक्के मिले हैं, बताया जाता है कि लगभग 100 वर्ष पूर्व गांव यहीं पर आबाद था। माना जा रहा है कि लगभग 100 वर्ष पूर्व गांव इस स्थान से हटकर लोग दूसरे स्थान पर जा बसे।

# बॉक्सा जनजाति की बैठक में जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह पवार ने सुनी जन समस्याएं

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**
**जनपद बिजनौर**

नगीना तहसील के अंतर्गत ग्राम ढकिया बावन सराय में बुक्सा आदिम जनजाति उत्थान समिति के बेनर तले जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह पवार के नेतृत्व में उपाध्यक्ष श्री नयन सिंह कोषाध्यक्ष श्री छोटे सिंह के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया बढ़ापुर नगीना नजीबाबाद विधानसभा से आए हुए लोगों की जन समस्याएं सुनी समस्याओं का निवारण हेतु जनजाति जनजाति आश्रम पद्धति छात्रावास डाकिया बावन सराय के संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी से वार्ता भी की जिसमें हिमालयन बुक्सा आदिम जनजाति उत्थान समिति (रजि.) देहरादून उत्तराखंड महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक आहूत की गई है।हुकम सिंह जी केंद्रीय मुख्य संरक्षक हिबाजूस उत्तराखंड/ बाजूस उत्तर प्रदेश बलवन्त सिंह पंवार



अध्यक्ष बाजूस बिजनौर केंद्रीय संरक्षक हिबाजूस देहरादून उत्तराखंड सतीश कुमार केंद्रीय महासचिव हिबाजूस देहरादून उत्तराखंड बिजनौर के पदाधिकारीगण वीर सिंह संरक्षक बाजूस राजू सिंह महासचिव बाजूस टीकम सिंह पंवार मीडिया प्रभारी बाजूस बलवीर सिंह हरिद्वार इकाई के हि बाजूस पदाधिकारीगण कमल सिंह जिला संरक्षक विजेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष क्षितिज कुमार जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह जिला संगठन सचिव चतर सिंह जिला सदस्य अजय कुमार जिला सदस्य पौड़ी गढ़वाल इकाई कोटद्वार के पदाधिकारीगण रोशन कुमार वरिष्ठ जिला उपाध्यक्षदेवांग सिंह जिला सचिवविनय कुमार उपाध्यक्ष बाजूस योगेश कुमार जिला मीडिया प्रभारी शोभन कुमार जिला सदस्य सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।पुनीत कुमार जिला मीडिया प्रभारी हरिद्वार इकाई लालढांग का महत्वपूर्ण योगदान रहा

# बिजनौर के चिकित्सक द्वारा जैविक खेती और विविधिकरण की जा रही पहल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर। जैविक खेती और विविधीकरण से जुड़े हुए अनेक प्रगतिशील कृषकों के बीच पेशे से चिकित्सक डॉ. सत्यपाल ने जनपद बिजनौर में अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिला मुख्यालय से जलालपुर रोड पर लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम गुडियापुर, विकास खंड हल्दौर में कृषि भूमि को जैविक तरीके से करवाया जा रहा है। जैविक खेती के लिए देसी गाय की आवश्यकता होती है और इसी की पूर्ति के लिए फार्म पर चार देशी गाय रखी गयी हैं जिनसे परिवार के लिए दूध तथा जैविक खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं। जीवामृत और घनजीवामृत का प्रयोग पोषक तत्वों की उपलब्धता के लिए किया जा रहा है। फार्म पर सिंचाई के लिए सोलर पंप स्थापित है जो कृषि के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। गेहूं व मसूर की बुवाई के लिए बेड ट्रांसप्लांटर का प्रयोग किया गया है। वर्तमान में गेहूं की फसल का अंकुरण हो गया है। दो नालियों के बीच 46 इंच की चौड़ाई में गेहूं की




पांच लाइने बोयी गई हैं। इस विधि से फसल की सिंचाई में नालियों में पानी दिया जाएगा तथा दो नालियों के बीच सीपेज के द्वारा फसल को पानी मिलेगा। सतही सिंचाई में आवश्यकता से अधिक पानी का प्रयोग होने के कारण फसल पीली पड़ जाती है तथा जमीन में वायु परिसंचरण कम होने से फसल प्रभावित होती है। इस विधि से खेती करने में पानी की बचत होगी तथा अच्छी उपज मिलेगी। परंपरागत खेती से हटकर विविधीकरण के रूप में केला, पपीता, अमरूद, आम, बेर, मोसमी, सौंफ, प्याज, लहसुन, धनिया को घरेलू उपयोग के लिए उगाया जा रहा है। विशेष बात यह है कि पाकचोय जैसी लीफी वेजेटेबल भी पैदा की जा रही है। यह पत्तेदार सब्जी है जो सलाद के रूप में भी काम आती है। उसकी खुशबू बंद गोभी और पालक के बीच की होती है। पाकचोय को एशियाई व्यंजनों में महत्वपूर्ण दर्जा प्राप्त है। एक चिकित्सक द्वारा जैविक कृषि विविधीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। जनपद के लिए यह गौरव के साथ-साथ अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक नवाचार है। प्रगतिशील कृषक शरद कुमार, ग्राम हरगनपुर, विकासखंड कोतवाली ब्रह्मपाल सिंह, ग्राम अगरी, विकास खंड हल्दौर, योगेंद्र पाल सिंह योगी सेवानिवृत्त विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विभाग, गिरीश चंद्र उप कृषि निदेशक बिजनौर द्वारा प्रक्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा डॉक्टर सत्यपाल के साथ अनेक बिंदुओं पर पर चर्चा की गई।

# वारंटी के खिलाफ अभियान के दौरान पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

**दैनिक समाज जागरण जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

अफजलगढ़। एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष योगेश चौधरी के नेतृत्व में क्षेत्र में अपराधियों सहित वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सोमवार को थानाध्यक्ष योगेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि




उच्च अधिकारियों के आदेश पर क्षेत्र में वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक टीम गठित की गई जिसमें एसआई शेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। वारंटी के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिसके आधार पर छापेमारी के दौरान बिजेंद्र पुत्र शिम्भू दयाल निवासी गांव टांडा हिदायतपुर थाना अफजलगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई शेर सिंह,कांस्टेबल सचिन कुमार तथा एचजी चंद्रपाल आदि उपस्थित रहे।

# बुक्सा आदिम आदिवासी लोगों ने ली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**
**जनपद बिजनौर**

नगीना विधानसभा के अंतर्गत आने वाले बॉक्सा आदिम आदिवासी जनजाति के ग्राम ढकिया बावन सराय में अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह पवार के नेतृत्व में सुभाषपा का सदस्यता अभियान चलाया जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं फायर ब्रांड नेता ओमप्रकाश राजभर के विचारों को मध्य नजर रखते हुए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ली पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी



रणवीर सिंह निराला ने सैकड़ो लोगों को प्राथमिक रसीद काटकर एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया और कहा हम सब नेताजी ओमप्रकाश राजभर के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे समाज में जागरूकता लाएंगे कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ ने जिलाअध्यक्ष बलवंत सिंह पवार सिंह हुकम सिंह सतीश कुमार कमल सिंह विजेंद्र कुमार चतर सिंह गजेंद्र सिंह अजय कुमार राजू सिंह क्षितिज कुमार रोशन कुमार छोटे सिंह शोभन सिंह योगेश विनय कुमार टीकम सिंह बलबीर सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित है

# नजीबाबाद मे वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव उद्घाटन समारोह से पहले रेलवे स्टेशन पर चला सफाई अभियान

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव उद्घाटन समारोह मंगलवार को होगा, जिसको देखते हुए रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार नजीबाबाद में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के उद्घाटन में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी सहित अनेक भाजपा नेताओं का पहुंचने का अनुमान है और अनेक रेलवे अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 22546 वंदे ठहराव के उद्घाटन के दिन सायं 4 बजकर सत्रह मिनट पर



नजीबाबाद स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचेगी। नजीबाबाद में पहले दिन ट्रेन लगभग पन्द्रह मिनट से बीस मिनट तक रुकने की संभावना है और उसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हो जायेगी। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का जोरदार स्वागत किया जाएगा। जिसके लिए रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान भी चलाया गया। नजीबाबाद स्टेशन होकर चलने वाली यह पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जोकि नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।

# सोनिया गांधी के जन्मदिन पर किया गया रक्तदान

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर संयुक्त चिकिसालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कांग्रेस के संभल के जिला समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सामाजिक सद्भाव रक्तदान शिविर लगभग 11 यूनिट रक्त दान किया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि हमारी नेता सोनिया गांधी को रक्तदान से अच्छा उनके जन्म दिवस पर कोई उपहार कांग्रेस जनौ की ओर से हो ही नहीं सकता। आज भाजपा जिस तरीके से समाज में विषाक्त माहौल उत्पन्न कर रही है और भाजपा के नेता दिन प्रतिदिन बयान देकर के जिस तरीके से देश के माहौल को बिगाड़ना चाहते हैं यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है जिस तरीके से बाटोगे तो काटोगे किस सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर




करती है। यह लोग भारत के लोकतांत्रिक एवं सेकुलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस अपने वचन पर प्रतिबध है और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए राजनीतिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक हर तरीके से लड़ने के लिए तैयार है। इस मौके पर कार्यवाहक शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष कल्पना सिंह, एआईसीसी हाजी मरगूब आलम, जिला उपाध्यक्ष आरिफ तुर्की, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष शानू खान, युवा प्रदेश सचिव सलमान तुर्की, शहर उपाध्यक्ष मोहम्मद शफी सैफी एवं अकील अहमद विकेश ठाकुर, मोहम्मद अली, मोहम्मद नौमन, भूरा अली, मोहम्मद कैश, हबीब अहमद व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा पीएम श्री विद्यालय पाठकपुर का किया गया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई/संभल। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विकासखंड बहजोई के पीएम श्री विद्यालय पाठकपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को चैक करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय की भूमि पर जो अवैध कब्जा है उसको शीघ्र ही हटवाना सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्य, पाथ वे ,मुख्य द्वार, शौचालय आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 31 दिसम्बर तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा विद्यालय के बच्चों के साथ तिथि भोजन भी किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी



द्वारा विकास खंड जुनावई के पी. एम. श्री विद्यालय मिजार्पुर का निरीक्षण किया। विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर लेखपाल को निर्देशित किया एवं विद्यालय के निर्माण कार्य को 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात विकासखंड जुनावई के पी. एम. श्री विद्यालय खेरिया रुद्र का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा टीन शेड को लेकर एई आर ई डी एवं एडीओ पंचायत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शैक्षणिक कार्य सही ना करने के कारण सहायक अध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सीपी सिंह सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी बचाओ योजना के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भल। जिलाधिकारी के दिशानिदेर्शों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी बचाओ योजना के अंतर्गत चंदौसी के रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज व बीएमजी पीजी डिग्री कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वह विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें, सुरेश कुमार व ब्लैक बेल्ट होल्डर महिला कोच गरिमा तोमर ने सभी छात्राओं को फ्रंट



किक, फ्रंट पंच, वन हैंड सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी, सभी छात्राएं आत्मरक्षा शिविर में काफी उत्सुक दिखाई दीं । महिला खिलाड़ी काजल, श्रष्टि, ज्योति ने सहयोग किया। इसके साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों को लेकर तराई किसान यूनियन के गतिअवरोध निर्माण की मांग लाई रंग

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। सड़क हादसों को लेकर तराई किसान यूनियन के गतिअवरोध निर्माण की मांग रंग लायी और पीडब्लूडी विभाग ने निर्माण शुरू करा दिया। क्षेत्र के लाडम सराय संभल-बहजोई मार्ग पर मंदिर के सामने गतिरोधक निमार्ण के लिए पीडब्लूडी के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा था।ज्ञापन के माध्यम से



तराई किसान यूनियन ने मांग की थी की घानी आबादी वाले क्षेत्रों में गतिअवरोधक निमार्ण होना बहुत आवश्यक है। गतिअवरोधक न होने की वजह से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। 14 नवम्बर को लाडम सराय संभल-बहजोई मार्ग पर मंदिर के सामने गतिअवरोधक न होने की वजह से एक दुर्घटना हो गई थी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। लाडम सराय संभल-बहजोई मार्ग पर मंदिर के सामने गतिअवरोधक न होने की वजह से मंदिर मे आने जाने वालो को भी बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। तराई किसान यूनियन ने ज्ञापन के माध्यम से मांग थी की अगर 18 नवम्बर तक तक गतिरोधक का निर्माण नही कराया गया तो तराई किसान यूनियन लाडम सराय संभल-बहजोई मार्ग पर मंदिर के सामने धरना प्रदर्शन करेगी। किसी कारण बस गतिरोधक का कार्य नहीं हो पाया था। मगर सोमवार को गतिरोधक का कार्य शुरू हो गया है। आज वहां के स्थानीय लोगों ने तराई किसान यूनियन के सभी कार्यकताओं को सम्मानित किया। कार्यकताओं में प्रदेश सचिव मोहम्मद रफी खान, जिला अध्यक्ष मोहम्मद नदीम खान, नवाब साद आदिल, खालिद खान, हाजी जमरूद, मुजफ्फर किदवई, नफीस अहमद युवा जिला सचिव संभल, हाजी मोहम्मद अफजल जिला सचिव, शफीक मंसूरी, फरमान अहमद, नवीन प्रजापति, लाडम सराय प्रधान प्रमोद सैनी, मोहर पाल सिंह और सैनी समाज के बहुत से पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे।

# क्रिकेट खिलाड़ी यशवर्धन सिंह का अंडर 23 वनडे में हुआ चयन

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

ओलंपियन विवेक सिंह क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी यशवर्धन सिंह का सलेक्शन उत्तर प्रदेश के अंडर 23 के वनडे टीम में हुआ। इसके पहले भी यशवर्धन सिंह अंडर 23 के डेज मैच में भी शामिल रहे,और उनका शानदार प्रदर्शन था। इंडिया यूनिवर्सिटी के टीम में भी वह ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ गजब का विस्फोटक बल्लेबाजी किया था। 43 गेंद पे 99 रन नॉट आउट,जो कि मुम्बई में खेला गया था।दूसरे मैच ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी



के खिलाफ यशोवर्धन ने 26 गेंद पर 80 रन की पारी खेली। वाराणसी के एक और खिलाडी आशीष यादव का भी सेलेक्शन अंडर 23 उत्तर प्रदेश के टीम में है । विवेक अकादमी के डायरेक्टर सीमांत सिंह व कोच चन्द्र प्रकाश वर्मा और राजकुमार गुप्ता ने शुभकामनाएं दिया। यशोवर्धन के पिता मृत्युंजय कुमार सिंह बीएलडब्लू के निरीक्षण विभाग और माता कम्पोजिट विद्यालय में टीचर हैं। दादा सुरेंद्र प्रताप सिंह केराकत में चिकित्सक हैं जो गरीबों को निःशुल्क चिकित्सा प्रदान करते हैं। मूलतः चकरा ,डोभी के निवासी है जो बचपन से ही क्रिकेट सीख रहा है।

# पीएचसी हरहुआ द्वारा घर -घर 3483 नौनिहालों को पिलाई गई पोलियो ड्राप

**समाज जागरण**

4मेडिकल ऑफिसर 23 सुपरवाइजर निगरानी पर हैं मुस्तैद।

समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी पीएचसी हरहुआ द्वारा विकास खण्ड में सोमवार को घर -घर जाकर 3483 नौनिहालों को पोलियो की दवा पिलायी गई।

इस बाबत पीएचसी प्रभारी हरहुआ डा०सन्तोष कुमार ने बताया कि 0 से पांच वर्ष तक के39406 नौनिहालों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। टीमों की निगरानी हेतु 4 मेडिकल ऑफिसर व 23 सुपरवाइजर लगाये हैं। जो सेक्टर वाइज निगरानी रखकर किसी समस्या




का समाधान कर दवा पिलवाने में मदद करेंगे। रविवार को बूथों पर कुल 22114 बच्चों को और आज सोमवार को घर घर जाकर आशा ,एएनएम व अन्य ने कुल3483 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई गई। दो दिनों में कुल 25597 बच्चों को ड्राप पिलाई गई।किसी भी दशा में शत प्रतिशत रिजल्ट टीम द्वारा पूरी कर ली जाएगी। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता ,बीपीएम बसंतलाल श्रीवास्तव ,चीफ फार्मासिस्ट आई0ए0 सिद्दीकी ,फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्र पुरूष रूपेश पांडेय को भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

काशी विद्यापीठ के केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में सोमवार को प्रबोधिनी फाउण्डेशन और प्रबुद्धजन काशी के तत्वाधान में बहुमुखी प्रतिभा के धनी राष्ट्र पुरूष रूपेश पांडेय को भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिये श्रद्धान्जली सभा आयोजित किया , जिसमें विविध सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनो के नेतृत्वकर्ताओ ने पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विचारक रुपेश पांडेय को भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। मुख्य अतिथि अब्दुल कलाम तकनीकि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति श्री पी के मिश्रा ने कहा कि रुपेश पांडेय आजादी बचाओ अंदोलन के नायक थे। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों को आंदोलन से जोड़ने का काम किया। उन्होंने आजादी बचाओ आंदोलन में अडिग योद्धा की भूमिका निभाई, रुपेश पांडेय रिश्ते को मधुरता से निभाने वाले व्यक्ति थे। उनका हर विचारधारा के लोगों से आत्मीय लगाव था। इसलिए हर दल-वर्ग के लोग उनका आदर करते थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्य वक्ता पूर्व पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निवारण आर एन सिंह ने कहा कि रुपेश पांडेय के विचार और कार्य में एकरुपता थी। वे आजीवन समाज



को नई दिशा देने के लिए चिंतनशील रहे। वे महात्मा गांधी के अनुयायी ही नहीं गांधी चिंतन के उपासक भी थे। उन्होंने देशभर में भ्रमण कर स्वदेशी का प्रचार किया। स्वदेशी ही उनका जीवन था। सभा की अध्यक्षता कर रहे महात्मा गांधी काशीविद्यापीठ पत्रकारिता संस्थान के निदेशक प्रो. नागेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि रुपेश पांडेय असाधारण प्रतिभा के धनी थे। रूपेश जी गांधी विचार के प्रचार प्रसार के साथ अन्ना आंदोलन, पर्यावरण बचाओ, भारत स्वाभिमान, गोरक्षा, और काला धन विरोधी आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये। सभा का संचालन प्रबुद्धजन काशी के अध्यक्ष डा संजय सिंह गौतम ने किया एवं प्रबोधिनी फाउण्डेशन के महासचिव विनय शंकर राय "मुन्ना", सर्वसेवा संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रामधीरज, गंगापुर परिषर के पूर्व प्रभारी डा नंदू सिंह, एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय, राष्ट्रीय स्वाभिमान अंदोलन के बृजेश सिंह, अधिवक्ता प्रथमेश पांडेय, भूपेन्द्र सिंह " रिन्टू", भारत विकास संगम के संजय शुक्ला, राजेश राय "डब्लू", काशीविद्यापीठ के पूर्व उपाध्यक्ष विश्वनाथ कुंवर, पत्रकार ऐ के लारी , अजय चतुर्वेदी, स्वस्थ रसोई स्वच्छ रसोई संतोष बिहारी लाल, जगन्नाथ ओझा, गोआश्रय स्थल सचिन तिवारी, पूर्व महामंत्री नीरज सिंह, श्री नर्मदा नूदिनी सेवा संस्थान सुश्री स्नेहलता , सम्पूर्णानंद विश्विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष गिरजानंद चौबे, पत्रकार प्रणय सिंह, देव कुमार "राजू", रामलखन गुप्ता " छोटू", दिनेश सिंह, विनय कान्त मिश्रा, कृष्ण मूर्ति सिह, समीर मिश्रा, रजनीश चौरसिया, नागेश्वर प्रताप सिंह, शिव धनी पाठक, सर्वजीत शाही, नंदलाल यादव, अधिवक्ता हरिओम इत्यादि ने विचार व्यक्त किया

# पुरानी रंजिश में चले लाठी डंडे, एक रेफर

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

सिंधोरा थाना क्षेत्र के चकरमा गांव में बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट व लाठी डंडे चले। जिससे दोनो पक्षों के लोग घायल हो गए। जिसमे एक लोगों को दीनदयाल अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस को दिए एक पक्ष के सुरेन्द्र पांडेय व दूसरे पक्ष के सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने एक दूसरे के ऊपर हमला करने और गाली गलौज देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसपर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मारपीट में उपेंद्र मिश्रा को गम्भीर चोटें आईं जिन्हें गंगापुर स्थित सीएचसी से दीनदयाल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# विद्युत उपकेंद्र हरहुआ से अकला फीडर से 05 घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र हरहुआ से निर्गत 11केवी अकला फीडर से पोषित गाँवलोढान ,वीरापट्टी,सिकंदरपुर , खानपुर ,सरसवा ,परमानन्दपुर , होलापुर गाँव की विद्युत आपूर्ति विशेष कारणों से 10 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक दोपहर 11बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं की समस्या के लिए खेद है। आप सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा है। उक्त आशय की जानकारी उपखण्ड अधिकारी द्वितीय हरहुआ अभिजीत कुमार साह व अवर अभियंता लालब्रत प्रजापति द्वय ने दी है।

# दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर (वाराणसी)**

जंसा थाना क्षेत्र के खिल्लूपुर गांव निवासिनी शकुंतला देवी पत्नी राजकुमार ने जंसा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि हमारे जेठ पारस पटेल ने रविवार को आपसी विवाद को लेकर गाली गलौज और डंडों से मारपीट दिया। जिससे हमारे बाएं हाथ में गंभीर चोटे आई हैं। वहीं घटना को लेकर जब हमने विरोध जताया तो मौके से गंदी-गंदी गालियां देते हुए भाग निकले वही इस मामले में जंसा पुलिस ने धारा 115(2) 352 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत करके मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# उप जिलाधिकारी राजातालाब की अधिवक्ता विधिक सेवा संघ ने की सराहना

**समाज जागरण विनीत कुमार सिंह राजातालाब वाराणसी**

तहसील राजातालाब के उप जिलाधिकारी साई आश्रित के क्रियाकलाप को देखते हुए अधिवक्ता विधिक सेवा संघ ने उनकी सराहना की है। साई आश्रित युवा आईएएस है। वे अपनी प्रशिक्षण सेवा के दौरान वर्तमान समय में राजातालाब के उप जिलाधिकारी पद पर तैनात है। अधिवक्ता विधिक सेवा संघ के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव उपाध्याय ने कहा कि उप जिलाधिकारी साई आश्रित सभी की समस्याओं को ध्यान से सुनते हैं और उसका ससमय निस्तारण भी कराते हैं। अधिवक्ता नीरज पांडेय ने कहा कि उप जिलाधिकारी मौका मुआयना करने के लिए गांव में मौके के स्थान पर पहुंच जाते हैं। यह उनकी क्रियाशीलता का परिचायक है। अधिवक्ता प्रदीप सिंह और तोयज सिंह का कहना है कि उप जिलाधिकारी अधिवक्ताओं



के साथ चर्चा करके समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहते हैं। अधिवक्ताओं के कथन को ध्यान से सुनते हैं और कहीं भी कोई विभागीय या मानवीय चूक रहता है तो उसे समय से दुरुस्त करा देते हैं। तहसील राजातालाब के अधिवक्ताओं के बीच उप जिलाधिकारी साई आश्रित द्वारा खड़े होकर जन समस्याओं को सुनने और उनके समाधान करने का फोटो वायरल हो रहा है। अधिवक्ताओं का कहना है कि उप जिलाधिकारी एक अच्छे आइएएस होने के साथ ही एक नेक इंसान भी है। अधिवक्ताओं ने कहा कि वायरल फोटो से क्षेत्र की जनता के बीच भी उप जिलाधिकारी की अच्छी साख बन रही है। लोगों का कहना है कि लोगोंका काम होना दूसरा चरण है।प्रथम चरण में अधिकारी जब लोगों की जन सामान्य पीड़ित पक्ष की बात को अच्छे तरीके से सुनते हैं तो जनता को लगता है कि उसका आधा काम हो गया और उसे न्याय भी मिलेगा।

# भैठौली मे अब तक साढ़े तीन हजार कुंतल धान की हुई खरीद

### एडीओ हरहुआ ने धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी महेश कुमार बंका के निर्देश पर एडीओ सहकारिता प्रदीप कुमार व शाखा प्रबंधक डीसीबी आयर सुधीर रंजन द्वारा धान क्रय केन्द्र भैठौली सहकारी समिति का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित सचिव अभय सिंह ने बताया कि अब तक 48 किसानों से कुल 3357.20 कुंटल धान खरीद हुई है। इसमे 45 किसानो के खाते मे धान का मूल्य प्रेषित किया जा चुका है।शेष किसानो के खाते मे भी एक दो दिनो मे धनराशि पहुंच जाएगी। निरीक्षण मे केन्द्र पर बैनर , इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमीमापक यंत्र, और



आवश्यक स्टेशनरी पाई गई। केन्द्र प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि अभी डिलीवरी मात्र 1406 कुंटल की हुई है।एडीओ सहकारिता ने सचिव को निर्देशित किया कि क्रय एजेंसी से संपर्क करके तत्काल डिलीवरी कराना सुनिश्चित करे । केन्द्र प्रभारी ने अवगत कराया कि केन्द्र पर 9000 बोरा आनलाईन प्राप्त हुआ था जिसमे वर्तमान मे 607 बोरा अवशेष है। एडीओ हरहुआ ने केन्द्र पर उपस्थित अन्य लोगो से बात की और धान क्रय के बारे मे किसानो का फीडबैक लिया। सचिव को निर्देशित किया कि समिति मे सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत समिति मे संचालित सीएससी से ट्रांजैक्शन बढ़ाना सुनिश्चित करें। एडीओ प्रदीप कुमार ने सचिव को निर्देशित किया कि क्रय नीति का अनुपालन करते हुए मानक के अनुरूप धान खरीद कर लक्ष्य पूर्ण करें।

# शिक्षक को मिला सांसद खेल प्रतियोगिता में राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल

**समाज जागरण विनीत कुमार सिंह राजातालाब वाराणसी**

श्री मालवी महाविद्यालय इंटर कॉलेज शाहंशाहपुर के खेल शिक्षक डॉ देवेश कुमार ने राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। देवेश कुमार ने 40 प्लस आई वर्ग में राइफल शूटिंग में हिस्सा लिया था। रायपुर शूटिंग का आयोजन बनारस क्लब कचहरी में आयोजित हुआ था। खेल शिक्षक को गोल्ड मेडल मिलने पर विद्यालय के शिक्षकों और



स्थानीय अभिभावकों ने उन्हें बधाई दी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुसर्रत इस्लाम ने कहा कि डॉ देवेश के इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों छात्रों और अभिभावकों को गर्व है। विद्यालय पहुंचने पर सोमवार को डॉक्टर देवेश कुमार का अभिनंदन किया गया।

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए जनपद के 10 प्रतिभागी चयनित

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग आगरा के तत्वाधान में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ आर. पी. शर्मा के निर्देशन में 52 वीं बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का मण्डल स्तरीय आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज, शाहगंज, आगरा में जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा, प्रधानाचार्य मानवेन्द्र सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ निखिल जैन के संयोजन में किया गया। जनपद फिरोजाबाद के नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी है। इस प्रदर्शनी में सभी सात उपविषयों पर आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा एवं मैनपुरी के प्रतिभागियों ने विभिन्न मॉडल इलेक्ट्रिक पिलर करंट अलर्ट सिस्टम, स्मार्ट सिटी, किडनी मॉडल, सेफ्टी वॉच, वायु प्रदूषण, अम्ल वर्षा, नाईट स्ट्रीट लैम्प, कार्बन गन, लेजर सेक्युरिटी डोर, पेरिस्कोप आदि प्रदर्शित किए गए थे। जिनका निर्णायक मण्डल द्वारा अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी के अंतिम दिवस पर डॉ निखिल जैन एवं श्रीमती नेहा अग्रवाल द्वारा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें जनपद फिरोजाबाद के 21 प्रतिभागियों ने अलग अलग वर्ग एवं विषय पर स्थान प्राप्त करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। जिसमें 10 ने प्रथम, 07 ने द्वितीय एवं 04 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में अमित तृतीय, यातायात एवं संचार में युवराज प्रथम, प्राकृतिक खेती में गुनगुन प्रथम, आपदा प्रबंधन में वासुदेव प्रथम, गणित एवं कंप्यूटेशनल सोच में सुशांत प्रताप सिंह एवं एकता ने तृतीय स्थान, कचरा प्रबंधन में आराध्या द्वितीय, प्रिंस उपाध्याय तृतीय एवं संसाधन प्रबंधन में साधना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में कु वर्षा द्वितीय, यातायात एवं संचार में मनीष द्वितीय, आपदा प्रबंधन में शौर्य सक्सेना द्वितीय, गणित एवं कंप्यूटेशनल सोच में सचिन तृतीय स्थान, कचरा प्रबंधन में कौशल प्रताप सिंह द्वितीय एवं नेहा तृतीय एवं संसाधन प्रबंधन में आयुष शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अध्यापक संवर्ग में भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में सुमित कुमार सिंह प्रथम, प्राकृतिक खेती में सलमान वाहिद प्रथम, आपदा प्रबंधन में अश्वनी कुमार जैन प्रथम, गणित एवं कंप्यूटेशनल सोच में सृष्टि दुबे प्रथम, संसाधन प्रबंधन में नंदनी शर्मा प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद के सभी प्रतिभागियों द्वारा मण्डल स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं समस्त प्रधानाचार्य, श्रीमती मुदिता पाण्डे, नीरज कुमार जैन, राजकिशोर यादव, प्रशान्त जैन, हिमांशु भारद्वाज, राजकुमार सिंह, कमलेश शर्मा आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# मंत्री जी विद्युत विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता और उनकी कार्यप्रणाली से अत्यंत नाराज दिखें, मंत्री जी ने कहा कि अगर विद्युत विभाग के अधिकारी अपने कार्यों में सुधार नही लाए तो उन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### जन प्रतिनिधि और सरकारी कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करेंगे तो कार्यों का आउटपुट ज्यादा निकलकर सामने आएगा। समाज की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्ण पालन करें, यहीं देशभक्ति है। सभी अधिकारी सामान्य जनता और जन प्रतिनिधियों का फोन कॉल अवश्य उठाये, अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! प्रभारी मंत्री उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार योगेन्द्र उपाध्याय ने कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष



में सदर विधायक मनीष असीजा, जिलाधिकारी रमेश रंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रभारी मंत्री के समक्ष विभागवार प्रस्तुति दी गयी, और जनपद में कराए गए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित कि या कि किसी भी योजना का लोकार्पण जन प्रतिनिधियों से अवश्य करवायें। मंत्री विद्युत विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता और उनकी कार्यप्रणाली से अत्यंत नाराज दिखें, मंत्री ने कहा कि अगर विद्युत विभाग के अधिकारी अपने कार्यों में सुधार नही लाए तो उन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मा0 मंत्री जी ने कहा कि जन प्रतिनिधि और सरकारी कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करेंगे तो कार्यों का आउटपुट ज्यादा निकलकर सामने आएगा, उन्होने कहा कि कार्यों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाऐं अपने कार्यों में मानवीय दृष्टिकोण को अवश्य दृष्टिगत रखें आप सब अपनी शक्ति का इस्तेमाल संतुलन के साथ करें, सरकारी योजनाओं को तेजी के साथ क्रियान्वित करें, जिससे जनता को अपने कार्यों के लिए भटकना न पडे, उन्होने कहा कि समाज की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्ण पालन करें, यहीं देशभक्ति है, अच्छे कार्य मन को संतुष्टि प्रदान करते है और अच्छा कार्य करेंगे तभी आने वाली पीढ़िया हम सबको याद रखेंगी। प्रभारी मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को इस बात की विशेष रूप से हिदायत दी की शिलापटिट्काओं में मेयर के साथ जनपद के विधायक का नाम अवश्य अंकित हो, साथ ही साथ सभी अधिकारी सामान्य जनता के फोन कॉल को अवश्य उठाये, जो अधिकारी जन प्रतिनिधियों के फोन की उपेक्षा करेगा उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जनपद में डीएपी खाद की अनुउलपब्धता के सम्बन्ध में भी जानकारी ली जहां प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया कि जनपद में डीएपी खाद अब पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की, साथ ही उन्होने शिक्षा एवं आपूर्ति विभागों के कार्यों की प्रशंसा की, इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आगनबाड़ी, एनआरएलएम, नगर निगम, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण, पशुपालन विभाग इत्यादि आदि की समीक्षा की गयी। साथ ही साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए मानवीय एक कार्य की विशेष रूप से चर्चा की, जहां उन्होने एक दलित बच्ची को स्वंय पहल कर आर्थिक रूप से सक्षम बनाया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने किया।

# सनातन संस्कारशाला का भव्य शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फरिहा। निःशुल्क सांस्कृतिक शिक्षा प्रदान करने वाली संस्था सनातन संस्कारशाला का शुभारंभ समारोह शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देश दीपक चौहान, विशिष्ट अतिथि फरिहा थानाध्यक्ष रमित कुमार आर्य, और कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील प्रताप राजपूत मौजूद रहे। मुख्य अतिथि देश दीपक चौहान ने कहा, "सनातन संस्कारशाला बच्चों को न केवल सनातन धर्म की शिक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर रही है। यह पहल समाज के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाएगी।" कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील प्रताप राजपूत ने कहा, "आज की पीढ़ी को संस्कार और संस्कृति से जोड़ना समय की मांग है। सनातन संस्कारशाला का यह




प्रयास अनुकरणीय है।" संस्था के सचिव उमेश तिवारी ने संस्था के उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। आचार्य डॉ.अंशुल कुलश्रेष्ठ ने बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा, "अत्यधिक मोबाइल उपयोग से बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। बच्चों को तकनीक का उपयोग संतुलित तरीके से करना चाहिए।" कार्यक्रम में आचार्य महेश कुलश्रेष्ठ, ओपी यादव, सोलू पाठक, अमित झा, और यसार्थ आरोठिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 274 जोड़े बंधे परिणय सूत्रबधन मे

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! 274 वैवाहिक जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण (नर्सरी परिसर) डबरई सिविल लाइन में प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दीप प्रज्जवलन और मंत्रोचार के साथ किया गया। भारतीय परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि का स्वागत जिलाधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। सरकार की लोक कल्याणकारी और सामसिक संस्कृति का एक बेहतरीन उदाहरण इस सामूहिक विवाह समारोह में देखने को मिला जहां हिंदू लड़कियों का वैवाहिक संस्कार वैदिक मंत्रोचार के साथ वही मुस्लिम बच्चियों का विवाह आयतों के उच्चारण के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर बोलते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस दिव्य और भव्य कार्यक्रम के लिए मैं संपूर्ण प्रशासन को बधाई देता हूं खासकर इस कार्यक्रम में ब्रज संस्कृति की जो झलक दिखाई दी वह अपने आप में अद्वितीय है, प्रभारी मंत्री ने कहा कि जब तक अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का उत्थान नहीं होगा तब तक देश और समाज का उत्थान नहीं हो सकता। हमारी सरकार ने बड़े-बड़े राजमार्ग ही नहीं बनाये बल्कि गांव की पगडंडियों का भी निर्माण कराया जिससे समाज का अंतिम व्यक्ति इससे लाभान्वित हो सके, हमारी सरकार लोगों का न केवल भौतिक विकास की ही जिम्मेदारी नहीं ले रही है बल्कि लोगों के सांस्कृतिक और पारिवारिक विकास की भी जिम्मेदारी ले रही है हमारी सरकार ने अंतिम व्यक्ति को शिक्षित करने के लिए ऐसे आठ मंडल जहां पर कोई विश्वविद्यालय नहीं था वहां पर विश्वविद्यालय की स्थापना की, आज इस कार्यक्रम के द्वारा यह प्रदर्शित हो गया कि समाज और सरकार के सहयोग से कोई भी आयोजन भव्यता और दिव्यता के साथ संपन्न हो



सकता है, यह कार्यक्रम हमारी जड़ों से प्राप्त संस्कार है, जो हमें जोड़ने का कार्य करता है जहां केवल दो परिवार ही नहीं जुड़ रहे हैं बल्कि दो भावनाएं भी जुड़ रही हैं आज इस कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम सभी बालिकाओं का एक साथ विवाह आयोजित हो रहा है जिसमें सामान्य वर्ग की पांच, पिछड़ा वर्ग की 90, अल्पसंख्यक वर्ग की 92 और अनुसूचित जाति की 87 बालिकाओं का विवाह संपन्न हुआ, जो हमारी सरकार की सबका साथ सबका विकास की नीति को चरित्रार्थ करता है, सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का संपूर्ण ध्यान रख रही है ऐसे आयोजन इस बात के प्रमाण है। इस मौके पर विधायक सदर मनीष असीजा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी सरकार और शासन की सदइच्छा का परिणाम है जहां पर हर धर्म और हर जाति के लोगों का वैवाहिक कार्यक्रम एक साथ संपन्न हो रहा है, मैं प्रशासन की इस बात के लिए अत्यंत प्रशंसा करता हूं कि इस कार्यक्रम में वर-वधू को उन्होंने अच्छी किस्म के कंबल भी वितरित कराए हैं, इस मौके पर बोलते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस मांगलिक कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री ने शिरकत किया, यह सरकार का ऐसा कार्यक्रम है जहां गरीब बेटियों की विधि-विधान से शादी कराई जाती है पहले 35000 रुपए वर वधु को प्रदान किए जाते थे परंतु अब 51000 रुपए प्रदान किया जाता है प्रशासन द्वारा अबकी बार एक नई पहल की गई है कि अबकी बार हर जोड़ों को विवाह संपन्न होने के उपरांत एक मैरिज प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा, जिससे इस लोक कल्याणकारी कार्य में किसी प्रकार का कोई फर्जी वाड़ा ना हो। इस मौके पर बोलते हुए पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कहा की शादी दो व्यक्तियों का मिलन नहीं है अपितु दो परिवारों का मिलन है इसलिए इस बंधन को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इस मौके पर महापौर कामिनी राठौर ने भी वर वधु को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि मंगलमय जीवन का उपहार सबके साथ है सरकार। इस दौरान मंच पर महानगर अध्यक्ष, कई ब्लॉक प्रमुख, भाजपा जिला अध्यक्ष आदि भी उपस्थित रहे।

## कारकाट में दो किशोरियों के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज, पंजाब ले जाने की आशंका

**मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले में काराकाट थाना क्षेत्र के एक गांव से सगी दो बहनों का अपहरण कर दो आरोपियों ने उन्हें पंजाब ले जाने की घटना को लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित परिवार के अनुसार, 15 वर्ष की लड़की और 13 वर्ष की लड़की को बहला-फुसलाकर गांव के ही दो लोग, विकास कुमार और संजय तुरहा, अपहरण कर ले गए हैं। परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने दोनों किशोरियों को पंजाब में बेचने की योजना बनाई है। किशोरियों के परिवार ने इस संबंध में काराकाट थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में कहा गया है कि दोनों किशोरियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध हैं, जो पुलिस को घटना के संदर्भ में जांच करने में मदद करेंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और इस घटना की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई जारी रखी गई है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम मामले की तहकीकात कर रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की जाएगी।

## "काराकाट के बाद गांव में 13 दिसंबर से 25 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन"

**मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी के बाद गांव में 13 दिसंबर से 25 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह यज्ञ 13 दिसंबर से 25 दिसंबर तक श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद से होगा। यज्ञ समिति के अनुसार, यज्ञ की शुरूआत 13 दिसंबर को भागवत कथा से होगी। 14 दिसंबर को श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन होगा और 15 दिसंबर को जल यात्रा और शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में श्री जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में भक्तगण शामिल होंगे। महायज्ञ की पूणार्हुति 20 दिसंबर को होगी, जिसके साथ एक भव्य महा भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं, और आयोजन में समस्त ग्रामीण जनता और आसपास के लोग भाग लेंगे।

## अमरथा में कृष्ण मृग संरक्षण पर एकदिवसीय शिक्षण कार्यक्रम

**मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास दैनिक समाज जागरण**

बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान और नेहरू युवा केंद्र रोहतास द्वारा काराकाट प्रखंड क्षेत्र में अमरथा के प्लस 2 उच्च माध्यमिक विद्यालय में कृष्ण मृग संरक्षण पर एकदिवसीय शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काला हिरन के संरक्षण पर चर्चा की गई और बच्चों व शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। शिवम कुमार ने बताया कि रोहतास, कैमूर और बक्सर के कुछ क्षेत्रों में काला हिरन दुर्लभ प्रजाति के रूप में पाया जा रहा है, जिसे संरक्षित करना आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय को पक्षी का कृत्रिम घोंसला भी दिया गया। इस दौरान शपथ ली गई कि सभी पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## नगरीय निकाय के उप निर्वाचन हेतु जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो का प्रशिक्षण 10 व 13 दिसम्बर को

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डा0 दिव्या मिश्रा ने बताया है कि जनपद की नगर पालिका परिषद बेल्हा के रिक्त अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नगरीय निकाय उप निर्वाचन-2024 में नियुक्त किये गये समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं रिजर्व जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 10 दिसम्बर एवं द्वितीय प्रशिक्षण दिनांक 13 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक विकास भवन सभागार में किया जायेगा। उन्होने बताया है कि निर्वाचन सम्बन्धी कार्य में किसी प्रकार की अनुपस्थिति पर सम्बन्धित का दायित्व निर्धारित करते हुये विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

## बिजली के उपभोक्ताओं पर सरचार्ज और ब्याज सहित बिल भेजे गए है।

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। बिजली के उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आयी है। किसी कारण बिजली के उपभोक्ताओं पर सरचार्ज और ब्याज सहित बिल भेजे गए है। लेकिन आर्थिक रूप से उपभोक्ता बिला जमा नहीं कर पा रहे हैं। बिजली विभाग की और से बकाय वाले उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एकमुश्त समाधान योजना का शुभारम्भ किया है। योजना के तहत उपभोक्ता इसका लाभ तीन चरणों में उठा सकेंगे। पहले चरण में 15 दिसंबर से 31 दिसम्बर तक, दूसरे चरण मे 1 जनवरी से 15 जनवरी तक और तीसरे चरण यानि अन्तिम चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलाया जायेगा। इस योजना का लाभ पाने के लिए उपभोक्ताओं को अपना पंजीकरण कराना होगा। एसडीओ विद्युत नगर क्षेत्र सम्भल एस त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिलों का भुगतान करने में मदद करना है। योजना कुल 47 दिनों के लिए लागू होगी। उपभोक्ताओं को पंजीकरण के समय 30 सितंबर 2024 तक के विद्युत बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत भुगतान करना अनिवार्य होगा। पहले चरण में एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट मिलेगी। दूसरे और तीसरे चरण में श्रेणियों के उपभोक्ताओं; वाणिज्यिक, औद्योगिक, निजी संस्थानद्ध को भी चरण अनुसार छूट मिल सकेगी।

## बाल अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूक कर रही है प्रयत्न संस्था

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। बाल अपराधों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्डर्न, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन और प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वाधान में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सम्भल जिले के विभिन्न गाँवों में जाकर लोगों को बाल अपराधों के बारे में जैसे कि बाल विवाह बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी




जैसे अपराधों के बारे में जागरूक किया। सम्भल जनपद में एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई और जागरूकता हेतु सार्वजनिक स्थानों पर संस्था द्वारा पोस्टर लगाए गए। जिसमें अपने आसपास हो रहे ऐसे किसी भी अपराध कि सूचना के लिए संबंधित नंबरों की जानकारी दी गई है जैसे की 112 पुलिस, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, और संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी से सीधे सम्पर्क कर ऐसे अपराधों को रोका जा सके।

# महज 5 घंटे के अंदर साजिश के तहत लूट के मामले का पदार्फाश

दूध कारोबारी के स्टाफ के द्वारा ही रची गई थी साजिश स्टाफ को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पैसा हुआ बरामद

**दैनिक समाज जागरण**
**सरफराज आलम**



लखीसराय !मुंगेर के दूध व्यापारी का उसके ही स्टाफ द्वारा साजिश के तहत लूट की घटना दिखाकर पैसा गवन करने के एक मामले का लखीसराय पुलिस द्वारा महज 5 घंटे के अंदर मामले का उद्वेदन कर साजिश को विफल करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है !इस संबंध में एसपी अजय कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के खोज बाजार वार्ड नंबर -37 निवासी स्वर्गीय रामवरण यादव के पुत्र मनोज कुमार का स्टाफ उसके ही मोहल्ले का निवासी विकास यादव के पुत्र विशाल कुमार दूध के लेनदेन का पैसा डेढ़ लाख देने को लेकर मुंगेर से लखीसराय जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव के लिए चला था ! पिपरिया थाना क्षेत्र में ही उसके ऑटो को रोककर बाइक सवार 3 अपराधी द्वारा लूट लेने का मामला बताया जा रहा था ! परंतु वास्तविकता यह था कि मनोज का स्टाफ अपने दोस्त के पास मुंगेर में ही पैसा रखकर आ गया था !साजिश के तहत लूट के मामले को लेकर पुलिस को विशाल द्वारा सूचना दिया गया कि रविवार की सुबह रामचन्द्रपुर पुल के पास एक मोटरसाईकिल पर सवार तीन व्यक्ति के द्वारा टेम्पु रोककर डरा धमका कर डिक्की तोड़कर डेढ़ लाख रुपया छीन लिया गया है. एसपी अजय कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ शिवम कुमार के नेतृत्व में घटना के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु तकनीकी शाखा एवं पिपरिया पुलिस का टीम गठित किया गया !उक्त टीम के द्वारा 05 घण्टे के अन्दर ही तकनीकी साक्ष्य के आधार पर स्टाफ विशाल कुमार को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ शुरू किया गया !जिसमें विशाल कुमार उर्फ चुनचुन के द्वारा इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर बताया गया कि अपने मालिक मनोज द्वारा दिये गये डेढ़ लाख रुपए को गबन करने के उद्देश्य से एक साजिश के तहत अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा रूपया छीन लेने की बात कही है. इसके निशानदेही पर इसके ही दोस्त के घर से गबन का 1लाख 49 हजार 800 रुपए मुंगेर से बरामद किया गया एवं एक स्मार्ट फोन भी जब्त किया है !विशाल कुमार उर्फ चुनचुन के गिरफ्तारी में शामिल दल में पिपरिया थाना के पुलिस अवर निरिक्षक उज्जवल कुमार, रंजीत कुमार, डीआईयू टीम,लखीसराय,रिजर्व गार्ड पिपरिया इसमें शामिल रहा !

## ड्यूटी में लापरवाही पर एसपी ने महिला दरोगा और तीन महिला सिपाही को किया निलंबित

= लखीसराय एसपी के कार्रवाई से पुलिस महकमे में मचा बेचेनी

**दैनिक समाज जागरण**
**सरफराज आलम**



लखीसराय !लखीसराय जिला के एसपी अजय कुमार द्वारा रात्रि गश्ती चेकिंग के दौरान ड्यूटी में लापरवाही बरत रहे कवैया थाना के महिला दरोगा एवं उनके साथ तीन महिला सिपाही को ऑन द स्पॉट पकड़े जाने के बाद निलंबित कर दिया.निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय पुलिस केंद्र निर्धारित किया है.इस संबंध में एसपी अजय कुमार ने बताया कि दरोगा एवं महिला सिपाही पचना रोड बाईपास के निकट पुलिस गश्ती एवं चेकिंग के बजाय वाहन में बैठकर मोबाइल देखने में व्यस्त पाए गए,जो कि उनके मनमानीपन, अनुशासनहीनता कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अपने वरीय पदाधिकारी के आदेश के उल्लंघन को दशार्ता है. इनमें पुलिस अवर निरीक्षक कुमारी खुशबू यादव, महिला सिपाही गुड़िया कुमारी, रूपम कुमारी एवं राजो कुमारी शामिल है. इस संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारी को भी सूचित कर दिया गया है.एसपी के इस कार्रवाई से पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है, तो वहीं आम जनता में पुलिस के प्रति भरोसा भी बढ़ रहा है

## राष्ट्रगान के साथ लखीसराय समाहरणालय के कामकाज का हुआ शुभारंभ

= जिला समन्वय समिति की बैठक में कार्य संपादन में तेजी लाने का निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**
**सरफराज आलम**



लखीसराय !लखीसराय जिला समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अगुवाई में सोमवार को राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ कार्यालय के काम काज की शुरूआत किया गया. संविधान सभा की पहली बैठक 09 दिसंबर 1946 को हुआ था. जिसके याद को ताजा बनाए रखने को लेकर राष्ट्रगान का कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी भाग लिए. जबकि मंत्रणा कक्ष के सभागार में डीएम की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुआ. जिसमें सभी विभागीय पदाधिकारी को आपस में समन्वय बनाकर कार्य संपादन में तेजी लाए जाने को लेकर निर्देशित किया गया है.सभी पदाधिकारी को अपने-अपने कार्यालय के कार्यों को अति शीघ्र निपटाते हुए जिले को टॉप 10 रैंकिंग में लाये जाने पर बल दिया गया है. बैठक में उप विकास आयुक्त कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, चंदन कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी शशांक कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह, वरीय उपसमाहर्ता राहुल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे.

## शैलेंद्र शुक्ला को जिलाध्यक्ष और सौरभ अग्रवाल को महानगर अध्यक्ष सूचना का अधिकार टास्क फोर्स का नियुक्त किया गया

भ्रष्टाचार मिटाकर , हक और सम्मान दिलाने को अचूक हथियार है सूचना का अधिकार -

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद ! सूचना का अधिकार टास्क फोर्स के प्रमुख महासचिव रामनिवास यादव ने गंगा विहार कॉलोनी में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना का अधिकार का प्रयोग करके लोगों की शिकायत और समस्याओं का निस्तारण कराकर अधिकारी और कर्मचारियों को उनका कर्तव्यबोध कराइए , सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाईए तथा विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करके उसे समाप्त करने के लिए संगठित होकर संघर्ष करें टास्क फोर्स आपके हर कदम पर साथ खड़े होने को तैयार है उन्होंने कहा कि गांधी जी ने जिस ग्राम स्वराज का सपना देखा था और इसके लिए कड़ा संघर्ष किया था अंग्रेजों की गुलामी से देश को मुक्ति दिलाई थी वह सपना उनका आज भी साकार नहीं हो सका है जिसे साकार करने के लिए हम सबको तन , मन और धन से समर्पित होकर कार्य करना है तभी लोगों को हक और सम्मान मिलना संभव है अन्यथा यह भ्रष्ट लुटेरे ऐसे ही लूटते रहेंगे और हम यह तमाशा नहीं देख सकते है ' इसी में शैलेंद्र शुक्ला को टास्क फोर्स का जिलाध्यक्ष एवं सौरभ अग्रवाल को फिरोजाबाद महानगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उन्हें शीघ्र ही अपनी कमेटीया बनाने को निर्देशित किया गया ' बैठक में प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र यादव , मोहम्मद उमर फारूक , जिला संगठन मंत्री अनिल यादव , तहसील प्रभारी अजय यादव , संदीप कुमार ओझा , हरिओम , मोनू सविता , संजय यादव , सौरभ कुमार , अमन शुक्ला , बबलू यादव , राजीव कुमार , राजकुमार , राजू शर्मा , राजेंद्र वशिष्ठ , विजय कुमार , संजीव कुमार सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे '

## श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट की संपत्ति में अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने को लेकर ज्ञापन सोंपा

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद ।सोमवार को रामलीला परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट एवं सरवराकर समिति की संपत्ति में अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने एवं अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने को लेकर नगर मजिस्ट्रेट के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सरिता को दिया गया । ज्ञापन में कहा गया है कि रामद्वारा के बगल में गेट के पास अवैध दुकान एवं अतिक्रमण किया जा रहा है अवैध निर्माण से श्री राम द्वार का स्वरूप बिगड़ जाएगा इसे तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाना अति आवश्यक है सतीश कूल पॉइंट के निकट राजेश्वरी कैला देवी मंदिर हनुमानगढ़ फिरोजाबाद पर सतीश शर्मा पुत्र श्री प्रेम नारायण के संदर्भ में श्रीमान अपर जिला जज फिरोजाबाद द्वारा उच्च न्यायालय द्वारा बेदखली का आदेश पारित किया गया है उसके संदर्भ में भी श्रीमान जी से अनुरोध किया गया है कि उक्त के आदेश के क्रम में विवादित संपत्ति को कब्जा मुक्त कराए जाने और बेदखलकर हनुमान मंदिर ट्रस्ट की संपत्ति को सौंपने की कार्यवाही करने का निवेदन ज्ञापन में किया गया है । सतीश स्कूल पॉइंट के प्रोपराइटर सतीश शर्मा द्वारा दुकानों को सिकमी किराएदार को अवैध कब्जा कराते हुए ड्ड15000 महीने पर उठा दिया गया है उक्त अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने का भी ज्ञापन में निवेदन किया गया है ।वहीं दूसरी ओर काली मंदिर के परिक्रमा मार्ग को बंद कर अवैध दुकान बनाकरअतिक्रमण कर लिया गया है जिससे काली मंदिर में आने वाली श्रद्धालुओं में काली मंदिर में परिक्रमा न कर पाने पर भारी आक्रोश है जो कि धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाता है ज्ञापन में परिक्रमा मार्ग को भी अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की गई है ।ज्ञापन देने वालों में श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश वशिष्ठ उप सचिव उमाकांत पचौरी एडवोकेट कोषाध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी सदस्य द्विजेंद्र मोहन शर्मा हरिशंकर तिवारी होरीलाल बघेल विवेक तिवारीआदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

# आलू, आम एवं शाकभाजी फसलों को समसामयिक रोगो एवं व्याधियों से बचायें

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि जनपद में आलू, आम, केला एवं शाकभाजी फसलों की गुणवत्तायुक्त उत्पादन हेतु सम-सामयिक महत्व के रोगों/व्याधियों को समय से नियंत्रण किया जाना नितान्त आवश्यक है। मौसम विभाग द्वारा जनपद में तापमान में गिरावट, कोहरा की सम्भावना व्यक्त की गयी है। ऐसी स्थिति में औद्यानिक फसलों को प्रतिकूल मौसम में रोगो/व्याधियों से बचाये जाने हेतु उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सलाह दी गयी है कि वातावरण में तापमान में गिरावट एवं बूंदा-बांदी की स्थिति में आलू की फसल पिछेती झुलसा रोग के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है। प्रतिकूल मौसम विशेषकर बदलीयुक्त बूंदा-बांदी एवं नम वातावरण में झुलसा रोग का प्रकोप बहुत तेजी से फैलता है तथा फसल को भारी क्षति पहुँचती है। पिछेती झुलसा रोग के प्रकोप से पत्तियाँ सिरे से झुलसना प्रारम्भ होती है, जो तीव्रगति से फैलती है। पत्तियों पर भूरे काले रंग के जलीय धब्बे बनते हैं तथा पत्तियों के निचली सतह पर रूई की तरह फफूँद दिखाई देती है। बदलीयुक्त 80 प्रतिशत से अधिक आर्द्र वातावरण एवं 10-20 डिग्री सेन्टीग्रेड तापक्रम पर इस रोग का प्रकोप बहुत तेजी से होता है और 2 से 4 दिनों के अन्दर ही सम्पूर्ण फसल नष्ट हो जाती है। आलू की फसल को अगेती व पिछेती झुलसा रोग से बचाने के लिये साफ/कगुआ (काबेर्डाजिम 12 प्रतिशत + मैकोजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0) 2.0 से 2.5 किग्रा अथवा प्रोपिनेब 63 प्रतिशत डब्ल्यू0पी, 2 से 2.5 किग्रा0 प्रति हेक्टेयर की दर से 800 से 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव किया जाये तथा माहू कीट के प्रकोप की स्थिति में नियंत्रण के लिये दूसरे छिड़काव में फफूँदीनाशक के साथ कीटनाशक जैसे इमिडाक्लोप्रिड 17.1 प्रतिशत एस0एल0 1.0 लीटर, 800 से 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से मिलाकर छिड़काव करना चाहिये। जिन खेतों में पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप हो गया हो तो ऐसी स्थिति में रोकथाम के लिये अन्तःग्राही (सिस्टेमिक) फफूँद नाशक मेटालेक्जिल युक्त रसायन 2.5 किग्रा0 अथवा साईमोक्जेनिल फफूँदनाशक युक्त रसायन 2.0 किग्रा 800 से 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी जाती है।उन्होने बताया है कि आम की अच्छी उत्पादकता सुनिश्चित करने हेतु गुजिया कीट (मैंगो मिलीबग) से बचाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। इस कीट से आम की फलस को काफी क्षति पहुँचती है। इसके शिशु कीट (निम्फ) को पेड़ों पर चढ़ने से रोकने के लिये माह दिसम्बर में आम के पेड़ के मुख्य तने पर भूमि से 30-50 सेमी0 की ऊँचाई पर 400 गेज की पालीथीन शीट की 25 सेमी0 चौड़ी पट्टी को तने के चारो ओर लपेट कर ऊपर व नीचे सुतली से बांध कर पालीथीन शीट के ऊपरी व निचली हिस्से पर ग्रीस लगा देना चाहिये। कीट के नियंत्रण हेतु जनवरी के प्रथम सप्ताह से 15-15 दिन के अन्तर पर दो बार क्लोरीपाइरीफॉस (1.5 प्रतिशत) चूर्ण 250 ग्राम प्रति पेड़ के हिसाब से तने के चारो ओर बुरकाव करना चाहिये। अधिक प्रकोप की दशा में यदि कीट पेड़ों पर चढ़ जाते है तो ऐसी स्थिति में इमिडाक्लोप्रिड 17.1 प्रतिशत एस0एल0, 2.0 मिली0 दवा को प्रति लीटर पानी में घोलकर स्टीकर/सरफैक्टेन्ट के साथ मिलाकर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें।उन्होने बताया है कि वातावरण में पाला पड़ने के कारण केले की फसल को काफी नुकसान पहुँचता है। इसी प्रकार अन्य सब्जियाँ यथा मिर्च, टमाटर, मटर आदि फसलों पर भी कम तापमान एवं कोहरा, पाला एवं बूंदा-बांदी से भारी नुकसान पहुँचता है। ऐसी स्थिति में किसान भाईयो को सलाह दी जाती है कि फसल को पाले से बचाये तथा आवश्यकतानुसार फसलों में नमी बनाये रखने हेतु समय-समय पर सिंचाई की जाये। पौधशाला के छोटे पौधो को पाले, कोहरे से बचाये जाने हेतु उद्यानों को पालीथीन अथवा टाट से ढकना चाहिये। उन्होने कीटनाशक के प्रयोग से बरती जाने वाली सावधानियों के सम्बन्ध में बताया है कि कीटनाशक के डिब्बों को बच्चो व जानवरों की पहुँच से दूर रखना चाहिये। कीटनाशक का छिड़काव करते समय हाथों में दस्ताने, मुँह को मास्क व आंखों को चश्मा पहनकर ढक लेना चाहिये, जिससे कीटनाशी त्वचा व आंखों में न जाये। कीटनाशक का छिड़काव शाम के समय जब हवा का वेग अधिक न हो तब करना चाहिये अथवा हवा चलने की विपरीत दिशा में खड़े होकर करना चाहिये। कीटनाशक के खाली पाउच/डिब्बों को मिट्टी में दबा देना चाहिये।

## डायल 112 के पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**



संभल।पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा यूपी 112 के निम्न कर्मचारी गण को उनके द्वारा किए गए सराहनीयकार्य के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वालों मे पीआरवी डायल 112 के उपनिरीक्षक टीकम सिंह, महिला कांस्टेबल अंजलि यादव, आरक्षी सौरभ राघव। पीआरवी डायल 112 के मुख्य आरक्षी चंद्रशेखर, मुख्य आरक्षी नेमचंद शर्मा, होमगार्ड चालक धान सिंह। यूपी 112 की पीआरवी 1426 द्वारा 02 दिसम्बर को एक गुमशुदा अबोध बच्ची रोड के किनारे खड़ी जोर-जोर से रो रही है, जो अपने घर का रास्ता भूल गई है, पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर यह पाते हुए कि उक्त बच्ची, उम्र लगभग 02 वर्ष अपना नाम व घर की पता नहीं बता पा रही है, तत्काल सम्बन्धित थाना चन्दौसी को अवगत कराते हुए बच्ची को अपने साथ लेकर मौहल्ले-गौहल्ले जाकर पता लगाने हेतु परिजनों की तलाश करने के दौरान गुमशुदा अबोध बच्ची की माता को ढूंढ कर उन्हें सुपूर्द किया गया। यूपी 112 की पीआरवी 1434 द्वारा 23 नवम्बर को प्राप्त इवेंट पर कुछ अज्ञात लोगों इनके चालक से एक ट्रैक्टर मय ट्रॉली छीन कर ले गये है. पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए मात्र 07 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल सम्बन्धित थाना कुद्धफतेहगढ को अवगत कराते हुए ट्रैक्टर गय ट्रॉली को तलाश किया गया, जिसके दौरान ग्राम कुद्धमनगर की तरफ जाते समय सामने से तेज गति से आते हुए संदिग्ध ट्रैक्टर गय ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया, नहीं रूकने और तेज गति से भागने पर आपके द्वारा पीआरवी कर्मियों के साथ बहादुरी का परिचय देते हुए पीछा कर लूट गये ट्रैक्टर मय ट्रॉली के चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद कर थाना कुद्धफतेहगढ़ पर दाखिल किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को होगा

राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर होता है वादों का निस्तारण

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से प्राप्त निदेशों के क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ के मार्गदर्शन एवं दिशा-निदेशों के अनुरूप दिनांक 14 दिसंबर को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर बदायूं में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ मनोज कुमार-तृतीय की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायू शिव कुमारी, ने बताया कि दिनांक 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर लाभ पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है, लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है, लंबित मामलों के लोक अदालत में निस्तारण पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत में निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं, कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित होती है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद, राजस्व वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाएँ, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत, जल-कर एवं दूरसंचार बिल के विवाद, एन.आई.एक्ट, विधवा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है। अतः इस सन्दर्भ में जनपद के सभी जनसामान्य एवं वादकारीगण से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों/विवादों को निस्तारित करवाकर 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु

**दैनिक समाज जागरण**

चौमुंहा। थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत गांव आझई खुर्द में एक किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर लोग तरह- तरह की चर्चा कर रहे हैं। जैत क्षेत्र के अंतर्गत गांव आझई खुर्द के रोसू थोक निवासी सुनील पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र सिंह जो कि हाईवे स्थित एक निजी हॉस्टल पर काम करता था। वह रोजाना की तरह रविवार को भी घर पर आकर के सो गया था। सुबह 8 बजे उसकी मां सावित्री ने देखा कि वह मृत पड़ा हुआ है। बताते हैं कि सुनील के मृत्यु की घटना की जानकारी उसकी मां सावित्री ने अपनी देवरानी पूनम को दी कि सुनील की मृत्यु हो गई है। यह खबर सुनकर पूनम बेहोश हो गई। पूनम के पति दरोगा ने इसकी सूचना जैत पुलिस को दी पुलिस है। पुलिस ने शव को पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताते हैं कि सुनील के छाती पर लाल रंग के निशान बने हुए हैं। लोग अंदाज लग रहे हैं कि उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई है। जैत थाना प्रभारी अश्विनी सनी कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम में रिपोर्ट के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## धान खरीदी केंद्र मानपुर में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का किया गया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

उमरिया । दिनांक 9.12.2024 से मानपुर धान खरीदी केंद्र में शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र मानपुर में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया है इस अवसर पर मानपुर धान खरीदी केंद्र के प्रभारी अनिरुद्ध द्विवेदी द्वारा खरीदी केंद्र में श्री फल अर्पित कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर खरीदी केंद्र के सर्वेयर गौतम , नोडल अधिकारी शंखनारायण मिश्रा, हामिद रजा सहित धान खरीदी केंद्र मानपुर



के कर्मचारियों सहित खरीदी केंद्र में उपस्थित सम्मानित किसान उपस्थित रहे वहीं खरीदी केंद्र में सर्वेयर द्वारा धान की गुणवत्ता का परिक्षण किया गया तत पश्चात खरीदी प्रारंभ हुई वहीं खरीदी प्रभारी ने बताया कि खरीदी केंद्र में किसानों के बैठने पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो वही खरीदी केंद्र में पर्याप्त मात्रा में वारदाना उपलब्ध है मानपुर खरीदी केंद्र के प्रभारी ने किसानों से अपील की है कि स्लाट बुकिंग के पश्चात ही खरीदी केंद्र में धान विक्रय के लिए लाएं ताकि किसानों को किसी प्रकार से परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी धान की खरीदी समय से हो सके

## शराब के नशे में वाहन चलाने वाले तीन वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण**
**विजय तिवारी**

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई हेतु अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत अनूपपुर पुलिस द्वारा माह सितंबर 2024 से माह नवंबर 2024 तक शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 103 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। 44 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन हेतु संबंधित आर टी ओ कार्यालय भेजे गए है दिनांक 09/12/24 को थाना यातायात द्वारा एक डंपर चालक, एक बाइक चालक एवं एक कार चालक को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया, उपरोक्त वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ,माननीय न्यायालय द्वारा 55,000




का जुमार्ना लगाया गया। शराब के नशे में वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है तीनों वाहन चालकों के लाइसेंस भी निलंबन हेतु जिला परिवहन अधिकारी के कार्यालय भेजे जाएंगे। तेज गति से वाहन चलाने वाले दो वाहन चालकों पर इंटरसेप्टर की मदद से की गई चालानी कार्यवाही तेज गति से वाहन चलाना दुर्घटना का मुख्य कारण है, जिस पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर के निर्देश अनुसार इंटरसेप्टर व्हीकल एवं स्पीड डिटेक्टर मशीन से वाहनों की स्पीड पर नजर रखी जा रही है, निर्धारित गति से अधिक गति पर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 08/12/24 यातायात पुलिस द्वारा दो कार चालकों पर तेज गति से वाहन चलाने पर जुमार्ना लगाया गया। नो एंट्री में प्रवेश करने पर हाइवा चालक पर लगाया 5000का जुमार्ना अनूपपुर शहर में प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक हैवी व्हीकल के लिए नो एंट्री लागू है ,नो एंट्री का उल्लंघन कर शहर में प्रवेश करते हुए एक हाईवे को पकड़ा गया ,जिस पर ₹5000 का जुमार्ना लगाया गया।

## महाकाल मिनरल रेत कंपनी के मैनेजर एवं सहयोगियों के ऊपर सहकार ग्लोबल कंपनी के मैनेजर एवं गुर्गों ने मारपीट एवं तोड़ फोड़ की

**दैनिक समाज जागरण**

महाकाल मिनरल रेत कंपनी के मैनेजर एवं सहयोगियों के ऊपर सहकार ग्लोबल कंपनी के मैनेजर एवं गुर्गों ने मारपीट एवं तोड़ फोड़ के बाद शहडोल जिले के कलेक्टर केदार सिंह ने गम्भीरता से लेते हुए खनिज विभाग एवं राजस्व अमले की संयुक्त टीम पोड़ी कला सोन नदी पहुंची सहकार ग्लोबल कंपनी में हड़कंप मच गया और हाइवा और पोकलेन मशीन, जेसीबी मशीन लेकर भागने लगे और चार पोकलेन मशीन एवं एक हाइवा को जप्त किया गया और कयी जगह आकस्मिक निरीक्षण किया गया तो पाया कि




सहकार ग्लोबल कंपनी अपने निर्धारित लीज से रेत उत्खनन न कर निर्धारित जगह से काफी दूर अवैध रेत निकाल कर रीवा एवं उत्तर प्रदेश में महंगे दामों में रेत पर बेची जा रही है थी जिस कारवाई देर तक जारी रही इस संबंध में जिला प्रशासन का कहना है कि अवैध रेत खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी

## बिजली विभाग के पद पर बैठे अधिकारी कर रहे हैं उपभोक्ताओं से वसूली

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल धनपुरी क्षेत्र की घटना बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की एक और गंभीर मिसाल है। शहडोल जिले में धनपुरी के जेई सुखबदन का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल होना यह दशार्ता है कि किस तरह से आम उपभोक्ताओं को डरा-धमकाकर रिश्वत ली जा रही है। ₹10,000 की यह रिश्वत एक उपभोक्ता से केस बनाने की धमकी देकर वसूली गई, जो न केवल अवैध है, बल्कि बिजली विभाग की छवि को भी खराब करती है। उपभोक्ता द्वारा एमडी, पूर्व क्षेत्र जबलपुर को इस संबंध में लिखित शिकायत करना प्रशंसनीय कदम है, लेकिन यह चिंताजनक है कि शिकायत के बाद जेई शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बना रहा है। यह साफ तौर पर दिखाता है कि इस तरह के भ्रष्ट अधिकारी खुद को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। वरिष्ठ अधिकारियों को चाहिए कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए न केवल जे.ई सुख बदन विश्वकर्मा के खिलाफ कार्रवाई करें, बल्कि विभाग में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कड़े कदम उठाएं। आम जनता को भी इस तरह की घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाने और अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**इनका कहना है**

इस मामले को गंभीरता से लिया गया है उक्त अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही होगी। डी.के तिवारी कार्यपालन अभियंता शहडोल जिला शहडोल

## 2019 से 2024 भाजपा मण्डल बिजुरी के लिए स्वर्णिमकाल से भरा रहा

**भाजपा मण्डल बिजुरी के कार्यों कि सराहना प्रदेश स्तर तक रहा गुंजायमान विस्तारक से मण्डल अध्यक्ष बनने का सफर मंत्री दिलीप जायसवाल के दूरगामी सोंच का परिणाम रहा**

**दैनिक समाज जागरण**

अनूपपुर। कोयला उत्पादन के लिए ख्याति प्राप्त नगरी बिजुरी भाजपा के संगठन के लिए भी वर्ष 2019 से 2024 तक स्वर्णिमकाल से भरा रहा। कारण संगठन के कद्दावर नेता दिलीप जायसवाल ने भाजपा के सभी वरिष्ठजनों से रायशुमारी कर जैतपुर विधानसभा में बतौर पूर्णकालिक विस्तारक का कार्य पूर्ण कर, घर वापसी करने वाले भाजपा के निष्ठावान युवा चेहरे पर भरोसा जताया। और संगठन के लिए उपयुक्त मानते हुए, भाजपा मण्डल अध्यक्ष के रूप में भूपेंद्र महरा का नाम शीर्षोत्तर तक भेजा। लिहाजा चुनावी प्रक्रिया बाद बतौर मण्डल अध्यक्ष बिजुरी नियुक्त हुए भूपेंद्र महरा ने ना केवल भाजपा कद्दावर नेता एवं वर्तमान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के भरोसे को कायम रखने में किसी तरह कि कोताही नही बरती। अपितु संगठनात्मक दृष्टिकोण से भाजपा के प्रत्येक कार्यों को भी पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण किया। यही कारण है कि भाजपा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने अनूपपुर जिला प्रवास के दौरान बिजुरी मण्डल अध्यक्ष के कार्यों कि सराहना करते हुए इन्हे सम्मानित एवं



पुरस्कृत किए। असंगठित कार्यकर्ताओं को संगठित करने में निभाए महती भूमिका बिजुरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 15 निवासी भूपेन्द्र महरा द्वारा जब बतौर मण्डल अध्यक्ष बिजुरी के रूप में नवनियुक्त हुए, तब इनके द्वारा सर्वप्रथम संगठन के सभी वर्ग एवं गुटों के साथ बैठक करते हुए सामंजस्य बनाया गया। तदपश्चात मंडल का टीम गठित कर बखूबी तरीके से चलाया। जिसकी सराहना गाहे-बगाहे आज भी किया जाता है। स्थानीय निकाय चुनाव सहित विधानसभा एवं लोकसभा में भी भाजपा प्रत्यासी को दिलाया बढ़त भाजपा मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाया जिसका परिणाम यह रहा कि ना केवल स्थानीय निकाय में भाजपा का दबदबा कायम रहा। बल्कि विधानसभा चुनाव के इतिहास में पहली बार भाजपा को बिजुरी मण्डल से बढ़त मिली। साथ ही लोकसभा चुनाव में भी भाजपा प्रत्यासी को उम्मीद से अधिक मत प्राप्त हुए। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के दूरगामी सोंच का परिणाम रहा बिखरी भाजपा कि एकजुटता भारतीय जनता पार्टी कि बिखरी हुयी राजनीति को एक ही धागा में पिरोने का लक्ष्य रखते हुए भाजपा के कद्दावर नेता एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने संगठन चुनाव के दौरान जिस तरह से एकाएक पूर्णकालिक विस्तारक रहे संगठन के कार्यकर्ता को भाजपा मण्डल अध्यक्ष के रूप में नाम प्रस्तावित करा सभी को चैंका दिया था। निश्चिततौर पर यह उनकी दूरगामी सोंच का ही नतीजा रहा है कि उक्त विस्तारक ने बतौर मण्डल अध्यक्ष नियुक्त होने बाद से बीते 05 वर्षों में भाजपा संगठन को कहीं अधिक मजबूत स्थिती में लाकर खडा कर दिया है। जो अब कोयलांचल कि पहचान को भाजपा के गढ़ के रूप में भी ख्याति दिलाता नजर आ रहा है।

## प्रिया पाठक ने संभाला कुसमी एसडीएम का पदभार

**समाज जागरण**

सीधी। लम्बे समय से प्रभार मे चल रहा कुसमी एसडीएम का पदभार आखिरकार सोमवार को कुसमी पहुंचकर नवनियुक्त एसडीएम प्रिया पाठक ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उस दौरान तहसीलदार कुसमी नारायण सिंह, नायब तहसीलदार सोनेलाल धुर्वे ने एसडीएम प्रिया पाठक का स्वागत किया। इसके साथ ही एसडीएम ने अपने कार्यालय का निरिक्षण किया। उन्होंने एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी करने के साथ शासन के सभी कार्यों को समय पर



करने व जनता की समस्याओं का समय से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताते चलें कि कुसमी में जब से एसडीएम कोर्ट खुला है 13 अधिकारियो की पोस्टिंग एसडीएम पद पर हो चुकी है जिसमें से यह पहली महिला होगी जिनको कुसमी एसडीएम का प्रभार मिला है वही प्रभार मिलते ही क्षेत्रीय लोगों ने नवनियुक्ति एसडीएम से क्षेत्रीय भ्रमण कर सभी संस्थाये जैसे विद्यालय, आंगनवाडी,स्वास्थ केन्द्र,छात्रावास ,पंचायत इन कार्यालयो का निरीक्षण करने की उम्मीद कर रहे है उनका मानना है कि निरीक्षण करने से मूलभूत सुबिधाये पटरी पर आ सकती है।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह एवं प्रभारी अजय टंडन आज लेंगे कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक

**समाज जागरण**

सीधी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आगामी 16 दिसंबर को भोपाल में विधानसभा घेराव का आयोजन किया गया है उसी तारतम्य में पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल की विशेष उपस्थिति में सीधी जिले के प्रभारी पूर्व विधायक दमोह अजय टंडन दिनांक 10 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे जवाहर कांग्रेस भवन में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की आवश्यक बैठक लेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेतागण प्रदेश पदाधिकारी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं बीएलए साथियों से आग्रह है कि बैठक में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## मृत विद्युतकर्मी के परिजनों ने किया चक्काजाम

**लगभग चार घण्टे बाद बहाल हुआ आवागमन ट्रांसफार्मर सुधारते समय विद्युत कर्मी आया था करेंट की चपेट में**

**समाज जागरण**

सीधी। जिले के विद्युत वितरण केंद्र मझौली अंतर्गत ग्राम छुही हाट बाजार के पास ट्रांसफार्मर सुधारते वक्त विद्युत कर्मी की करेंट की चपेट आ जाने से हुई मौत पर 9 दिसम्बर को मृतक के परिजनों ने आक्रोश प्रगट करते हुए सीधी शहड़ोल सड़क मार्ग पर पोंड़ी तिराहे में दोपहर 12:30 बजे से सड़क में बैठ गए जिससे 4 घंटे तक पूर्णतः यातायात बाधित रहा। बतातें चलें कि बिजली विभाग में लगभग 5 वर्ष पूर्व आउटसोर्स



कर्मचारी के रूप में काम कर रहे पुष्पेन्द्र पिता रामसुशील द्विवेदी 32 वर्ष निवासी गंगेई (मुड़ हेरिया) 8 दिसंबर को दोपहर लगभग 11.52 बजे छुही हाट बाजार के पास लगे ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर सुधारने के लिए गया था जहां सुधारते वक्त बड़ी लाइन का करंट ट्रांसफार्मर में आ गया जिस कारण वह नीचे गिरकर बेहोश हो गया जिसकी जानकारी होने पर विभागीय कर्मचारियों द्वारा तत्काल जिला अस्पताल सीधी ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे रीवा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान ही लगभग घटना के 5 घंटे बाद वह अस्पताल में दम तोड़ दिया। अगले दिन 9 दिसम्बर को दोपहर लगभग 12:30 बजे मृतक के परिजन पोंड़ी तिराहे में सड़क पर बैठ गए जिससे वाहनों का आवागमन बन्द रहा वहीं आक्रोश प्रकट करते हुए विभाग के खिलाफ नारे बाजी करते हुए धरने पर डटे रहे। परिजनों ने प्रशासन से की मांग प्रशासन के प्रतिनिधियों के पहुंचने पर मृतक के परिजनों ने मांग किया कि मृतक के परिवार को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के साथ उसकी पत्नी को पेंसन व एक व्यक्ति को नोकरी दी जाए। वहीं मझौली में पदस्थ जेई भरतलाल शाह को मझौली मुख्यालय से हटाया जाय, तथा दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। धरना स्थल पर पहुंचे अधिकारी सड़क जाम करने की जानकारी मिलते ही मझौली थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ धरना स्थल पर पहुँचे व उनके साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर के त्रिपाठी व तहसीलदार दशरथ सिंह इन सभी के द्वारा मृतक के परिजनों को समझाइस देकर 2 बजे सड़क जाम खत्म करा दिए थे लेकिन इसी बीच मृतक का शव आ जाने पर परिजन पुनः अपनी मांगों को लेकर सड़क पर बैठ गए जिसको देखते हुए खण्ड प्रशासन द्वारा इसकी जानकारी विभाग के वरिष्ट अधिकारीयों को दी गई तब जिले से विद्युत विभाग के एसी,डी व एई द्वारा मौके पर पहुँच पीड़ित पक्ष को समझाईस दी गई और कहा गया कि विभाग द्वारा जो भी आपकी मांगें हैं उन्हें पूरी की जायेगीं तब जाकर परिजनों द्वारा मृतक के शव को अन्तिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

## शहडोल कोतवाली पुलिस ने उठाया,जिले की सीमा से बाहर ले जाकर जुनैद को छोड़ा

**समाज जागरण**

शहडोल। पत्रकारिता का चोला ओढकर चौथे स्तंभ को बदनाम करने वाले जुनैद उर्फ जुन्नू को पुलिस अधीक्षक शहडोल के द्वारा प्रेषित जिला बदर की कार्यवाही को कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अपनी मोहर लगाते हुए शहडोल की पत्रकारिता पर लगे काले धब्बे को धोने की शुरूआत कर दी है। गौरतलब है कि जिले में प्रमुख समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों के अलावा सैकड़ा भर से अधिक ऐसे लोग पत्रकारिता का चोले ओढ़े हुए हैं, जो जुन्नू के जैसे कभी आईपीएल का सट्टा खिलाते थे, तो कोई सूदखोरी का काम, तो कोई भू-माफिया और कबाड़ से लेकर वह काम करते थे, जो समाज में अच्छी नजरों से न तो देखा जाता है और न तो भारत का कानून इसकी इजाजत देता है, सोशल मीडिया और वॉटस-एप ग्रुप से लेकर फर्जी वेब पोर्टल, फर्जी ई-पेपर और फेसबुक से लेकर यू-ट्यूब में किसी भी नाम की आईडी बनाकर खुद को पत्रकार बताने वालों के खिलाफ शहडोल जिला प्रशासन की ओर से हुई इस कार्यवाही की तमाम पत्रकार संघों और प्रबुद्धजनों ने प्रशंसा की है। 25 अगस्त 2009 से शुरू हुआ अपराध का सफर




जुनैद उर्फ जुन्नू के संदर्भ में शहडोल जिला प्रशासन के द्वारा की गई कार्यवाही के रिकार्डो पर नजर डाली जाये तो, उसके खिलाफ शहडोल कोतवाली में सबसे पहला मामला 2009 में दर्ज हुआ था, 2020 में तो शहडोल कोतवाली पुलिस ने उसके कब्जे से एक नग मोबाइल, सट्टा पर्ची और 6 लाख 55 हजार रुपए आईपीएल का सट्टा खिलाने के दौरान रंगे हाथों पकड़ा था, उसके फोटोग्राफ भी खींचे गये और अखबारों में भी उसकी काली करतूत उजागर हुई, लेकिन सोशल मीडिया की आंधी ने तथाकथित बदमाश को मीडिया का चोला पहनने की राह दिखा दी और उसके बाद तथाकथित जिला बदर जुन्नू पत्रकार संघ का प्रदेश पदाधिकारी बन गया, आईजी से लेकर एसपी तक के साथ भेंट वार्ता के फोटो वॉयरल होने लगे, थानेदार और संभ्रांतजनों से वसूली का सिलसिला भी चल निकला। 15 नवम्बर को किया था व्यवधान 15 नवम्बर को माननीय राज्यपाल व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के कार्यक्रम में तथाकथित पत्रकार अन्य साथियों के साथ संभ्रांत पत्रकारों के बीच में घुसकर कार्यक्रम में व्यवधान पैदा करने का कुत्सित कार्य किया। हालाकि यह भी बताया गया कि पत्रकार दीर्घा के जिस हिस्से में जुन्नू और उसकी कंपनी बैठी थी, उसमें शहडोल के चंद संभ्रांत और वरिष्ठ पत्रकार भी अंजाने में वहां पहले से बैठे थे, इस मामले में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने वीडियो ग्राफी से नाम तो चिन्हित किये हैं, लेकिन अब उनमें से जुन्नू जैसे जिन्नों को खंगाला जा रहा है, संभवतः यह माना जा रहा है कि जुन्नू की चौकड़ी के चार से आठ जिन्न अभी इस लाईन में अपनी पारी का इंतजार कर रहे हैं।

## जान लेने की हद तक अंधा होता प्यार, गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करते हुए कानपुर में फांसी पर झूला युवक

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। प्रेम प्रसंग को लेकर अक्सर होने वाली आत्महत्या की घटनाओं के संदर्भ में शायद यह भी कहा जा सकता है कि प्यार ऐसा वैसा नहीं बल्कि जान लेने की हद तक अंधा होता है। ...और जब प्रेमी या प्रेमिका को एक दूसरे से बिछड़ने का भय होता है अथवा ऐसा हो ही जाता है तो इंसान अपनी जीवन लीला भी समाप्त कर लेने से भी नहीं चूकता। कुछ ऐसा ही हुआ कमाई के मामले में लगभग 30 - 40 लाख सालाना टर्न ओवर वाले एक युवक के साथ जिसने प्रेमिका की कथित धोखेबाजी से दुखी होकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद उसके परिवार में कोहरा मचा हुआ है। यह घटना नजीराबाद थाना क्षेत्र के कौशलपुरी की है जहां का रहने वाले युवक ने गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करते हुए फांसी लगा ली। वह मेट्रोमोनियल वेबसाइट चलाता था,जिसका सालाना टर्न ओवर लगभग 30 40 लाख का था। उसकी लाश को पोस्टमॉर्टम हाउस भेजने के साथ ही नजीराबाद पुलिस परिवार के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार इस मामले में गर्लफ्रेंड के भी बयान दर्ज कराए जाएंगे। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार कौशलपुरी नजीराबाद निवासी अर्पित सर्राफ (28) अपनी मां नीलम के साथ मिलकर मेट्रोमोनियल वेबसाइट सदगुरू के नाम से चलाते थे। वेबसाइट के जरिए अच्छा कारोबार मिल रहा था। इनके व्यापार का 25-30 लाख रुपए का टर्नओवर है। मौके पर पहुंची पुलिस को अर्पित के ममेरे भाई अभिनव ने बताया- अर्पित किसी गर्लफ्रेंड से बात करता था। दोनों के बीच अच्छे संबंध थे। दोनों घूमने-फिरने भी जाते थे। ममेरे भाई अभिनव ने पुलिस को यह भी बताया कि बताया कि अर्पित की गर्लफ्रेंड के जीवन में कोई और आ गया था। इसके बाद वो अर्पित से दूर रहने लगी थी। उससे बातचीत कम कर दी थी और ब्रेकअप की बात करती थी। इसी को लेकर दोनों के बीच वीडियो कॉल पर बात चल रही थी। अभिनव के अनुसार अर्पित उसे मनाने का प्रयास कर रहा था मगर वो मान नहीं रही थी। इसी नोकझोंक में अर्पित ने वीडियो कॉल के दौरान ही मां की चुनरी से फांसी का फंदा बनाकर उससे लटक कर अपनी जान दे दी। फिलहाल पुलिस चर्चा का विषय बनी इस घटना की छानबीन कर रही है।

## राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय नरायनपुर के छात्रों का खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन के लिये किया गया स्वागत

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में दिनांक 01 दिसम्बर से 03 दिसम्बर 2024 तक किया गया जिसमें प्रयागराज मण्डल जोन-3 द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय नरायनपुर के 04 छात्रों वीरू पाण्डेय, अमन यादव, विशाल सरोज व शनि सरोज का चयन वालीबाल प्रतियोगिता में एवं 01 छात्र अरसद अली का चयन कबड्डी प्रतियोगिता के लिये किया गया था, छात्रों ने कठिन परिश्रम कर प्रदेश में (वालीबाल एवं कबड्डी खेल) उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। छात्रों के विद्यालय वापस



लौटने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया तथा छात्रों का माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। उन्होने छात्रों को प्रदेश में विद्यालय को अग्रेत्तर अग्रिम पंक्ति में लाने के लिये प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यायाम शिक्षक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह सहित राम बहादुर, प्रशान्त मिश्रा, शशांक शेखर सिंह, जय मंगल सिंह, दिप्ती सिंह एवं प्रियंका सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गणेश विद्यालय के कार्यक्रम कौन बनेगा हजारपति कार्यक्रम आयोजित

**दसवीं के छात्र हर्ष तिवारी बने पहले हजारपति**

**समाज जागरण**

सीधी। स्थानीय श्री गणेश हायर सेकेंडरी स्कूल, अमहा में शनिवार को कौन बनेगा हजारपति (केबीएच) के दूसरे एपिसोड में पहले हजारपति के रूप में कक्षा दसवीं के छात्र हर्ष तिवारी तथा दूसरे हजार पति गौरव तिवारी बने। साथ ही कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा जिया सिंह ने पहला पड़ाव पार किया और ₹300 प्राप्त किया। केबीएच में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। बच्चों के शैक्षणिक क्षेत्र को मजबूत करने और पढ़ाई के प्रति अत्यधिक जागरूक बनाने के उद्देश्य से कौन बनेगा हजारपति की




शुरूआत की गयी है। यह शो भारत और इसकी संस्कृति, सामान्य विज्ञान, हिंदी साहित्य, इतिहास, भूगोल, करंट अफेयर्स और बहुत कुछ पर आधारित सामान्य ज्ञान के सवालों के साथ बच्चों के "आईक्यू - इंडिया कोशिएंट" का परीक्षण करता है। कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता सतीश तिवारी ने बताया कि हॉट सीट के लिए सबसे पहले क्वालीफाइंग एक्जाम होती है, इसमे जो एलिजिबल होते हैं उनको इनवाइट किया जाता है। पहले एपिसोड में 25 अंक का क्वालीफाइंग एक्जाम हुआ, जिसमें 17 अंक पाने वाले स्टूडेंट्स को हॉट सीट के लिए सिलेक्ट किया गया था। बताया कि अगला शो 28 दिसंबर को होना है। केबीएच टीम में प्रमुख रूप से प्राचार्य जे.एन मिश्र, सतीश तिवारी, सौरभ शुक्ला, सौरभ द्विवेदी, रोहण शर्मा, दिलीप विश्वकर्मा का विशेष योगदान है।

# सीडीओ ने गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण कर जाना हाल दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता हलिया (मीरजापुर):**
सीडीओ विशाल कुमार ने रविवार देर शाम जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय संग क्षेत्र के सुबांव कलां और गलरा गांव स्थित गौ आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीडीओ के निरीक्षण में सुबांव कलां में 284और गलरा गौशाला में 344 गोवंश पाए गए। गलरा गौ आश्रय स्थल में क्षमता से अधिक पशुओं के होने पर टीन शेड का निर्माण और अप्रोच रोड का निर्माण करवाए जाने हेतु बीडीओ




राजीव कुमार शर्मा को निर्देशित किया। सीडीओ विशाल कुमार ने बताया कि हलिया विकास खंड के सुबांव कलां और गलरा ग्राम पंचायत के गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया है। व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। दोनों गौ आश्रय स्थल पर क्षमता से अधिक गोवंशों के पाए जाने पर अतिरिक्त टीन शेड निर्माण हेतु बीडीओ को निर्देशित किया गया है। दोनों गौ आश्रय स्थल पर पर्याप्त मात्रा में भूसा पाया गया है तिरपाल व अलाव की व्यवस्था की गई है। ठंड के मौसम को देखते हुए गोवंशों की सुरक्षा के लिए बीडीओ को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है।

# बिना पंजीकरण व डिग्री के झोलाछाप के क्लिनिक को प्रभारी चिकित्साधिकारी ने किया सील

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव में रमेश दूबे द्वारा बिना पंजीकरण के चल रहे झोलाछाप के क्लिनिक की जांच के लिए रविवार की शाम जांच के लिए पहुंचे प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार व फार्मासिस्ट अजय कुमार व एलटी अनिल पटेल से झोलाछाप ने कहासुनी कर लिया और जांच नही करने दिया जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पंहुचे चौकी प्रभारी मतवार रमाशंकर की मौजूदगी में प्रभारी चिकित्साधिकारी ने झोलाझाप के क्लिनिक को सील कर अपने उच्च अधिकारियो को सूचना दिया है प्रभारी चिकित्साधिकारी के इस



कार्रवाई से क्षेत्र में बिना पंजीकरण व डिग्री के क्लिनिक का संचालन करने वाले झोलाछाप में हडकंप मच गया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि रामपुर नौडिहवा गांव में बिना पंजीकरण व डिग्री के क्लिनिक पर एक्सपायरी दवा से उपचार करने की शिकायत मिलने पर जांच के लिए टीम के साथ मौके पर पंहुचा तो क्लिनिक संचालक द्वारा टीम से बतमीजी करते हुए कहासुनी कर लिया और जांच नही करने दिया जिस पर झोलाछाप रमेश दूबे के क्लिनिक को पुलिस की मौजदगी में सील कर दिया गया है बिना पंजीकरण व डिग्री के किसी भी दशा में संचालन नही करने दिया जायेगा

# शहीद केशरी सिंह के 53 वें शहादत दिवस पर एसडीएम सहित क्षेत्रीय लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):क्षेत्र के पटेहरा गांव में शहीद केशरी सिंह के 53 वें शहादत दिवस पर सोमवार को एसडीएम लालगंज आशाराम वर्मा, बीडीओ हलिया राजीव कुमार शर्मा शहीद केशरी सिंह की पत्नी छोटी कुंवर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य सेराज अहमद सहित क्षेत्रीय लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। एसडीएम आशाराम वर्मा ने कहा कि बलिदानी केशरी सिंह ने देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर मीरजापुर जिले का नाम रोशन किया था।शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल पटेहरा में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि बीडीओ राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि देश के लिए प्राणों की कुबार्नी देने वाले वीर केशरी सिंह का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है।उनका बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत का कार्य कर रहा है। ग्रामीणों की मांग पर बीडीओ ने शहीद स्मारक स्थल पर बाउंड्री वॉल बनवाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन भानु तिवारी ने किया। योग्यता सिंह पूर्व सैनिक परशुराम सिंह, प्रधानाचार्य अमन सिंह एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव,राम मूर्ति पांडेय,मनोज पाण्डेय, सत्येन्द्र पांडेय, बृजकिशोर सिंह, संजय तिवारी,जेपी तिवारी रामलली चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा व्यापार मंडल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मीरजापुर :**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा व्यापार मंडल घंटाघर के मैदान में कांग्रेसी नेताओं के साथ हुए अभद्र व्यवहार को लेकर मिले कहा पुलिस उपाधीक्षक नगर विवेक जावला के द्वारा अशोभनीय,अमर्यादित अपने कर्तव्यों से विपरीत जाकर आचरण, व्यवहार व अभद्र भाषा का प्रयोग करना कहीं से भी उचित नहीं था सीओ के कार्यक्षेत्र परिवर्तित करने की मांग प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल शत्रुघ्न केसरी के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन शिवमुद्रा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल मिजार्पुर , संजय सिंह गहरवार जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश, संजय उपाध्याय एडवोकेट अध्यक्ष मिजार्पुर बार एसोसिएशन , दुर्गा प्रसाद चौधरी अध्यक्ष मिजार्पुर पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन , राजीव मल्होत्रा सचिव पेट्रोलियम, अजय जायसवाल, नरेश चौधरी एडवोकेट, दिलीप सिंह गहरवार, कृतार्थ बंसल, कड़े प्रसाद ,अजय पांडे श्याम मुरारी पांडे, छोटू मल्होत्रा ,डॉक्टर ओम प्रकाश यादव, व तमाम अधिवक्ता व व्यापारी उपस्थित थे

# गड़बड़ा धाम शहरहवा मेले के दौरान आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं के कटे मंगलसूत्र चैन, गायब हुए मोबाइल।

### परिजनों से बिछड़े बच्चों को खोया पाया केंद्र से उनके परिजनों को मिलाया

**दैनिक समाज जागरण**
संवाददाता हलिया (मीरजापुर):क्षेत्र के गड़बड़ा धाम शहरहवा मेले में सोमवार को शीतला माता के दरबार में दर्शन पूजन के दौरान चोर उच्चके सक्रिय रहे जिसमें दर्शन पूजन के लिए आये आधा दर्जन श्रद्धालुओं के गले से चैन, मंगल सूत्र कट गया वहीं मोबाइल भी गायब हो गया।मेला क्षेत्र में अपने परिजनों से बिछड़े बच्चों को खोया पाया केंद्र से उनके परिजनों को मिलाया गया है मिजार्पुर के बरौधा गांव निवासी मंजू देवी परिवार के साथ दर्शन पूजन के लिए आई थी। मंगल सूत्र मंदिर परिसर से




कट गया,वही भदोही जिला के गोपीगंज निवासी सूधा देवी का मंगल सूत्र मंदिर परिसर में कट गया।छत्तीसगढ़ निवासी राहुल का मोबाइल गायब हो गया।इसी तरह से आधा दर्जन श्रद्धालुओं के चौन मंगल सूत्र मोबाइल गायब हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की गई है जांच पड़ताल जारी है।चैन मंगल सूत्र, मोबाइल फोन गायब होने पर पुलिस चोर उच्चको को पकड़ने के लिए मंदिर में लगाए गये सीसी टीवी कैमरा से पहचान करते रहे लेकिन चोर उच्चको का सीसी टीवी कैमरा में पहचान नहीं हो पायी है जिससे भक्त मायूस होकर अपने घर चले गये

# शहरहवा मेला होने में गड़बड़ा धाम मे 4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर टेका मत्था।

### दर्शनार्थी रात्रि में टेंट तथा पेड़ की छांव के तले बिताए रात।
### २ बजे भोर से हुए कतारबद्ध ३ बजे भोर से दर्शन पूजन का सिलसिला रहा जारी।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता हलिया (मीरजापुर):**
क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में सोमवार को चार किलोमीटर की परिधि में शहरहवा मेला पूरी तैयारियों के साथ सकुशल संपन्न हुआ। दर्शन पूजन के लिए रविवार से ही लाखों भक्तों ने डेरा डाल दिया था।सोमवार को मंदिर का कपाट खुलते ही मां के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा।दो बजे भोर से ही भक्त कतारों में खड़े हो कर मां की एक झलक पाने के लिए इंतजार किए भक्तों को आने कि सिलसिला जारी रहा सिर पर गठ्ठर लिए पद यात्रा करते हुए पहुचते रहे। सोमवार को शहरहवा मेला के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रविवार से जुटने लगी। सोमवार को देर शाम तक करीब 4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन पूजन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी की। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओ के लिए ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा अस्थाई रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्था की गई है। जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानियों न हो।रविवार से ही बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, तथा पड़ोसी जिले प्रयागराज, सोनभद्र, भदोही, वाराणसी आदि जिलों से दर्शनार्थियों अपने साधन तथा बसों से आने का तांता लगा रहा। मेले मे श्रद्धालुओं की मुकम्मल इंतजाम के लिए सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी संतनगर जितेंद्र सरोज मुस्तैद रहे। सोमवार को प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई। वही भक्तों की कतार लगभग एक किलोमीटर के परिधि में लगी रही, दूर दरार से आए श्रद्धालुओं ने 2 बजे भोर से ही मंदिर के किनारे स्थित सेवटी नदी में स्नान कर हाथों में माला फूल, नारियल चुनरी, फल व मिष्ठान लेकर कतारबद्ध होकर मां शीतला के दर्शन पूजन कर मां के चरणों में शीश नवाकर निहाल हुए। शहरहवा मेला होने के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने के कारण मां के दीदार के लिए घंटो इन्तजार करना पड़ा । भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा गड़बड़ा हनुमान मंदिर के पास तथा सेमरा मोड़ एवं अमदह मार्ग पर बैरियर लगाकर वाहनों को मेला क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित किया। मेला क्षेत्र में माला प्रसाद, चुनरी, श्रृंगार तथा खिलौने की दुकान पर भीड़ रही। मेले में बच्चों ने तरह तरह के झूले का लुफ्त उठाया । दर्शनार्थियों ने गड़बड़ा धाम मेले की प्रसिद्ध बांस की टोकरी, लकड़ी मथानी आदि की जमकर खरीदारी की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह व ड्रमंडगंज थाना प्रभारी अरविंद सरोज पुलिसकर्मियों के साथ मेला क्षेत्र में चक्रमण करते रहे। मंदिर प्रबंधक प्रकाशचंद्र शुक्ला, ज्ञान चंद्र शुक्ला, सुभाष शुक्ला ने बताया कि मंदिर में मुख्य पुजारी रजनीश पांडे, रामाश्रय मिश्रा, प्रिंस पांडे, रितेश मिश्रा मौजूद रहे जो दर्शनार्थियों को दर्शन पूजन कराने में लगे रहे,वही ज्ञान चंद्र शुक्ला व सुभाष चंद्र शुक्ला ने सीसीटीवी कैमरे से मंदिर परिसर की निगरानी में लगे रहे। मंदिर पुजारी मंगलधारी मिश्रा ने बताया कि सोमवार को शहरहवा मेला होने के कारण देर शाम तक करीब 4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन पूजन किया। वही मेला क्षेत्र मे लगी सिंगार की दुकानों से महिला श्रद्धालुओं ने जम के सिंगर के सामान खरीदे।खोया पाया केन्द्र द्वारा भूले बिछड़े के मिलाया गया।झलकियाँ
दो तरफ से श्रद्धालुओं को एक किमी दूर से लाइन में लग कर घंटो बाद दर्शन प्राप्त हुआ। हलिया ड्रमंड्गंज रोड पर वाहन खड़े होने से डेढ़ किमी दूर से सर पर गठ्ठर लिये भक्त धाम तक पहुचे।

# अटल आवासीस विद्यालय सोनभद्र के संचालन तथा अवस्थापना एवं अन्य सुविधाओं हेतु किए गए कार्यो

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो मीरजापुरः**

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में अटल आवासीय विद्यालय सोनभद्र के संचालन तथा अवस्थापना एवं अन्य सुविधाओं हेतु किए गए क्रय/निविदा के सम्बन्ध में किये गये कार्यो के अनुमोदन एवं शैक्षिणक सत्र 2024-25 में कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेशित बच्चों के स्थानापन्न प्रेवश हेतु गठित मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं/संचालन हेतु की गयी व्यवस्थाओं हेतु किये गये विभिन्न टेण्डरों का प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्योत्तर अनुमोदन तथा भुगतान की स्वीकृति प्रदान करते हुए शैक्षणिक सत्र 2024-25 कक्षा-6 एवं कक्षा-9 के विद्यालय में प्रवेशित बच्चों के विद्यालय छोड़ने के उपरान्त



लिये गये प्रतिस्थानी प्रवेश का समिति द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यालय के फर्निशिंग एवं अन्य सुविधाओं से सम्बन्धित बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय को निर्देशित किया कि टेण्डर के चयन की प्रकिया में शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन करते हुए कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवर्तन अपने स्तर न करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानाचार्य विद्यालय के किचन के साफ सफाई, शौचालय आदि का प्रतिदिन निरीक्षण कर साफ कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि माह में कम से कम एक बार विद्यालय का अवश्य निरीक्षण करे तथा पाई गई कमियों को दुरूस्त कराएं। बैठक में जिला विकास अधिकारी सोनभद्र, डी0एल0सी0 पिपरी, प्रधानाचार्य अटल आवासी विद्यालय गुरमुरा सोनभद्र विनोद कुमार मण्डल अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग खण्ड दो, जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र संयुक्त निदेशक शिक्षा, अवर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग मीरजापुर उपस्थित रहें।

# उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों की 70वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया शुभारम्भ

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो मीरजापुरः**

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों की 70वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज महुवरिया मीरजापुर में आयोजित की गयी है। उक्त प्रतियोगिता का सोमवार को भव्य शुभारम्भ माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विधायक रत्नाकर मिश्र द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक द्वारा बच्चों को खेलकूद में बढ़चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु उत्साहित किया गया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों को अपने बचपन के प्राथमिक विद्यालय के अनुभव एवं खेलकूद में प्रतिभागिता के अनुभव को साझा किया गया। विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्य द्वारा बच्चों अपने उद्बोधन के मध्यम से बच्चों को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग सोहन श्री माली द्वारा बच्चों को अपना आर्शीवचन प्रदान किया गया। मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के प्रतिनिधि रामलौटन बिन्द जिलाध्यक्ष अपना दल (सोनेलाल) जी उक्त कार्यकम में सादर उपस्थित रहे एवं श्री बिन्द द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धन



किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया एवं बच्चों को अपने आर्शीवचन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है अतः उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान किये गये निर्देश के कम में प्रत्येक विद्यालय में टाइम एण्ड मोशन के अनुसार खेलकूद अनिवार्य रूप से संचालित कराया जाय। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि उक्त प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से कबड्डी, खो-खो, योगा, दौड़, बैडमिण्टन, जिम्नास्टिक, सास्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि कराये जायेगें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी को आश्वस्त किया गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान किये गये निदेर्शों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।उक्त शुभारम्भ कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमोई विकास खण्ड सिटी के बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुहकुचवाँ सिटी की बच्चियों द्वारा एवं सांस्कृति कार्यक्रम पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवढ़िया विकास खण्ड सिटी के बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद मीरजापुर, सुभाष तिवारी, अनिल कुमार सिंह, रमाकान्त दूबे, प्रभु नरायन सिंह, सुशील कुमार यादव, राजनाथ तिवारी, दिनेश चन्द्र शुक्ल, सुष्मिता जायसवाल, विजय शंकर तिवारी, सुधीर कुमार तिवारी, सत्यव्रत सिंह चन्देल, रमेश कुमार सिंह, नमिता सिंह, गुंजन सिंह, प्रशान्त कुमार सिंह, मन्नू यादव, रविकान्त द्विवेदी, कुलदीप कुमार, विनोद कुमार, अवधेश कुमार, उमाकान्त मिश्र, शान मोहम्मद, नीलकान्त पाण्डेय इत्यादि शिक्षक/ शिक्षिका उपस्थित रहे।

# 14 दिसम्बर को जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहराकलां में आयोजित होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मीरजापुरः**
जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत दिनांक 14.12.2024 (दिन शनिवार) को जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहराकलां, मीरजापुर (खेल का मैदान) में कराया जाना सुनिश्चित हुआ है। ऐसे आवेदक जिनकी वार्षिक आय रू0 200000.00 (रुपये-दो लाख मात्र) है वे आवेदक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पोर्टल https://cmsvy.upsdc.gov.in पर समस्त वांछित संलग्नकों सहित ऑनलाइन आवेदन करते हुये आवेदन पत्र की हार्डकापी ग्रामीण क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी, नगर निकाय के कार्यालय में जमा करते हुये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना निर्धारित तिथि को पात्रता की स्थिति में योजना का लाभ उठायें।

## नगर में जाम से निजात के लिए चलाया अतिक्रमण

**दैनिक समाज जागरण**
ब्यूरो मीरजापुरःनगर में जाम से निजात दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के द्वारा पूरे लाव-लश्कर के साथ पटेल चौराहा भरूहना से लेकर



रोडवेज तक चलाया जा रहा है वृहद अतिक्रमण अभियान। मौके पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश पटेल, उप जिला अधिकारी सदर गुलाब चंद्र, क्षेत्राधिकारी पुलिस नगर व सदर, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश ईओ जी लाल, के अलावा नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी संघ उपस्थित।

# खंड विकास अधिकारी मझवा एवं सहायक विकास अधिकारी मझवा के द्वारा महामलपुर गांव सभा में शौचालय का निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

मझवां कछवा संवाददाता दैनिक समाज जागरण संतोष कुमार सिंह और गुड्डू सिंह आज दिनांक 9.12.2024 को आइजीआरएस पर की गई शिकायत की जांच करने खण्ड विकास अधिकारी मझवां संजय कुमार श्रीवास्तव पीडीएस एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री कृष्ण उपाध्याय के द्वारा ग्राम सभा महामलपुर का आवश्यक निरीक्षण किया गया जो शिकायतकर्ता शौचालय का शिकायत किया था वह शिकायत निराधार पाया गया जबकि मौके पर लगभग 16 -17 शौचालय का निरीक्षण किया गया सभी



शौचालय पात्र व्यक्तियों को दिया गया है सभी शौचालय मौके पर बने हुए पाए गए खण्ड विकास अधिकारी मझवां संजय कुमार श्रीवास्तव मैं बतलाया कि शौचालय सभी पात्र व्यक्तियों को दिया गया है शौचालय मौके पर बने हुए शिकायत निराधार है इस मौके पर ग्राम प्रधान महामलपुर मुकेश कुमार कनौजिया ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजधर दुबे श्री कृष्ण उपाध्याय के साथ-साथ तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे..!

# जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका क्षेत्र में चला गया अतिक्रमण अभियान, अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

### अतिक्रमण हटने के बाद पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्यवाही - जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो मीरजापुरः**
नगर पालिका क्षेत्र के शहरी इलाके के पटरियो व नालियों पर किए गए अतिक्रमण के चलते आए दिन सड़को पर जाम से यात्रियों के आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस सम्बंध में स्थानीय नागरिकों नें जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से आग्रह करते हुए



सड़क की पटरियों व नालियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की गई थी। जिलाधिकारी नें जिला व पुलिस प्रशासन, नगर पालिका व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नगर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की रणनीति तैयार कर निर्देश दिया था। जिसके क्रम में सोमवार को भरुहना स्थित अटल चैराहा से रोडवेज तक अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरजंन नें बताया कि सड़क की पटरियों व नालियों पर किए गए अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसी तरह पूरे नगरपालिका क्षेत्र के वार्डो के मुख्य सड़कों पर किये गए अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद दुबारा अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमण हटाने की कमान जिलाधिकारी नें स्वतः संभाल रखा था और उनके निर्देश पर एसडीएम सदर गुलाब चन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, सदर अमरबहादुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जी0 लाल सहित भारी संख्या में पुलिसबल व पालिका कर्मी पूरे लावलश्कर के साथ बुलडोजर, ट्रैक्टर ट्राली व अन्य मशीनरी से लैस होकर अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया गया। अतिक्रमण हटाने को लेकर जिलाधिकारी प्रियंका निरजंन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, अपर जिलाधिकारी सत्यप्रकाश सिंह, उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, जिला सूचना अधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय सहित अन्य प्रशासनिक अदिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने गांव में पहुंचकर किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो मीरजापुरः**
जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण अभियान का विकास खण्ड कोन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मझगवां में पहुंचकर गांव के मतदाताओं से मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी लेते हुए नए मतदाता पहचान पत्र बनवाने हेतु भरे गये फार्म के अनुसार निरीक्षण किया। इस सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित बीएलओ से उक्त गांव में नए भरे गए फार्म-6, 8 आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बीएलओ द्वारा अब तक भरे गए कुल फार्मो तथा डोर टू डोर सर्वे के बारे में



जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में शत प्रतिशत फार्म-6 भरवाकर उनका मतदाता पहचान पत्र बनवाया जाए। मतदाता पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया ग्रामीणों से बताया कि 01 जनवरी 2025 को जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो वे अपना नाम मतदाता सूची में शाामिल कराने हेतु फार्म-6 भरकर बीएलओ को उपलब्ध करा सकते है मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आनलाइन भी फार्म भरा जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग मृतक हो गए या बाहर रह है उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए जिस मतदाता को एक स्थान से अपना नाम दूसरे स्थान/बूथ पर स्थानांतरण कराना है तो वे फार्म-8 भरकर बीएलओ को उपलब्ध करा सकता हैं। निरीक्षण के अवसर पर उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र के अलावा तहसीलदार सदर उपस्थित रहें।

# तेलगुड़वा कोन मार्ग पर तीन लोगों की दर्दनाक मौत , परिजनों में मचा कोहराम।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गढायुक्त सड़क बना मौत का कारण, काफी अरसे से सड़क मरम्मत के लिए ग्रामीण शासन प्रशासन से लगा चुके हैं गुहार ।

**समाज जागरण**
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र**

कोन, सोनभद्र।- कोन थाना क्षेत्र के कोन-तेलगुडवा मार्ग पर ग्राम पंचायत हर्रा के बिलरुआ के पास एक ही बाइक पर सवार होकर तीन युवक रविवार को अपने घर जा रहे थे कि बाइक अचानक सड़क पर हुए बड़े गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसकी वजह से बाइक पर सवार तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोन पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को कोन अस्पताल लाया गया ।जहां चिकित्सक ने तीनों को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार विकास चेरो (21) वर्ष पुत्र राम सिंगार चेरो, राहुल पासवान (26) पुत्र ज्वाला पासवान, कृष्णा पासवान (24) लौटन पासवान सभी निवासी ग्राम हर्रा थाना कोन के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक से घर जा रहें थे बाइक गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिर कर बुरी तरह घायल हो गए। ज्यादा चोट लगने की वजह से सभी की मौत हो गई।वही स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। इसी क्रम में बतातें चलें कि सालों से रोड बनाने को लेकर स्थानीय लोगों की तरफ से लगातार मांग उठाई जाती रही है लेकिन रोड नहीं बन सका । जिसका नतीजा रहा कि रविवार को देर शाम तीन युवक हादसे के शिकार हो गये। इन हादसों की वजह रोड पर हुए गड्ढों को ही माना जा रहा है। लोगों के जेहन में सबसे बड़ा सवाल उठता है कि जर्जर सड़क पर लगातार हो रहे घटनाओं से कब निजात मिल पायेगी।और वहीं स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि तत्काल सड़क की मरम्मत की जाय ताकि सड़क पर लगातार हो रहे हादसे पर लगाम लग सके। घटना के बावत ओबरा सीओ हर्ष पांडेय ने बताया कि तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई तथा गड्ढे में गिर गए। जिससे तीनों युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची कोन पुलिस अपने सरकारी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोन ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने तीनों युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। पुलिस घटना के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई में जुटी।

# थाना मांची पुलिस को मिली सफलता, 01 नफर पशु तस्कर को किया गिरफ्तार, जंगल के रास्ते से बिहार ले जा रहे कुल 07 राशि गोवंश बरामद ।

**समाज जागरण**
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र**




मांची, सोनभद्र। अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मांची पुलिस द्वारा दिनांक 08.12.2024 को थाना क्षेत्र के चौरा जंगल से होते हुए बिहार ले जा रहे 07 राशि गोवंश के साथ 01 नफर अभियुक्त निर्मल सिंह उर्फ दारा सिंह पुत्र बौद्ध सिंह यादव ग्राम चौगड़ी कला थाना काराकाट (गोड़ारी) जिला रोहतास बिहार उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से 01 नफर अभियुक्त राजेश यादव उर्फ टम्पू पुत्र शिवपूजन यादव ग्राम निचली मड़पा थाना मांची जनपद सोनभद्र जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया जिनकी तलाश की जा रही है। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मांची पर मु0अ0सं0- 64/24धारा 3/5अ/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**बरामदगी का विवरण-**
07 राशि गौवंश । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण- 01. उ0 नि0 रामनयन यादव चौकी सुअरसोत थाना मांची जनपद सोनभद्र 02. उ0 नि0 लालता प्रसाद थाना मांची जनपद सोनभद्र 03. हे0 का0 अभिषेक सिंह थाना मांची जनपद सोनभद्र 04. का0 रंजन दुबे थाना मांची जनपद सोनभद्र

# नगर पंचायत ओबरा तापीय परियोजना की स्वामित्व वाली भूमि व परिक्षेत्र में बिना एनओसी के ही कर रहा कार्य ।

**संवाददाता दैनिक समाज जागरण शिव प्रताप सिंह**



ओबरा सोनभद्र मुख्य महाप्रबंधक ओबरा तापीय परियोजना निगम के स्वामित्व की भूमि पर नगर पंचायत ओबरा द्वारा कोई भी कार्य करने से पूर्व उसके लिए ओबरा तापीय परियोजना से अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त कर लिया जाए ,इस संदर्भ में दिनांक 28 11.2024 को एक पत्र नगर पंचायत ओबरा को दिया गया जिसमें तापीय परियोजना के द्वारा नगर पंचायत ओबरा को अवगत कराया गया कि निगम की स्वामित्व की भूमि व निगम के परिक्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत कोई भी कार्य बिना अनुमति लिए ना काराये लेकिन परियोजना निगम के अनुरोध के बाद भी नगर पंचायत ओबरा निगम के स्वामित्व के भूमि पर बिना एनओसी के कार्य करने पर आमादा है मामला दिनांक 20 11.2024 को हनुमान मंदिर से कॉन्वेंट तिराहा तक ओबरा सी तापीय परियोजना की सुरक्षा हेतु नगर पंचायत द्वारा बनाए जा रहे बाउंड्री वॉल से सटकर बिना अनुमति के शेड का निर्माण कराया जा रहा था । जिसके कारण परियोजना की सुरक्षा को संभावित खतरे को देखते हुए परियोजना बाउंड्री वॉल से शेड का निर्माण परियोजना के अधिकारियों द्वारा रोक दिया था । मौके पर मौजूद रहे नगर पंचायत ओबरा अध्यक्षा के प्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद थे निगम का कहना था कि इस शेड को अन्यत्र स्थानांतरित कर कहीं और बनाया जाए जिससे कि परियोजना की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके । लेकिन तापीय परियोजना निगम के अनुरोध को नगर पंचायत ओबरा दर किनार करते हुए परियोजना सी के बाउंड्री के किनारे ही शेड को तैयार करना शुरू कर दिया । जिससे कि परियोजना सी की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा । अनपरा तापीय परियोजना में भी नगर पंचायत है लेकिन अनपरा तापी परियोजना निगम के स्वामित्व की भूमि पर नगर पंचायत कार्य नहीं करता जो सार्वजनिक नहीं होती लेकिन यह एक अपवाद ओबरा में देखने को मिलता है की निगम की स्वामित्व की भूमि को नगर पंचायत सार्वजनिक कहकर सड़क ,नाली , और खड़ंजा जैसे सभी कार्यों को करने में लगा है जिस पर परियोजना के अधिकारियों द्वारा आपत्ति भी की गई लेकिन परियोजना की अनुमति के बिना ही नगर पंचायत ओबरा द्वारा कार्य को कराकर परियोजना और नगर पंचायत के बीच आपसी विवाद को और बढ़ाया जा रहा है । जिससे कि भविष्य में परियोजना के सामने अपनी स्वामित्व की भूमि को परियोजना Dके निर्माण के समय खाली करने में समस्या उत्पन्न होगी तथा सरकारी धन से जो भी परियोजना के स्वामित्व की भूमि पर नगर पंचायत कार्य कर रहा है उसे कार्य का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा जिसमें जनता की मेहनत की कमाई से जो विकास कार्य कराया जा रहा है धन क्षति होगी इस और जिम्मेदार अधिकारी को न्याय संगत निर्णय पर पहुंच कर परियोजना की स्वामित्व वाली भूमि पर नगर पंचायत NOC लेकर ही कार्य करें जिस की जनता के टैक्स का पैसा विकास के कार्यों में सही जगह खर्च हो सके जिसका लाभ जो क्षेत्र विकास नहीं कर पाए हैं वह विकसित हो सके क्योंकि परियोजना के क्षेत्र में विकास जैसे सड़क ,नाली,पेयजल, बिजली लाइट की व्यवस्था की जिम्मेदारी परियोजना निगम की है वहां पर तो नगर पंचायत को कार्य करना ही नहीं चाहिए क्योंकि वह परियोजना के द्वारा उसे क्षेत्र का विकास किया जाता रहा है

# थाना ओबरा पुलिस द्वारा 06 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया-

**संवाददाता दैनिक समाज जागरण**




श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण/नेतृत्व में जनपद के वाँछित/वारण्टी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत तथा मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में आज दिनांक 09.12.2024 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा 06 नफर वारण्टियों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण**
1. अमित विश्वकर्मा उर्फ सुजिया पुत्र कमलेश विश्वकर्मा निवासी भलुआ टोला थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 28 वर्ष । 2. गुड्डू पुत्र सिगार चन्द निवासी सेक्टर 10 ओबरा कालोनी थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष ।3. भगवान दास पुत्र रामनारायण निवासी बिल्ली मारकुण्डी थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 55 वर्ष ।4. शिवकुमार उर्फ पखन्डु पुत्र बुद्धिराम निवासी भलुआ टोला थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष । 5. मनीष केशरी पुत्र सुरेश केशरी निवासी फाफराकुण्ड थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 26 वर्ष । 6. छोटे लाल पुत्र शंकर निवासी कनहरा टोला थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 62 वर्ष ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**
उ0नि0 राम सिंह यादव , उ0नि0 रामसागर पटेल उ0नि0 सतीश कुमार सिंह राजेश दुब ,हे0 का0 कृष्णा प्रसाद यादव

# सोनभद्र के ब्रह्मोरी बालू साइट पर जमकर हो रहा अवैध खनन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ/विजय कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र । सोनभद्र के ब्रह्मोरी बालू साइट पर जमकर हो रहा अवैध खनन । शिकायकर्ता निर्भय चौधरी सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि ग्राम ब्रह्मोरी परगना अगोरी तहसील ओबरा सोनभद्र में तीन बालू/मोरम खनन पट्टा जो मेसर्स वर्धमान, इण्डो फार्मा एवं मास्टर जेनी के नाम से खनन पट्टा स्वीकृत है। उक्त खनन पट्टा स्थल जो पट्टेधारकों द्वारा ग्राम हर्रा के वनभूमि के क्षेत्र में अवैध रूप से ट्रकों के आवागमन हेतु बगैर परमिट हजारों ट्रक बोल्डर पत्थर ले जाकर अवैध निर्माण कर रहे है जिससे राज्य सरकर की छवि धूमिल हो रही है। जिस निर्माण को भौतिक रूप से देखा जा सकता है । बताते चले कि उक्त खनन पट्टा स्वीकृत स्थल पर जाने के लिए ग्राम पटवध से सड़क है लेकिन स्थानीय कर्मचारियों को अवैध धन देकर (एन०जी०टी०) के नियमों के विरूद्ध विपरीत दिशा से नदी तल के मध्य तक नदी की धारा को रोकते हुए वाहनों को आवागमन हेतु अवैध निर्माण कर रहे है। आम जनमानस द्वारा शिकायत करने पर उक्त खनन पट्टों के संचालन प्रतिनिधि द्वारा आम जनमानस को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं । खनन पट्टेधारक प्रतिनिधियों द्वारा कहा जाता है कि उच्चाधिकारियों द्वारा उक्त पटटों के संचालन हेतुअवैध धन लाखों रुपए प्रतिमाह के रूप में दिया जाता है जिसको जहां शिकायत करना है वो करता रहे। उक्त खनन पट्टाधारकों द्वारा अवैध खनन का ट्रकों पर तय मानक घन फीट/टन से अधिक बालू लोड कर परिवहन कराया जा रहा है जिससे राज्य सरकार को भी करोडों रुपए की क्षति हो रही है जिससे उक्त खनन पट्टों पर एन०जी०टी० के नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से दर्जनों पोकलेन व बड़ी-बड़ी नाव के द्वारा नदी तल के मध्य से लगभग 30-40 फीट नीचे गहराई खनन किया जा रहा है। जिससे कछुआ व घडियाल और मगरमच्छ इत्यादि जलीय जन्तु को जान की क्षति हो रही है । बताते चले कि नदी के मध्य में व ग्राम हर्रा की वन भूमि में अवैध रास्ते का निर्माण कर रहे है । जो कैमूर वन्य जीव बिहार सेन्चुरी क्षेत्र के नियम व कायदों का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। ऐसी स्थिति में बताए तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तीनों खनन क्षेत्रों का भौतिक रूप से जांच कर कार्यवाही जनहित में व आम जनमानस के स्वास्थ्य हित व पर्यावरणीय संरक्षण के लिए कार्यवाही किया जाना आवश्यक है । अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है या फिर आंख मूंदे बैठा रहता है।

# समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आक्रोश, अधिकारियों की उदासीनता से नागरिकों में असंतोष

भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ महिला कांग्रेस करेगी आंदोलन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे ने आक्रोश व्यक्त करते हुए अपने जारी बयान मे कहा कि समाज कल्याण विभाग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार और अनियमितता पर समाज कल्याण मंत्री और जिला प्रशासन मौन है।ऊषा चौबे ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के क्रियाकलापों को लेकर सोमवार को जय प्रकाश सर्वोदय विद्यालय दुद्धी के बच्चों ने प्रबंधन के खिलाफ लामबंद होकर आंदोलन को बेबस हुए हैं। ऊषा चौबे ने कहा की अभी कुछ दिनों पहले सामुहिक विवाह, वृद्धा पेंशन में सत्यापन में हुई गड़बड़ियां समाने आई थी, जिसको लेकर महिला कॉग्रेस कार्यकर्ता ने जिला अधिकारी को ज्ञापन के जरिये अवगत कराया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही न होने से प्रशासन के भी कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है। उन्होंने कहा की महिला कॉग्रेस द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही जिले के समस्त एटीएस विद्यालय में भोजन ,और अन्य सामानों की गुणवत्ता पूर्वक जांच की मांग की गई थी, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। श्रीमती चौबे ने कहा की बीजेपी सरकार में गरीब ,आदिवासियों, और



दलित बच्चों के निवाला पर डाका डाला जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व दुद्धी एटीएस विद्यालय पर अनुसूचित जाति जन जाति के उपाध्यक्ष के सामने बच्चों ने दाल में पानी और खराब गुणवत्ता के भोजन के देने की बात सामने आई थी, लेकिन उपाध्यक्ष के निर्देश के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, इसलिए ऐसा प्रतीत होता है की बीजेपी सरकार में समाज कल्याण मंत्री और उपाध्यक्ष अनुसूचित जन जाति के गृह जिले में जिले के अधिकारियों पर कोई डर नहीं है, जिससे लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है, उन्होंने चेतावनी देते हुई कहा कि अगर शीघ्र दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई और बच्चों के भोजन और अन्य सामानों में गड़बड़ियों की जांच नहीं हुई तो महिला कॉग्रेस सड़कों पर उतर कर बड़ा आंदोलन करेगी।

# जुगैल में चल रहे सप्त दिवसीय वनवासी श्री राम कथा का भव्य समापन

सोमवार को हवन पूजन के पश्चात हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता विकास खंड चोपन, आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



जुगैल, सोनभद्र। विकास खंड चोपन के ग्राम पंचायत जुगैल में चल रहे संगीतमय सप्तदिवसीय वनवासी श्री राम कथा का समापन समारोह भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा ली। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का संदेश दिया। समापन दिवस पर हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, पंचायत सदस्य, और अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।इस आयोजन ने ग्रामवासियों को एकजुटता और आध्यात्मिकता का संदेश दिया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया। कथा समापन के पश्चात समिति के सभी सम्मानित पदाधिकारियों को ग्राम प्रधान सुनीता यादव ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित कियो इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा, ब्लाक प्रमुख श्रीमती लीला देवी गोंड़,नगरपालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य जुगैल श्रीमती उत्तरा त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह,नवल किशोर चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय,सत्य प्रकाश तिवारी, विशाल गुप्ता, शबनम मिश्रा, पूर्व चेयरमैन ओबरा दुर्गावती देवी, दिलीप चौबे, उमेश सिंह पटेल,श्रीनीवास तोमर, विनोद तिवारी, उमेश चौबे, कालीचरण खरवार, सुनीता खरवार सहित भारी संख्या में कथा प्रेमी मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव ने सफल आयोजन को लेकर सबको धन्यवाद ज्ञापित किया

# संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं -राष्ट्रीय सन्त सच्चिदानंद जी महाराज।

**दैनिक समाज जागरण आदिवासी सुनील त्रिपाठी, संवाददाता विकास खंड चोपन**




चोपन, सोनभद्र।- सोन नदी के पावन तट पर सोनेश्वर महादेव मंदिर के समीप चल रहे संगीतमय सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा चोपन के दूसरे दिन सिद्धपीठ विंध्याचल धाम से पधारे हुए सन्त श्री सच्चिदानंद जी महाराज ने कथा के माध्यम से सुखदेव जी के जन्म की कथा . कुन्ती चरित्र . पितामह भीष्म का चरित्र सुनाते हुए बोले कि कर्म का फल सबको मिलता है भीष्म जी बाल्य अवस्था में एक सर्प को उठाकर फेक दिए वो जाकर काटे के झाड़ में गिरा पूरे शरीर में कटा चुभ गया . इस कारण से पितामह भीष्म को बाँड़ो की सैया मिला जीवन में कर्म बहुत सोच समझकर के करना चाहिए। इस मौके पर संजीव तिवारी, बाबुलाल केशरी, कन्हैया लाल केशरी, राजेश साहनी, विशाल विश्वकर्मा, उदीत केशरी, महेंद्र केशरी, पम्मी केशरी, राहुल पटेल आदि मौजूद रहे

# दुष्कर्म का आरोपी संजय कुमार भारती दोषमुक्त

- अभियोजन पक्ष दोषसिद्ध करने में रहा असफल
- कोर्ट ने पीड़िता समेत तीन गवाहों के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का दिया आदेश

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ सोनभद्र, विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू , सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने शनिवार को साढ़े चार वर्ष पूर्व हुए दुष्कर्म के मामले सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध न पाकर आरोपी संजय कुमार भारती को दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष दोषसिद्ध करने में असफल होने पर कोर्ट ने पीड़िता समेत तीन गवाहों के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कोन थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि वह शौच के लिए गई थी तभी कोन थाना क्षेत्र के करइल गांव निवासी संजय कुमार भारती पुत्र स्वर्गीय अशफीर्लाल ने डरा धमकाकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया। इसके अलावा 7-8 माह तक उसके साथ जबरन संबंध स्थापित कर शोषण करता रहा। जिसकी वजह से 7 माह का गर्भ भी ठहर गया है। इस तहरीर पर 2 सितम्बर 2020 को एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था।मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने पर पीड़िता समेत तीन गवाहों द्वारा अभियोजन की घटना का समर्थन न करने पर आरोपी संजय कुमार भारती को दोषमुक्त करार दिया। वहीं कोर्ट ने अभियोजन घटना का समर्थन न करने पर पीड़िता, पीड़िता के पिता और भाभी के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की सम्पन्न

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को निर्धारित समयान्तर्गत किया जाये पूर्ण- जिलाधिकारी

एन0एच0एम0 की धनराशि व्यय करने में शिथिलता बरतने में डी0पी0एम0 चीफ फॉर्मासिस्ट, ए0सी0एम0ओ0 को जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के दिये निर्देश

जननी सुरक्षा योजना के भुगतान मे शिथिलता व सी0एच0सी0 पर प्रसव कम होने पर जिलाधिकारी ने नगवा, चोपन, म्योरपुर के एम0वाई0सी0 को स्पष्टीकरण जारी करने के दिये निर्देश

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

**दैनिक समाज जागरण**




सोनभद्र। जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एन0एच0एम0 योजना के अन्तर्गत धनराशि व्यय की समीक्षा की तो व्यय धनराशि की प्रगति धीमी पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने डिस्ट्रीक प्रोग्राम मैनेजर, चीफ फार्मास्टि, ए0सी0एम0ओ0 स्टोर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य प्रद्धति में सुधार न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्य सुनिश्चित की जायेगी, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत भुगतान एवं टीकारण के प्रगति के समीक्षा की तो चोपन, म्योरपुर, नगवा समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भुगतान की प्रगति धीमी पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सी0एच0सी0 प्रभारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने निजी चिकित्सालयों के निरीक्षण कार्यो की भी समीक्षा की समीक्षा के दौरान निजी चिकित्सालयों के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट चिकित्सालयों का रोस्टर बनाकर निरीक्षण किया जाये और उसकी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये जिन अस्पतालों में मौके पर डाक्टर उपलब्ध न हो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होने कहा कि विद्यालयो में आयरन एलबेन्डाजाल की दवाओं का वितरण समय से किया जाये और उसकी मासिक रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को उपलब्ध करायी जाये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जिला चिकित्सालय समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्दों पर मरीजो को दवा अस्ताल परिसर से उपलब्ध करायी जाये बाहर की दवा मरीजों को न लिखी जायें, उन्होने कहा कि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र से सम्बन्धित रिपोर्ट अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत और जिला पंचायत राज अधिकारी समय से जारी कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने सुरक्षित मातृ वन्दना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, फैमिली प्लानिंग, नियमित टीकाकरण के प्रगति की गहन समीक्षा की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आर0बी0एस0के0 टीम के भ्रमण की मानीटरिंग नियमित रूप से की जाये, सी0एच0सी0 व पी0एच0सी0 पर रैण्डम आधार पर निरीक्षण किया जाये, समीक्षा के उपरान्त जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जो भी योजनाएं हैं, उनका क्रियान्वयन निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही कदापि न बरती जाये। जिला स्वास्थ्य समिति शासनादेशानुसार जिले में बेहतर जन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य करें। केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जाय। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, डी0सी0 मनरेगा श्री रविन्द्र वीर, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विनीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित गण उपस्थित रहें।

# हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद

26-26 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 4-4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

जेल में बितायी अवधि सजा में होगी समाहित ढाई वर्ष पूर्व हुए सुखवंती हत्याकांड का मामला

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र, विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। ढाई वर्ष पूर्व हुए सुखवंती हत्याकांड के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर चार दोषियों अशोक अगरिया, पप्पू अगरिया,कैलाशी देवी उर्फ नन्हकी व मुन्नी अगरिया को उम्रकैद व 26-26 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4-4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मुद्रिका अगरिया पुत्र स्वर्गीय रामदेव अगरिया निवासी लोढ़ा, थाना माची, जिला सोनभद्र ने माची थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी पोती सुखवंती को 12 अगस्त 2022 को दोपहर एक बजे गला दबाकर व मारपीट कर उसका पति अशोक अगरिया, पप्पू अगरिया, कैलाशी देवी उर्फ नन्हकी व मुन्नी अगरिया निवासीगण महुली, थाना माची, जिला सोनभद्र षड्यंत्र करके हत्या कर दिया। सूचना मिलने पर घर गांव के लोगों के साथ मौके पर गया तो सुखवंती की लाश पड़ी थी। घर के लोग भाग गए थे। रात होने की वजह से दूसरे दिन सूचना दे रहा हूं।आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस तहरीर पर पुलिस ने 13 अगस्त 2022 को एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों अशोक अगरिया, पप्पू अगरिया, कैलाशी देवी उर्फ नन्हकी व मुन्नी अगरिया को उम्रकैद व 26-26 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4-4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# रानी कमलापति न्यास के तत्वाधान में मातृशक्ति ने विशाल चल समारोह निकाला

दैनिक समाज जागरण

राजगढ़ विष्णु नायकः सारंगपुर नगर में रानी कमलापति न्यास के तत्त्वावधान में मातृशक्ति द्वारा विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें नगर के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बहनें भी सम्मिलित हुईं। मुख्य





अतिथि के रूप में मंच पर नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी धुव्र भल्ला, कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में रानी कमलापति न्यास की कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ.निवेदिता चतुर्वेदी, विशेष अतिथि श्रीमती ऋचा मिश्रा, हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक गगन सोनी एवं सह संयोजिका श्रीमती तृप्ति शर्मा उपस्थित थे। डॉ.निवेदिता चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी, अधिकार और कर्त्तव्य तीनों एक दूसरे से बंधे हुए हैं। छोटी बच्चियों से उन्होंने कहा कि हमारे माता-पिता से ज्यादा अच्छी हमारी देखभाल और कोई नहीं कर सकता है। आगे उन्होंने अपने उद्बोधन में रानी अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई और रानी अब्बक्का का उल्लेख कर, नारी के शौर्य और साहस का उदाहरण देकर रानी अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती के बारे में विस्तार से बताया, और यह भी बताया कि किशोरियों को कैसे अपने निर्णय लेते समय सभी बातों को ध्यान रखना चाहिये और कितनी बुद्धिमत्ता एवं विवेक से निर्णय लेना चाहिए। विशेष अतिथि श्रीमती ऋचा मिश्रा ने कहा कि नारी अबला नहीं थी, हमारी ऊर्जा कैसे समाज के काम आए, इसके लिए रानी अहिल्याबाई ने 300 वर्ष पहले कैसे 500 महिलाओं की सेना बनाई और परिवार तथा राज्य की जिम्मेदारी एक साथ सफलतापूर्वक निभाई, कैसे जीजाबाई ने शिवाजी को गढ़ा, इसका उदाहरण देकर भविष्य में हमारे पास सम्बन्ध या रिश्ते कैसे बच पाएंगे इस बारे में बात की। आज की यह किशोरी शक्ति भविष्य की मातृ-शक्ति बनकर सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ बनाने में कैसे और क्या योगदान दे सकती है, बताया। हम एकल परिवार में रहने लगे हैं। जिसके कारण हमारे समाज में महिलाओं और बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, इसे रोकने में हम क्या और कैसे योगदान दे सकते हैं। इसके लिए हमें अपने आसपास के वातावरण के प्रति स्वयं जागरूक रहने और जागरण का कार्य करना होगा। धर रूप तुम्हें काली का, अपना युद्ध स्वयं लड़ना होगा। तीर कमान हाथों में लेकर अर्जुन तुझको गढ़ना होगा......। अपने जीवन की आगे की लड़ाई हमे स्वयं ही लड़ना होगा। हमें इतना मजबूत बनना होगा कि हमारी ओर कोई आंख उठाने का साहस भी न कर सके। हमें जीवन की समस्त बाधाओं को पार करके जीतना है। इस कार्यक्रम की मूल भावना को हम सबके अन्दर समाहित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के समाज सेवी ध्रुव भल्ला रहे। इस चल समारोह में विशेष अतिथि हिन्दू जागरण मंच मध्यक्षेत्र संगठक डॉ. मनीष उपाध्याय, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डॉ. विजेन्द्र नागर, भोपाल संभाग संगठक अजय बरुआ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजगढ़ विभाग प्रचारक मोहित अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य जितेन्द्र पाठक भी उपस्थित रहे।

लगभग 350 बहनों का चल समारोह सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों और चौराहों से होते हुए पूरे नगर में निकाला गया, इस चल समारोह का समाजजनों द्वारा जगह-जगह पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठितजनों के साथ ही हिन्दू जागरण मंच के सभी जिला, खण्ड एवं नगर कार्यकारिणी के कार्यकताओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# पूणार्यु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ दयोदयतीर्थ, जबलपुर में "पूणार्युर्वेद विद्यारंभ समारोह" संपन्न

दैनिक समाज जागरण

जबलपुर/दिनांक 06 दिसंबर 2024 को परम पूज्य आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से एवं परम पूज्य आचार्यश्री 108 समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से श्री दिगंबर जैन संरक्षिणी सभा द्वारा संचालित पूणार्यु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ, दयोदयतीर्थ, जबलपुर (म.प्र.) में "पूणार्युर्वेद विद्यारंभ समारोह" (सत्र-2024-25) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री लेखराम सिंह 'मुन्ना मैया' समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि श्री सुशील तिवारी जी "इंदू भैया", विधायक पनागर विधानसभा,एवं सी ए अखिलेश जी जैन प्रदेश कोषाध्यक्ष बी जे पी,डायरेक्टर गेल इंडिया, श्री कैलाशचन्द जी जैन, अध्यक्ष-श्री दिग. जैन पंचायत सभा, जबलपुर एवं परम संरक्षक-स.सि.



श्रीमान संतोष कुमार जी जैन 'भाईजी' श्री दिगंबर जैन संरक्षिणी सभा, जबलपुर उपस्थित रहे। समस्त उपस्थित सम्मानीयगणों ने आर्यिका श्री 105 आदर्शमति माताजी एवं क्षुल्लक 105 श्री तत्वसागर जी महाराज ससंघ को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरूआत माननीय अतिथियों द्वारा प.पू. आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं प.पू. आचार्यश्री 108 समयसागर जी महाराज के छायाकृति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पूणार्यु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ के माननीय न्यासीगण श्री पवन चौधरी जी, श्री सौरभ जैन जी ( नन्नू भैया), श्री जलज जैन जी, श्री राज जैन, डॉ. श्री स्वप्निल सिंघई-प्राचार्य पूणार्यु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ, जबलपुर द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में पूणार्यु के समस्त चिकित्सक, शिक्षक एवं समस्त बी.एम.एम.एस. अध्ययनरत छात्राऐं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रयागराज महाकुम्भ में प्रवाहित होगी वेदों की गंगा,

# संतों के शिविर में गूंजेगी वेदों की वाणी

## प्रयागराज और आसपास के जनपद के वेद विद्यालयों से वेद पाठ के लिए महाकुम्भ आयेंगे वेद विद्यार्थी

महाकुम्भ नगर, 9 दिसंबर। महाकुम्भ भारतीय संस्कृति का महापर्व है। आध्यात्मिकता के साथ सामाजिकता का भाव समेटे यह आयोजन विभिन्न रूपों में प्रकट होता है जिसका मूलाधार हैं वेद। इन्ही वेदों की वाणी प्रयागराज महाकुंभ में भी गूंजेगी। महाकुम्भ क्षेत्र में संतों के विभिन्न शिविर इसके साक्षी होंगे ।

### महाकुम्भ में गूंजेगी वेदों की वाणी

योगी सरकार जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ को दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान कर रही है। महाकुम्भ क्षेत्र में साधु संतों और अखाड़ों के भव्य शिविर आकार लेने लगे हैं। एक तरफ जहां इन शिविरों को व्यवस्थित स्वरूप देने में मेला प्रशासन लगा हुआ है तो वहीं साधु संत अपने अपने शिविरों को वैदिक संस्कृति के ताने बाने में पिरोने में लगे हैं। धमार्चार्यों और अखाड़ों के महामण्डलेश्वरों के शिविरों में नियमित रूप से कथा, भागवत और प्रवचन की त्रिवेणी के साथ वेद मंत्रों की गंगा प्रवाहित करने की कवायद चल रही है। वेद विद्यालयों में अध्ययन करने वाले बटुकों की वेद पाठ के लिए अग्रिम व्यवस्था की जा रही है। स्वामी नरोत्तमानंद गिरी वेद विद्यालय झूंसी के प्राचार्य ब्रज मोहन पांडेय का कहना है कि इस आयोजन से भारत की वैदिक संस्कृति को प्रचार प्रसार और नई पीढ़ी को समझने का अवसर मिलेगा। अखाड़ों और महा मंडलेश्वरों के शिविर में सबसे अधिक है मांग महाकुम्भ के अखाड़ों में सामान्य तौर पर साधक और साधना की विभिन्न क्रियाएं ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों को देखने को मिलती हैं। लेकिन इस बार यहां वेदों की ऋचाएं भी गूंजेगी। श्री पंच अग्नि अखाड़े के महा मंडलेश्वर सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी कहते हैं कि वैदिक संस्कृति को विस्तार देने के लिए अखाड़ों में वेद पाठ करने वाले बटुकों को वेद पाठ के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# प्रेस क्लब में वरिष्ठ पत्रकार कमलेश वकील के सम्मान में स्मृति सभा आयोजित

दैनिक समाज जागरण /

नई दिल्लीः प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने वरिष्ठ पत्रकार कमलेश कौल वकील के जीवन और विरासत को सम्मानित करने के लिए एक भावपूर्ण स्मृति सभा का आयोजन किया। कमलेश समाचार पोस्ट डेली के प्रधान संपादक थे, जिनका 24 नवंबर को गुरुग्राम में हृदय गति रूकने से निधन हो गया था। इस कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों और कानूनी और पत्रकार बिरादरी के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गौतम लाहिड़ी ने की।

इस मौके पर गौतम लाहिड़ी ने कमलेश को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए इस बात पर बल दिया कि पत्रकारों को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेस क्लब हमेशा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करता रहता है। एक स्वास्थ्य जांच शिविर में एक चिकित्सक ने बताया कि 90 फीसदी पत्रकारों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप की शिकायत है। वरिष्ठ पत्रकार और यूपी सरकार के दिल्ली




प्रवक्ता संजय सिंह ने सुझाव दिया कि पत्रकारों का ग्रुप स्वास्थ्य बीमा होना चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे अपना उचित इलाज करा सके। कमलेश की भावपूर्ण स्मृति सभा को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से आदिश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल, उत्पल कौल, महासचिव, ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा, रोहित सिंह, आईएएस झांसी, पारुल जैन, अध्यक्ष, भारतीय महिला प्रेस कोर, समीर चुंगरू, अध्यक्ष, कश्मीरी समिति दिल्ली, नीलम महाजन, प्रथम विशेष संवाददाता, दूरदर्शन, दीप्ति अंबरदार चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष, अमेरिकन बैंक, सुनील शखधर, पूर्व अध्यक्ष, कश्मीर समिति दिल्ली, ललित अंबरदार, सामाजिक कार्यकर्ता, रमेश मानवती, पनुन कश्मीर, राजेंद्र घासी और शिव भट कश्मीरी पंडित नेता आदि शामिल थे। कई वरिष्ठ पत्रकारों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनमें श्रीकांत भाटिया, सुशील वकील, सुनीता वकील, प्रीति वकील नेहरू और संजय काव, विजय शंकर चतुवेर्दी, सुशील कुमार और राजेंद्र रतौड़ी आदि थे।

उपस्थित लोगों ने कमलेश वकील के उल्लेखनीय करियर और पत्रकारिता में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विचार-विमर्श किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर में पहला अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र समाचार पोस्ट शुरू करना और 1990 के उग्रवाद के दौरान नई दिल्ली में मजबूर प्रवास के बाद नई दिल्ली में प्रकाशन का निर्माण करना शामिल है। उनके समर्पण, नैतिक रिपोर्टिंग और सत्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें पूरे मीडिया जगत में सम्मान दिलाया। प्रेस क्लब के सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने श्री वकील की पत्नी नीरजा वकील और बेटों ऋषि और राहुल वकील सहित उनके परिवार के प्रति अपना समर्थन और एकजुटता व्यक्त की। उनकी पेशेवर उपलब्धियों से लेकर व्यक्तिगत संबंधों तक, श्री वकील की विरासत को विभिन्न क्षेत्रों के मित्रों, सहकर्मियों और प्रशंसकों ने विशद रूप से याद किया। कई लोगों ने अपने 45 साल से अधिक के पत्रकारिता करियर के दौरान पत्रकारिता और समाज पर उनके गहन प्रभाव को रेखांकित करते हुए अपने अनुभव साझा की और उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

सभा का संचालन सिंधी पत्रकार श्रीकांते भाटियो ने की।

# गीता का कालातीत ज्ञान

(गीता जयन्ती पर विशेष)

विवेक अत्रे

भारत के बच्चों ने अपने बचपन में जितनी भी कहानियां सुनी हैं, उनमें से महाभारत की कथा ने उन्हें अनेक सदियों से सबसे अधिक आकर्षित किया है। महाभारत-कथा कथानक, उपकथानकों, पात्रों और छलकपट इत्यादि विविध जटिलताओं से पूर्ण है, तथापि इसका सार गीता के सन्देश में निहित है। श्रीमद्भगवद्गीता स्वयं भगवान् द्वारा अपने भक्त महान् पाण्डव योद्धा अर्जुन को प्रदान किये गए कालातीत, युगान्तरकारी और शाश्वत एवं दिव्य धर्मोपदेश की एक अत्यन्त उत्कृष्ट प्रस्तुति है।

ऐसा सत्य ही कहा गया है कि एक भक्त किसी समय में अपनी आध्यात्मिक यात्रा के जिस चरण में होता है, श्रीमद्भगवद्गीता यात्रा के उस खण्ड पर अपना प्रकाश डालती है।

प्रत्येक वर्ष दिसम्बर के महीने में सम्पूर्ण विश्व में गीता जयन्ती मनाई जाती है और विशेष रूप से इस अवधि में ज्ञानीजन इस महान् ग्रन्थ में निहित गहन विषयों पर प्रकाश डालते हैं।

जब कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अर्जुन अपने ही ह्लसम्बन्धियोंह्व के विरुद्ध युद्ध करने के लिए इच्छुक नहीं थे तथा विषाद की स्थिति में थे, तो प्रत्युत्तर में भगवान् श्रीकृष्ण ने उन्हें अपने रूपान्तरकारी एवं प्रेरक शब्दों के साथ परम सत्य का उपदेश दिया। श्री श्री परमहंस योगानन्द द्वारा रचित पुस्तक ह्लईश्वर-अर्जुन संवादह्व श्रीमद्भगवद्गीता और उसमें अन्तर्निहित सन्देश की एक अत्यन्त गहन आध्यात्मिक व्याख्या है। योगानन्दजी ने वैश्विक स्तर पर अत्यन्त लोकप्रिय पुस्तक, ह्लयोगी कथामृतह्व तथा अनेक अन्य अत्यधिक प्रेरणादायक आध्यात्मिक पुस्तकों का भी लेखन किया है।

दो खण्डों वाली पुस्तक ह्लईश्वर-अर्जुन संवादह्व में योगानन्दजी ने गीता के 700 श्लोकों के वास्तविक महत्व का विस्तृत विश्लेषण किया है। भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए दिव्य उपदेश का सार यह है कि हम सब आत्मा हैं, शरीर नहीं, और अन्ततः हमारे भीतर विद्यमान पाण्डवों को हमारे भीतर विद्यमान कौरवों पर विजय प्राप्त करनी होगी, ताकि आत्मा जन्म और मृत्यु के अन्तहीन चक्रों से मुक्त हो सके।

भगवान् ने जिस प्रकार अपने शिष्य अर्जुन को सर्वोच्च युद्ध लड़ने का परामर्श दिया था, उसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य को अपने अहंकार, आदतों, क्रोध, बुराई, वासना और भौतिक इच्छाओं पर विजय पाने





श्री श्री परमहंस योगानंद

का प्रयास करना चाहिए, ताकि वह अन्तिम मोक्ष प्राप्त कर सके। योगानन्दजी बताते हैं कि महाभारत का प्रत्येक पात्र एक अद्वितीय गुण का प्रतीक है, जिसे हमें पराजित करना है अथवा उसका पोषण करना है—यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह गुण अन्दर विद्यमान दुष्ट कौरवों का प्रतिनिधित्व करता है या नेक पाण्डवों का।

योगानन्दजी की ह्लक्रियायोगह्व शिक्षाओं में गीता का मूल सन्देश निहित है। ह्लक्रियायोगह्व आत्म-साक्षात्कार का सर्वोच्च मार्ग है। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) द्वारा प्रकाशित योगानन्दजी की गृह अध्ययन पाठमाला में ह्लक्रियायोगह्व ध्यान प्रविधियों के विषय में चरणबद्ध निर्देश सम्मिलित हैं। यह योगदा सत्संग पाठमाला सभी सत्यान्वेषियों के लिए उपलब्ध है तथा इस पाठमाला के माध्यम से लाखों भक्तों ने अपनी आध्यात्मिक खोज को तीव्र करने की क्षमता प्राप्त की है।

श्रीमद्भगवद्गीता में ध्यान की इस उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रविधि ह्लक्रियायोगह्व का दो बार उल्लेख किया गया है। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी की ह्लीलाह्व के माध्यम से मानवजाति ने पुनः इसकी खोज की। बाबाजी ने अपने शिष्य और योगानन्दजी के परम गुरु लाहिड़ी महाशय को इसका ज्ञान प्रदान किया। लाहिड़ी महाशय ने स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि को ह्लक्रियायोगह्व की दीक्षा प्रदान की और तत्पश्चात उन्होंने अपने प्रमुख शिष्य योगानन्दजी को दीक्षा प्रदान की।

भारत में एक कहावत है, ह्लजहाँ कृष्ण हैं, वहाँ विजय है !ह्व वस्तुतः वे लोग अत्यन्त भाग्यशाली हैं, जिन्होंने अपनी जीवनशैली का निर्माण गीता की शिक्षाओं के अनुरूप किया है। अधिक जानकारी : yssi.org

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
फुल पेज कलर 40K
हाफ पेज कलर 20K
क्वार्टर पेज कलर 10K
मुख्य पृष्ठ पर 20% extra

## कब्जा कार्रवाही में नगर पालिका अधिकारियों ने की कोर्ट के आदेश की अवहेलना

# नोटिस देने व कार्रवाही करने में नगर पालिका निभा रही है भाई भतीजावाद :विक्रम सैनी

## नगर पालिका या प्रशासन ने नहीं दी तोड़फोड़ के लिए कोई सूचना :विक्रम सैनी

दैनिक समाज जागरण

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : नगर पालिका बरवाला द्वारा खसरा एवं गली नंबर 1685 में कब्जा कार्रवाई की गई हालांकि नगर पालिका बरवाला द्वारा 24 जून 2019 को कार्यालय के पत्र क्रमांक 1021 में कब्जा कार्रवाही के लिए राजेश कुमार को लिखा था जिस पर राजेश कुमार ने माननीय न्यायालय की शरण लेते हुए स्टे लिया जो आज तक जारी है लेकिन नगर पालिका ने माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए आज कब्जा कार्रवाही की जिसमें राजेश कुमार के बने हुए कुछ हिस्से को नगरपालिका ने तोड़ दिया। मौके पर स्टे दिखाया तब जाकर के तोड़फोड़ कार्रवाई रोकी गई ।जबकि राजेश कुमार व जयगोपाल ने कहा कि उनको कब्जा कार्रवाही बारे प्रशासन की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई जबकि स्टे की कॉपी नगरपालिका में जमा है मनमाने ढंग से अधिकारियों ने उनके मकान को तोड़ने का काम किया हैआज की कब्जा कार्रवाही की सूचना स्थानीय लोगों ने उनको फोन किया तभी वह मौके पर पहुंचे जिस प्रकार की है कार्रवाही की गई है इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नगर पालिका प्रशासन भाई भतीजाबाद करते हुए मनमाने ढंग से तोड़फोड़ कर रहा है।

वही दूसरी ओर विक्रम पुत्र विजय सिंह पुत्र करतार सिंह ने नगर पालिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनको काफी समय पूर्व एक



2023 में नोटिस मिला तब उन्होंने फिर से पैमाइश करने के लिए निवेदन किया था और 27 जून 2024 को ड्यूटी मजिस्ट्रेट करके तोड़ने के लिए नियुक्त किया जा चुका था लेकिन तब हमने फिर से पैमाइश करने का आग्रह किया और आज तक वह पैमाइश नहीं हुई ना ही हमें कोई सूचना दी गई

जिसका जवाब उन्होंने दिया था कि वह उनकी जगह पर काबिज है और नगर पालिका के किसी स्थान पर उनका कब्जा नहीं है वह निशानदेही गलत है जिस पर नगर पालिका सचिव ने उनको आश्वासन दिया था कि फिर से निशानदेही उपरांत थी कोई कार्रवाई की जाएगी लेकिन आज जिस प्रकार से कब्जा कार्रवाई की गई है ना उनको इस प्रकार की कोई सूचना दी गई और भाई भतीजा बात निभाते हुए नगर पालिका प्रशासन ने उनके मकान को तोड़ा है जबकि जो लोग कब्जा धारक हैं उनको आज तक नोटिस भी नहीं दिया नगर पालिका की यह साढे 16 फुट की गली है अगर यह उनकी जगह भी दे दी जाए तो भी है गली पूरी नहीं होती नगर पालिका प्रशासन यह भी बताएं की साढे 16 फुट की गली किस रूप से वह पूरी कर पाएंगे ।जबकि जरूरत यही है कि फिर से पैमाइश हो।

वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि है कार्रवाही पार्षद के इशारे पर नगर पालिका प्रशासन ने की है जबकि पार्षद का भाई स्वयं कब्जा धारक है।

### क्या कहते हैं ड्यूटी मजिस्ट्रेट

जब इस विषय पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट विवेक पंघाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट कानून एवं शांति के लिए नियुक्त किया जाता है नोटिस देना तथा उस पर कार्रवाई करना संबंधित विभाग का काम होता है। यहां ऐसी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

### क्या कहते हैं सचिव गौरव शर्मा

नगर पालिका सचिव गौरव शर्मा से जब इस विषय पर बात की गई तो उन्होंने कहा जिसका स्टे था उस पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### नगर पालिका अभियंता अमित बेरवाल से बात की गई

जब इस विषय पर नगर पालिका अभियंता अमित बेरवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दो अवैध कब्जे हटवाए गए हैं वार्ड 6 तथा 18 में कब्जा कार्रवाई की गई है नगर पालिका में यह मामला 2019 से चल रहा है अगर किसी को पैमाइश पर ऐतराज है तो खुद अपने खर्चे पर पैमाइश करवा कर संतुष्टि करें। नगर पालिका ने पैमाइश करवा दी है। जबकि जिस पर स्टे था उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई ।

# बेटे को शराब पिलाकर स्टाम्प पेपर पर लिखवा ली जमीन, विधवा महिला ने एसडीएम से लगाई गुहार

## पीड़िता ने एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष सैफई से की शिकायत

दैनिक समाज जागरण

सैफई ( इटावा) थाना सैफई के ग्राम नगला सुभान की विधवा महिला सुदामा देवी ने गांव के नामजद पर बेटे को शराब पिलाकर स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करवाकर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। एसडीएम सैफई ने थानाध्यक्ष सैफई को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया है। नगला सुभान निवासी विधवा सुदामा देवी पत्नी स्व० सोवरन सिंह ने बताया कि मेरे पुत्र रजनेश कुमार को गांव के राजपाल सिंह पुत्र मुंशीलाल ने शराब पिलाई और 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर 35 हजार रुपये में जमीन बेचने के हस्ताक्षर करवा लिये। और 10 हजार का अलग तहसील का खर्च भी बताया गया। जब कि इस मामले की भनक जमीन मालिक महिला व उसके परिवारियों को नही हुई। इसमे सबसे ताज्जुब बाली बात रही कि उक्त जमीन बिक भी गयी और गांव का 10 -12 लोगों ने गवाह के तौर पर अपने अपने हस्ताक्षर भी कर दिए। उक्त मामले वर्ष 2021 का है वृद्ध महिला थाना तहसील में भटकती रही लेकिन उसकी कोई सुनबाई नही हुई फिर उसकी मदद के लिए उसके बेटी दामाद आगे आये और उन्होंने पैरवी की तो उपजिलाधिकारी सैफई ने पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना सैफई ने हल्का इंचार्ज नूर मोहम्मद को जांच सौंपी है। इस मामले में जब नूर मोहम्मद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मौके पर जाकर जांच की गई है जमीन की असल मालिक वृद्ध महिला है दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है लेकिन बिपक्षी थाने नही आये है वादी थाने पर मौजूद है आगे जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



### बेटे की हो सकती है हत्या : सुदामा देवी

उक्त जमीन की मालिक सुदामा देवी ने बताया कि बिपक्षी ने मेरे लड़के को शराब पिलाकर स्टाम्प पेपर पर साइन करवा लिए और फर्जी तरीके से मेरी जमीन पर कब्जा कर लिया। अब शिकायत के बाद इसमें जो 10 -12 लोग गबाह थे वो भी इसमें आरोपी बन रहे है यह सब मेरे लड़के को मारने के लिए खोज रहे है मेरे लड़के की उक्त लोग हत्या कर सकते है। क्यों कि मेरे लड़के ने स्पष्ट बात दिया है कि राजपाल ने मुझे एक रुपया नही दिया और शराब के नशे में मेरे साइने करवो लिए।

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
फुल पेज कलर 40K
हाफ पेज कलर 20K

# इल्तजा मुफ्ती को दिमागी डॉक्टर से इलाज की जरूरत- चंदेल

## (*मुगलों की संतान मुफ्ती का सामाजिक राजनीतिक बहिष्कार होना चाहिए* )



**दैनिक समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश 9 दिसम्बर / हिंदू सनातनी भाजपा वरिष्ठ नेता गुरुजी राजू चंदेल ने देश के तमाम वाल्मीकि समाज के विकास व* *उत्थान के लिए जगतगुरु स्वामी मान दासवाल्मीकि *जी के साथ वाल्मीकि समाज के उत्थान में विकास को लेकर विचार विमर्श करते हुए कहा कि हमारा* *वाल्मीकि समाज आज देश का सबसे बहादुर व मजबूत समाज है जो हमेशा ही मुगलों से लोहा लेट आया है और सनातन हिंदु भाइयों की रक्षा करता चला आया है मुगल काल में भी मुगलों को जबरदस्त टक्कर देने का काम हमारे वाल्मीकि समाज ने किया आज तमाम देश के सनातनियों को मिलकर वाल्मीकि समाज की छत्रछाया में रहने की अति आवश्यक है क्योंकि मुगलों की संताने देश को दोबारा गजवाए हिंद का नारा देकर देश को गुलाम बनाना चाहते हैं और एक तरफ अपना इस देश पर अधिकार स्थापित करना चाहते हैं इतिहास गवाह है जब-जब हिंदुस्तान की सर जमीन पर मुगलों ने अंग्रेजों ने* *आक्रमण किया इन आता अत्याचारी यो को टक्कर देने के लिए वाल्मीकि समाज सबसे आगे आया ओर मुगलों की संतानों को हथियार डालने पर मजबूर किया* इस मौके पर श्री चंदेल ने कहा कि जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने जो ना समझी का परिचय देते हुए सनातन हिंदुओं को बीमारी कहा है ऐसे लोगों के दिमाग का इलाज दिमागी डॉक्टर से करने की अति आवश्यकता है क्योंकि यह लोग मुगलों की संताने हैं यह लोग देश को तोड़ने की बात करते आए हैं इनके पूर्वज हमेशा ही आतंकवाद वी पाकिस्तान के गीत गाते आए हैं यह लोग अनाज भारत की भारत माता की धरती से उपजा हुआ कहते हैं परंतु बातें नफरत और बंटवारे जैसी कर कर समाज में एक नफरत का बीज होते हैं*

महान संत स्वामी मान दास ने कहा कि हमारा सनातन हिंदू धर्म पूरे विश्व को अपना कुटुंब परिवार मानता है परंतु मुगलों की संताने कुछ नेता हिंदू सनातन धर्म से नफरत करते हैं और समाज को बांटने का काम करते हैं आज देखा जाए विश्व के इस्लामी देशों के राजनीतिक राजनेता सनातन धर्म के साथ मिलकर चलना चाहते हैं चाहे वह दुबई हो यूएई हो वहां भी सनातन मंदिरों को स्थापित कर पूरे विश्व के मुस्लिम देशों के खलीफाओं को स्पष्ट संदेश दिया है की जमानत सनातन धर्म एक शांतिप्रिय धर्म है और हमें इनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए अपने देश में उन्होंने आज के समय में विशाल मंदिरों को बनाना और उनकी पूजा आदि में शामिल होकर मुस्लिम देशों के नेताओं ने यह साबित कर दिया है की सबसे अच्छा और शांतिप्रिय धर्म सिर्फ सनातन हिंदू धर्म है और दूसरी तरफ जम्मू कश्मीर के नेता मुफ्ती की बेटी इल्तजा मुफ्ती के यह कड़वे बयान समाज के अंदर नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं उसी प्रकार ओवैसी जैसे कट्टरपंथी नेता भी समाज में नफरत फैलाने का कार्य कर रहे हैं*

इस मौके पर श्री चंदेल ने कहा कि महबूबा मुफ्ती को जम्मू कश्मीर की जनता ने पूरी तरह जानकारी दिया है जिस कारण अपनी बौखलाहट को वह जग जाहिर करते हुए सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए सनातनी हिंदुओं को गाली देने का काम महबूबा मुफ्ती और उसकी संतान कर रही है आज जम्मू कश्मीर में सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर उन्हें कोई भाव नहीं दे रहा इसलिए मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए इस तरह के ओछे बयान दे रहे हैं*

# आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट में कितने अंदर कितने बाहर

**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**

नई दिल्ली आम आदमी पार्टी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। इसमें 20 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई। अअढ ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीट बदल दी। आलम यह है कि पार्टी 18 सीटों पर मौजूदा विधायकों के टिकट काट चुकी है। इनमें से अधिकतर ऐसे हैं जो एक से अधिक बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

आम आदमी पार्टी ने जिन 31 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया है उनमें से 8 ऐसी सीटें हैं जहां पिछले चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, तीन सीटों पर मौजूदा विधायक पार्टी छोड़कर जा चुके हैं। अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने अधिकतर हारी हुई सीटों पर जहां पुराने चेहरों पर दांव लगाया है तो जीते हुए कई उम्मीदवारों को इस बार मौका नहीं दिया गया है।

पूर्व डिप्टी सीएम और पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता मनीष सिसोदिया की सीट भी बदल दी गई है। पटपड़गंज की जगह उन्हें इस बार जंगपुरा सीट से उतारा गया है। वहीं, विधानसभा में डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान को मंगोलपुरी की बजाय मादीपुर से प्रत्याशी बनाया गया है।

दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने शुक्रवार को दूसरी सूची जारी करते हुए कहा कि जनता से मिले फीडबैक और परफॉर्मेंस के आधार पर टिकट का बंटवारा किया गया है। उन्होंने बताया कि 2 विधायकों की सीट बदली गई है तो अब तक 18 का टिकट काटा गया है। आने वाले दिनों में कई और विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं।

### इनसे छिन गई सीट

1.नरेला सीट से मौजूदा विधायक शरद कुमार की जगह दिनेश भारद्वाज को टिकट दिया गया है।

2.तिमारपुर सीट पर मौजूदा विधायक और विधानसभा में चीफ व्हिप दिलीप पांडेय की जगह सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू को मौका दिया गया है।

3.आदर्श नगर से विधायक पवन शर्मा को इस बार मौका नहीं दिया गया है। पवन के स्थान पर इस बार नगर निगम में वरिष्ठ पार्षद नेता मुकेश गोयल को उतारा गया है।

4.मुंडका से धर्मपाल लाकड़ा की भी छुट्टी कर दी गई है। उनकी जगह इस बार जसबीर कराला को उतारा गया है।

5.चादंनी चौक सीट से 2020 में आप के प्रह्लाद ने चुनाव जीता था। इस बार पुरनदीप सिंह स्वनेह को टिकट दिया गया है।

6.मादीपुर सीट से इस बार गिरीश सोनी का पत्ता कट गया है। उनकी जगह राखी बिड़लान को उतारा गया है, जो अब तक मंगोलपुरी से लड़ती रही हैं।

7.जनकपुरी से 2015 और 2010 में आप के राजेश ऋषि ने जीत हासिल की थी। इस बार उनकी जगह प्रवीण कुमार को टिकट दिया गया है।

8. बिजवासन से 2020 में भूपिंदर सिंह जून ने जीत हासिल की थी। उनका टिकट काटकर अब सुरेंदर भारद्वाज को मौका दिया गया है।

9.पालम से 2015 और 2020 में भावना गौड़ ने शानदार जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार उनका टिकट काट दिया गया है। भवना की जगह जोगिंदर सिंह सोलंकी को मौका दिया गया।

10.जंगपुरा से प्रवीण कुमार को हटाकर मनीष सिसोदिया को टिकट दिया गया है।

11.देवली से दो बार जीत चुके प्रकाश जारवाल की जगह इस बार प्रेम कुमार चौहान को टिकट दिया गया है।

12.त्रिलोकपुरी सीट से मौजूदा विधायक रोहित कुमार को हटाकर अंजना परचा को टिकट दिया गया है।

13.कृष्णा नगर से एसके बग्गा ने जीत हासिल की थी, अब विकास बग्गा को उतारा गया है।

14.शाहदरा से रामनिवास गोयल की जगह पदमश्री जितेंद्र सिंह शंटी को उम्मीदवार बनाया गया है।

15.मुस्तफाबाद से हाजी यूनुस की जगह इस बार आदिल अहमद खान को टिकट।

16. बुराड़ी से ऋतुराज झा की जगह भाजपा से आए अनिल झा को टिकट मिला है।

17.सीलमपुर से अब्दुल रहमान की जगह चौधरी जुबैर अहमद को टिकट दिया गया है।

18. मटियाला से गुलाब सिंह की जगह कांग्रेस से आए पूर्व विधायक सुमेश शौकीन को टिकट दिया गया।

# बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे हमले रोकने के लिए सख्त कदम उठाए - परमजीत सिंह पम्मा

**मुख्य संवाददाता सुषमा रानी**



बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर बढ़ रहे हमले को लेकर नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा रोष प्रकट किया है उन्होंने कहा, एक साजिश के तहत हिंदुओं को बांग्लादेश में टारगेट किया जा रहा है यह सब पाकिस्तान व आईएसआई के इशारे पर हो रहा है।

परमजीत सिंह पम्मा ने कहा बांग्लादेश में जिस प्रकार हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है, मंदिर तोड़े जा रहे, हत्याएं हो रहीं इसको लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पम्मा ने कहा के जल्द ही नेशनल अकाली दल बांग्लादेश दूतावास के बाहर प्रदर्शन करके रोष प्रकट करेगा।

पम्मा ने कहा बड़े दुख की बात है। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां इन्हें रोकने की जगह केवल मूकदर्शक बनी हुई हैं। ऐसा लगता है यह किसी साजिश के तहत यह कार्य हो रहा है। ऐसे ही पहले पाकिस्तान में भी अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार करते रहे हैं और उनके धार्मिक स्थलों पर हमले। इसी प्रकार यहां घटनाएं की जा रही है।

# सराहनीय कार्य करने पर यूनाइटेड सैफी वेलफेयर एसोसिएशन ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**मुरादाबाद** भोजपुर थाना क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने पर थाना प्रभारी को सम्मानित रविवार को यूनाइटेड सैफी वेल्फेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने क्षेत्र में बेहतरीन और सराहनीय कार्य करने पर थाना प्रभारी शरद मलिक को यूनाइटेड मोमेंटो प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इस दौरान यूनाइटेड सैफी वेल्फेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कानूनी सलाहकार मोहम्मद सलमान सैफी एडवोकेट व पत्रकार नूर मोहम्मद ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर उनको सम्मानिते कियो गया



# मेरे लिए राजनीति सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, ईमानदारी और जनता की भलाई का जरिया है - मनीष सिसोदिया

**दैनिक समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**

*नई दिल्ली, 09 दिसंबर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली की शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया इस बार पटपड़गंज विधानसभा के बजाय जंगपुरा विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। आम आदमी पार्टी द्वारा सोमवार को अपने उम्मीदवारों की जारी दूसरी सूची में मनीष सिसोदिया का भी नाम शामिल है। जंगपुरा से टिकट की घोषणा होने पर मनीष सिसोदिया ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का तहे दिल से आभार,के है, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताते हुए जंगपुरा से चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी दी। इस दौरान उन्होंने पटपड़गंज विधानसभा के साथियों और जंगपुरा विधानसभा के वालेंटियर्स को संदेश भेजा है, जिसमें उन्होंने सबके साथ मिलकर काम करने का भरोसा दिया है। मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मैं खुद को एक शिक्षक मानता हूँ, राजनीतिज्ञ नहीं। पटपड़गंज मेरे लिए सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि दिल्ली में शिक्षा क्रांति का दिल था। जब अवध ओझा जी पार्टी से जुड़े और उन्हें चुनाव लड़ाने की मांग उठी, तो मैं यही सोच पाया कि एक शिक्षक के लिए पटपड़गंज से बेहतर सीट कोई हो ही नहीं सकती। एक और शिक्षक को पटपड़गंज की जिम्मेदारी सौंपते हुए मुझे खुशी है। मैं अब जंगपुरा में सबके साथ मिलकर वही काम करने को तैयार हूँ, जो पटपड़गंज में शिक्षा, सेवा और विकास के लिए किया। मेरे लिए राजनीति सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, ईमानदारी और जनता की भलाई का जरिया है। पटपड़गंज से जंगपुरा तक, मेरा संकल्प अडिग है: दिल्ली को और बेहतर बनाना। आपका भरोसा मेरी ताकत है। जय हिंद।

### *मनीष सिसोदिया का जंगपुरा के वालेंटियर्स को संदेश*

इसके बाद मनीष सिसोदिया ने जंगपुरा के वालेंटियर्स के नाम संदेश देते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में, आम आदमी पार्टी ने मुझे आपकी विधानसभा जंगपुरा से चुनाव लड़ने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। यह केवल चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने का संकल्प है कि जंगपुरा का हर बच्चा बेहतरीन शिक्षा पाए, हर महिला सुरक्षित महसूस करे, हर गली और सड़क साफ-सुथरी हो, और हर परिवार को उनकी जरूरतें बिजली, पानी, स्वास्थ्य और रोजगार, बिना किसी बाधा के मिले। यह ज़िम्मेदारी मैं आपके साथ मिलकर ही निभा सकूंगा। आम आदमी पार्टी के बनने से लेकर अब तक मैंने देखा है कि जंगपुरा से पार्टी में एक से बढ़कर एक समर्पित वॉलंटियर्स हैं, जिन्होंने पार्टी के संघर्ष में अपनी मेहनत और योगदान से मिसाल कायम की है। यह आपका समर्पण ही है जिसने पूरी दिल्ली के लोगों के मन में पार्टी के लिए अथाह प्यार और भरोसा पैदा किया है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, इससे पहले मैं पटपड़गंज विधानसभा के भाइयों और बहनों द्वारा तीन बार विधायक के रूप में चुना गया हूँ। मैं इसे अपनी राजनीति का जन्मस्थान मानता हूँ। लेकिन इस बार, जब अवध ओझा ने पार्टी से जुड़ने का निर्णय लिया और मुझसे अपनी इच्छा व्यक्त की कि वे पटपड़गंज, जो शिक्षा की राजनीति की प्रयोगशाला बन चुका है, से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करना चाहते हैं, तो उनकी इस भावना ने मुझे गहराई से प्रभावित किया। मैंने महसूस किया कि पटपड़गंज, जहाँ मैंने अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी और तीन बार जीत हासिल की थी, वहाँ से लड़ने की उनकी इच्छा का सम्मान करना चाहिए।

# दिल्ली में बढ़ते अपराधों पर औछी राजनीति करके अरविन्द केजरीवाल जनता की सुरक्षा में सहायक बनने की बजाय लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे है। देवेन्द्र यादव

**दैनिक समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**



नई दिल्ली, 9 दिसंबर- दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए राजधानी के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की ईमेल और दो स्कूलों में बम की खबर हजारों बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा बहुत ही संवेदनशील मामला है, जिस पर भाजपा अपनी जवाबदेही से भाग रही है और आम आदमी पार्टी कुछ जिम्मेदारी लेने की बजाय अपनी राजनीतिक रोटी सेक रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली की रक्षा और सुरक्षा जहां खतरें में पड़ी है, उसके लिए बराबर के जिम्मेदार अरविन्द केजरीवाल है, जिन्होंने मुख्यमंत्री बनने से पहले दिल्ली वालों को सुरक्षा व्यवस्था देने का वादा किया था।

यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी सत्ता की लड़ाई में व्यस्त है और राजधानी में खुले आम अपराधों का तांडव मचा हुआ है। खुले आम गोलीबारी, गैंगवार, डकैती, किडनैपिंग, छोटे कारोबारियों, व्यवसायियों और उघोपतियों से फिरौती मांगना, झपटमारी, बच्चियों और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, उत्पीड़न, यौन शोषण और बलात्कार की घटनाओं को अपराधी बेखौफ अंजाम दे रहे हैं, जिससे दिल्ली पूरी तरह त्रस्त है। स्कूलों में बम की खबर और 29 नवम्बर को प्रशांत विहार के सीआरपीएफ स्कूल के बाहर बम धमाका राजधानी में स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया जिसकी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार को लेनी चाहिए, परंतु अरविन्द केजरीवाल और मनीष सिसोदिया भटकाउ बयान देकर दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे है।

यादव ने कहा कि हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद दिल्ली पुलिस के पास सुविधा नही है कि वो साईबर क्राईम पर काबू पा सके। ईमेल द्वारा धमकी के बावजूद पुलिस असहाय नजर आना, उनकी विफलता को दशार्ता है, जबकि बिना पहचान के ईमेल इस्तेमाल नही हो सकती। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेता दिल्लीवालों को पूरी तरह बेसहारा छोड़कर दिल्ली के गरीबों के बीच जाकर उनके विकास की बात कर रहे है, उनकी सुरक्षा की गारंटी कोई नही दे रहा।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद राजधानी में कानून व्यवस्था इतनी कभी बदहाल नही दिखी, जितनी दिल्ली में आम आदमी पार्टी और केन्द्र में भाजपा के शासन के दौरान देखने को मिल रही है। आज हर नागरिक भय के साए में जी रहा है और महिलाएं, व्यवसायी, बच्चों को हमेशा डर सताता है कि कहीं कोई दुर्घटना न हो जाए। उन्होंने कहा कि मैं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से अनुरोध करता हूॅ कि दिल्ली वासियों खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त को संज्ञान में लेकर कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कड़े इंतजाम करें और 11000 से अधिक पुलिस भर्ती पर भी तुरंत कार्यवाही करें ताकि उचित व्यवस्था में पुलिस कर्मियों को जनता की सुरक्षा के लिए मुहैया कराया जा सके।

# बांग्लादेश के खिलाफ खड़ा हुआ सम्पूर्ण भारत

## छोटी काशी में संतो के साथ आए अनेक संगठन आगे

**-बांग्लादेश में रोटी बेटी छठी की रक्षा की जाए : डॉ अशोक गिरी महाराज**
**-बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी कुठाराघात से सम्पूर्ण भारत चिंतित है : श्री महंत डॉ. अशोक गिरी**
**- हिंदू ,संस्कृति व हिंदुओं की रक्षा के लिए सरकार आगे आए : चरण दास**




**दैनिक समाज जागरण, महेन्द्र प्रजापत बहल**

बहल-भिवानी, 9 दिसंबर । बांग्लादेशी कट्टर पंथीयों द्वारा बंगलादेश के हिंदुओं पर विगत दिनों से जारी घटनाओं जैसे गंभीर वैश्विक मामले में बहल-भिवानी में विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य के धार्मिक सामाजिक के वह राष्ट्र से जुड़े हुए संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया है बहल-भिवानी शहर के अंदर है सोमवार को लंबवत होते हुए सभी संगठनों के पदाधिकारीयों ने देश की सरकार से मांग की है कि बांग्लादेश में जिस प्रकार से अत्याचार बढ़ रहा है इस अत्याचार को रोकने के लिए केंद्र सरकार है आगे आए और यह बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार रोकने का काम करें। बांग्लादेश में बहन बेटियों, संतों व मंदिरों पर अत्याचार कर रहे इस्लाम जिहादी के लोगों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बहल-भिवानी में संत, महात्माओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार से बेटियों, संतो और हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। मंदिरों को तोड़फोड़ किया जा रहा है। इस्लामी जिहाद इस प्रकार की वारदात को अंजाम दे रही है। इसलिए सोमवार को उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया है और देश की सरकार से आह्वान किया है कि बांग्लादेश में रोटी बेटी और चोटी कि रक्षा की जाए। देश के प्रधानमंत्री और महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है कि बांग्लादेश में रोटी बेटी और चोटी की रक्षा की जाए। मंदिरों की रक्षा की जाए, संत महात्माओं को सम्मान दिया जाए, हिंदुओं की रक्षा की जाए,वरना देश के अंदर उबाल होगा।

उन्होंने कहा कि भारत शांति का प्रतीक है,चिंता जाहीर करते हुए शांति की अपील की ओर कहा कि बंगलादेश के हिंदुओं पर जारी घटनाओं से वैश्विक स्तर पर मानवता शर्मशार हुई है। बंगलादेश मे जारी घटनाक्रम पर पर संयुक्त राष्ट्र संघ को अतिशीघ्र संज्ञान लेना चाहिए।

महंत चरणदास महाराज ने कहा कि आज हमनें शांति प्रिय विरोध प्रदर्शन के साथ महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है,जिसमें हमने हिंदू,संस्कृति व हिंदुओं की रक्षा के लिए, बहन बेटियों के सम्मान के लिए सरकार से अपील की है कि उनकी रक्षा के लिए सरकार कदम बढ़ाए। उन्होंने कहा कि बंगलादेश में बहन बेटियों के सम्मान को खतरा है,हिंदू और संतों को खतरा बना हुआ है। लगातार बांग्लादेश जो इस प्रकार की हठधर्मिता अपना रहा है और वहां पर कट्टरपंथी इस्लाम के लोग हिंदुओं और हिंदुओं के मठों पर जो बर्बरता ढा रहे हैं, इसके लिए सरकारी आगे आए। उधर बहल कस्बे में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रदीप बंसल, बहल युवा एकता संगठन के प्रधान योगेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता व अनेक संगठनों के पदाधिकारी विरोधे में शामिले रहे।

# 17 दिसंबर तक चलेगा सरस फूड फेस्टिवल

**मुख्य संवाददाता/दैनिक समाज जागरण**



नई दिल्ली। स्वाद और संस्कृति का संगम सरस फूड फेस्टिवल की शुरूआत हो चुकी है। लोग यहां देश के तमाम राज्यों के व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। चाहे व उत्तराखंड का तंदूरी चाय हो या फिर फ्रूट आइसक्रीम, लोगों का जी मचलना स्वाभाविक ही है। फेस्टिवल में आप उत्तराखंड के स्टॉल नंबर एक पर जा कर आप तंदूरी चाय, स्प्रिंग पोटैटो, रागी ममोस, झंगुरे की खीर और फ्रुट आइसक्रीम का आनंद उठा सकते हैं। इसके साथ ही सटे हिमाचल के स्टॉल पर आप को हिमाचली पारंपरिक खाने का जायका मिल जाएगा। वहीं, आप हरियाणा के स्टॉल पर जाकर हरियाणवी थाली समेत रबड़ी जलेबी का भी आनंद उठा सकते हैं। फेस्टिवल के दौरान लोग यहां देश के विभिन्न राज्यों से आई हुई दीदियों के हाथों से बनी हुई व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। सत्रह दिसंबर तक चलने वाले सरस फूड फेस्टिवल का आयोजन दिल्ली के दिल कहे जाने वाले कनॉट प्लेस के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर किया जा रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) तथा कुडुंबश्री द्वारा समर्थित इस फेस्टिवल में राजधानी के लोगों को एक बार फिर भारतीय संस्कृति व खान पान की झलक दिल्ली के हृदय कहे जाने वाले कनॉट प्लेस में दिखाई दे रही है। सरस फूड फेस्टिवल के तहत दिल्ली और समीपवर्ती राज्यों के लोग 25 राज्यों की संस्कृति और स्वाद के संगम के संगम से न केवल रूबरू हो रहे बल्कि इन राज्यों के सामाजिक ताने बाने के बारे में भी जान रहे हैं और वहां की प्रसिद्ध व्यंजनों से परिचित हो रहे हैं और उसका स्वाद भी उठा रहे है। यह राजधानी का एक लोकप्रिय उत्सव है जिसमें न केवल दिल्ली बल्कि दिल्ली के बाहर के लोग भी विभिन्न राज्यों के व्यंजन चखने और उसे कैसे बनाते हैं यह जानने के लिए आते हैं। फूड फेस्टिवल के दौरान दिल्ली वाले 25 राज्यों के 300 से अधिक उत्कृष्ट व्यंजनों का लुत्फ 30 स्टॉलों पर उठा सकेंगे।

### इसके साथ ही शाम के समय सांस्कृतिक संध्या का भी आप आनंद उठा सकते हैं।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 17 दिसंबर 2024 तक नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित हैंडीक्राफ्ट भवन पर सरस फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश भर के 25 राज्यों के करीब 150 महिला उद्यमी व स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं 30 से अधिक स्टॉलों पर 300 से अधिक उत्कृष्ट व्यंजनों का दिल्ली वालों को स्वाद का जायका चखा रही हैं साथ ही अपनी कला का प्रदर्शन भी कर रही हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित देश भर के स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं को न केवल ग्रामीण उत्पाद बनाने में कुशलता हासिल है बल्कि विभिन्न राज्यों के परंपरागत पकवान बनाने में उनको दक्षता और महारथ हासिल है। ये महिलाएं और उनके साथ अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष लोग यहां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### महक रहीं 25 राज्यों के स्वाद की संस्कृति

कनाट प्लेस स्थित बाबा खड़ग सिंह मार्ग पर 25 राज्यों के स्वाद की संस्कृति महकेगी। यहां के व्यंजन और संस्कृति से लोग रूबरू हो सकेंगे। इसमें मुख्य रूप से राजस्थान की कैर सांगरी, गट्टे की सब्जी, बाजरे की रोटी, बंगाल की हिलसा, फि श करी, तेलंगाना का चिकन, केरल की मालाबार बिरयानी, बिहार का लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग और मक्के की रोटी सहित अन्य राज्यों के बेहतरीन स्वादिष्ट पकवान उपलब्ध रहेंगे। इसमें हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और गुजरात सहित अन्य राज्य हिस्सा ले रहे हैं।

### महिला सशक्तिकरण को प्रदर्शित करने वाला है यह उत्सव

यह सरस फूड फेस्टिवल महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण है जो देश की राजधानी का हृदय कहे जाने वाले कनॉट प्लेस में आयोजित हो रहा है। इसका उद्देश्य न केवल देश की खाद्य संस्कृति से लोगों को परिचित कराना है बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित करना भी है। मंत्रालय द्वारा यह प्रयास वृहद स्तर पर आयोजित होता है।

# चौंकी कालांवाली पुलिस ने चोरी की गुत्थी सुलझाई आरोपी के कब्जा से चौरी शुद्धा राशि 21,200 बरामद

**दैनिक समाज जागरण**



कालांवाली 09 दिसम्बर (सुरेश जोरासिया) पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने बताया कि कालांवाली में निरन्तर हो रही चोरी की वारदातो पर अंकुश लगाने व चोरों की धरपकड़ को लेकर चलाये गये विशेष अभियान के तहत चौकी कालांवाली पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करके आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा नगद राशि 21,200 रुपए बरामद करने में कामयाबी हासिल की है आरोपी की पहचान पुलिन पुत्र धर्मपाल वासी मकान नं. 360 वार्ड नं. 05 मंडी कालांवाली के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने बताया कि दिनांक 07.12.2024 सौरभ पुत्र मनोहर लाल निवासी ख्योवाली ने हाजिर चौकी आकर एक लिखित दरखास्त दी की वह गांव ख्योवाली तहसील कालावाली जिला सिरसा का रहने वाला है और मंडी कालांवाली में ग्रामीण बैंक मित्र का काम करता है और बताया रात को उसकी दुकान का ताला तोड़कर कोई नाम पता नामालूम व्यक्ति उसकी दुकान से करीब 8,200 रुपये के सिक्के 13,000 रुपये केस जिसमे 50/50 रुपये की दो गड्डी 10/10 रुपये की तीन गड्डी कुल सिक्कों सहित 21,200 रुपये व दो कैमरे चोरी करके ले गया । जो लिखित शिकायत पर थाना कालांवाली में अभियोग न.412 दिनांक धारा 305,331(4)इठर के तहत दर्ज किया गया । पुलिस अधीक्षक ने बताया की सीसीटीवी फुटेज व साईबर सेल की सहायता से आरोपी पुलिन के खिलाफ सबूत जुटाकर गिरफ्तार किया गया है आरोपी से चोरीशुदा नगद राशि 21,200 रुपए बरामद की गई है । आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह नशे का आदि है और नशे की पूर्ति के लिए उसने यह चोरी की है । आड्रोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी तथा इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा ।

# झारखंड में पारा शिक्षकों का मानदेय 4 फीसदी बढ़ा, जनवरी से लागू

**मिन्टू कुमार दैनिक समाज जागरण हजारीबाग सदर।**

झारखंड के 58 हजार पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) के मानदेय में जनवरी 2025 से चार फीसदी की बढ़ोतरी होगी। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने 2025, 2026 और 2027 तक बढ़ोतरी की राशि तय कर दी है। मासिक मानदेय की गणना भी तय इसमें 2027 में टेट पास पारा शिक्षकों को अधिकतम 27 हजार तक राशि मिलेगी, जबकि प्रशिक्षित पारा शिक्षकों को 20,160 रुपये मिलेंगे। अगर ये आकलन परीक्षा में सफल हो जाते हैं तो उन्हें 21,552 रुपये मिलेंगे। बता दें कि मानदेय में बढ़ोतरी जनवरी 2023 से ही होती आ रही है। चार फीसदी राशि बढ़ोतरी के साथ-साथ शिक्षा विभाग ने अगले तीन साल की मासिक मानदेय की गणना भी तय कर ली है। इसमें पूरे एक साल जनवरी से दिसंबर तक पारा शिक्षकों को कितना मानदेय मिलेगा इसका निर्धारण कर लिया गया है। वर्तमान में जनवरी 2024 से छठी से 8वीं में पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 24,300 और पहली से 5वीं वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 22,680 दिये जा रहे हैं। वहीं सिर्फ प्रशिक्षित (6-8) को 19,656, जबकि आकलन पास के बाद 21,008 रुपये दिये जा रहे हैं। इसके अलावा सिर्फ प्रशिक्षित (1-5) पारा शिक्षकों को 18,144 रुपये और आकलन परीक्षा पास करने वाले को 19,392 दिये जा रहे हैं।

**अब कितना मानदेय मिलेगा**

अब जनवरी 2025 से टेट पास पारा शिक्षक (6-8) को 25,200 रुपये और टेट पास पारा शिक्षक (1-5) को 23,530 रुपये दिये जाएंगे। वहीं, सिर्फ प्रशिक्षित (6-8) को 20,384 मिलेंगे। इसमें आकलन परीक्षा पास पारा शिक्षकों को 21,788 रुपये दिये जाएंगे। इसके अलावा सिर्फ प्रशिक्षित (1-5) पारा शिक्षक को 18,816 रुपये दिये जाएंगे, जबकि जो आकलन परीक्षा पास हैं, उन्हें 20,112 रुपये मिलेंगे। पारा शिक्षकों के मासिक मानदेय की गणना आकलन परीक्षा के परिणाम की तिथि 29 सितंबर 2023 के आधार पर की गई है।

**बढ़ोतरी पर लगी थी रोक, नहीं हो सका भुगतान**

पारा शिक्षकों के मानदेय में 2023 जनवरी से चार प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। 2024 में भी बढ़ोतरी हुई, लेकिन अगस्त-सितंबर महीने में बढ़ोतरी को रोक दिया गया। चार फीसदी वार्षिक मानदेय वृद्धि निर्धारण करने में विभिन्न जिलों में तकनीकी समस्या हुई थी। इसमें कुछ जिलों में बढ़ोतरी के बाद मानदेय अलग-अलग हो गए थे। इस वजह से इसे रोका गया था। वहीं, करीब पांच हजार पारा शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें 2023 और 2024 के चार-चार फीसदी मानदेय की वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका है। नगर निगम क्षेत्रों के इन पारा शिक्षकों के लिए नियमावली में संशोधन हुआ, लेकिन झारखंड में चुनावों की वजह से अब तक न लागू हुआ और ही एरियर का भुगतान हुआ।

# दिव्य ग्रंथ अध्ययन केंद्र का दिव्य ज्ञान रत्न पुरस्कार सम्मान समारोह संपन्न

## कवियों ने अपने अलग अलग अंदाज की प्रस्तुति ..से बांधा समां

**दिवाकर पाठक,हजारीबाग**
**दैनिक समाज जागरण**



जमशेदपुर में आठ दिसंबर को दिव्य ग्रंथ अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष अरविंद तिवारी द्वारा ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सोनारी मरीन ड्राइव में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंच संचालन मीणा पाण्डेय भारती और सोनी सुगंधा ने किया। मुख्य अतिथि इंदौर से अंतरराष्ट्रीय कवि व जाने माने भागवत प्रवक्ता डॉ राजीव शर्मा,विशिष्ट अतिथि राजयोग ध्यान प्रशिक्षक डा.राजेश चावले,सीवीओ कोल इंडिया बृजेश त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय शायर एजीएम कोल इंडिया सुशील शाहिल,श्यामल सुमन आदि उपस्थित थे। राजकीय से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कवियों और कवित्रियों ने ओज,हास्य,व्यंग्य आदि रसों की प्रस्तुति कर समा बांधे। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत के नव निर्माण में गूढ़ रहस्यों को उजागर कर दिव्य संकल्पों की शपथ ली गई। मुख्य अतिथि डा.राजीव शर्मा ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जन्मदिन पर मोमबत्ती बुझाने की जगह भारत के नव निर्माण में अपने भीतर समाहित एक एक अवगुणों को छोड़ने का संकल्प लेने की सलाह दी। मतलब सनातन संस्कृति में मोमबत्ती बुझाई नहीं जाति,बल्कि जीवन में उजाले के लिए मोमबत्ती जलाई जाती है। विशिष्ट अतिथि बृजेश त्रिपाठी ने कहा की केवल अपने लिए बहुत ज्यादा पैसा कमा लेना ही असली उन्नति नहीं है। असल जिंदगी में उन्नति के लिए बड़े बदलाव करने होंगे। इसलिए एक व्यापक बदलाव की नींव रखने का संकल्प लें,तभी भारत के नव निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कर पाएंगे। सुशील शाहिल,संतोष चौबे और श्यामल सुमन ने भी अपने शायराना अंदाज में खूब रंग बिखेरे। अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत करने वालों में अध्यक्ष अरविंद तिवारी, हजारीबाग(कंडाबेर) के ओज कवि दिवाकर पाठक, जमशेदपुर में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार,कोडरमा के हास्य कवि पियूष पाणी व गिरधर प्रसाद सिंह,जमशेदपुर से डा. रागिनी भूषण,निवेदिता श्रीवास्तव,ममता कर्ण,डा.सुनीता निधि,लक्ष्मी सिंह आदि। इसके अलावे देश के जाने मानें कवियों ने अपने अनोखे अंदाज में खूब रंग बिखेरे और सुरों को सजाया। अंत में मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि व अध्यक्ष अरविंद तिवारी द्वारा सबों को झारखंड दिव्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# खरसावां के जोडोहीह में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित,आर्मी एफसी बना विजेता,खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस इसे निखरने की जरूरत है -गागराई

**उमाकांत दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता खरसावां**



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरना मार्शल क्लब के द्वारा खरसावां के जोजोडीह एतिहासिक फुटबॉल मैदान में 47वां वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगता के फाईनल मैच में ब्लैंडर बाबा घाटशिला को हरा कर आर्मी एफसी रेगाडीह की टीम विजेता बना। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे स्थानीय विधायक दशरथ गागराई समेत अन्य अतिथियों ने फाइनल मैच का उद्घाटन कर पुरस्कार वितरण किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल एक बहुत ही लोकप्रिय खेल है। जो पूरे विश्व के मानचित्र पर अलग महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा व ऊजार्वान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खेल के महत्व को समझते हुए सभी जिलों पर खेल पदाधिकारी का नियुक्ति किया है। खिलाड़ियों को भी खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए नए-नए योजनाएं चल रही है। ताकि खिलाड़ी खेल पर फोकस कर खेल के मानचित्र पर झारखंड को बुलंदी पर ले जा सके। खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। गागराई ने कहा कि वह स्वयं भी एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। इस कारण खेल एवं खिलाड़ियों की विशेषता को समझते हैं। गागराई ने कहा कि वह भी व्यक्तिगत स्तर पर खेल के विकास के लिये लगातार कार्य कर रहे हैं । प्रतियोगिता के विजेता आर्मी एफसी रेगाडीह की टीम को एक लाख पांच हजार, उप विजेता ब्लैंडर बाबा घाटशिला की टीम को 75 हजार तथा तीसरे व चौथे स्थान पर बेनाशोल एफसी व मगदा गौड़ सेना की टीम को 35-35 हजार रुपये नगद राशि के साथ शिल्ड देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार कृष्णा सोय,मैन ऑफ दॉ फाइनल मैच का पुरस्कार कृष्णा सामड़ मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार पोलिस मार्डी को दिया गया। मौके पर जिप सदस्य सावित्री बानरा,बासंती गागराई,मुखिया मंगल जामुदा,अजय सामड़ समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# राजमहल परियोजना में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन

**समाज जागरण**
**मनोजकुमारसाह गोड्डा**



ईसीएल राजमहल परियोजना में कोयले का उत्पादन के क्षेत्र में अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है स्पष्ट है कि यह प्रबंधकीय क्षमता कठिन परिश्रम गहन सूझबूझ एवं लगन का प्रतिफल है यूं तो कोयला उत्पादन के दौरान विभिन्न तरह की बाधा ए यथा भूमि अधिग्रहण की समस्या विस्थापितों की पुनर्वास की समस्या सामाजिक आंदोलन का शिकार तथा कानूनी प्रावधान की समस्याएं आती रही इसके बावजूद भी कोयले का उत्पादन एवं डिस्पैच तथा ओवर बर्डन इत्यादि के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ाना जो कर्मठ व्यक्तित्व को दशार्ता है स्पष्ट है कि पूरे टीम के द्वारा संचालित करने वाले महाप्रबंधक प्रभारी श्री अरूपानंद नायक के द्वारा यह कीर्तिमान स्थापित किया गया ज्ञात हो कि श्री नायक जो एक कुशल प्रशासक अनुभवी लग्नशील एवं कर्मठ व्यक्तित्व वाले छवि के हैं जो कामगारों एवं प्रबंधन के बीच सामंजस्य स्थापित कर अपने लक्ष्य की दिशा में लगातार आगे बढ़ते रहे जब से श्री नायक का परियोजना में योगदान हुआ तब से विभिन्न श्रमिक संगठनों के साथ-साथ भूवि स्थापित के साथ सामंजस्य स्थापितकरते हुए कोयले के उत्पादन के दिशा में लगातार वृद्धि होती रही

# पटना में लुटेरों ने मारी युवक को गोली

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मनेर रोड पर एक युवक को अपराधियों ने लूट का विरोध करने पर गोली मार दी। यह घटना देर रात की है जब युवक पटना से अपने घर लौट रहा था। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना की पुष्टि की है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मनेर थाना क्षेत्र के महिनवा गांव निवासी सुरेश साव के 20 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार अपने वाहन से घर लौट रहा था जब कुछ अज्ञात अपराधियों ने युवक से उसकी मोटरसाइकिल छीनने की कोशिश की। जब युवक ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने उसे गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वही एसडीपीओ दानापुर 2, पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस इस मामले को प्राथमिकता से देख रही है। अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उन्हें सख्त सजा दिलाई जाएगी। पटना जैसे शहरों में अपराधियों का इस तरह बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देना चिंताजनक है। इस घटना ने पुलिस और प्रशासन के सामने कानून-व्यवस्था बनाए रखने की बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। स्थानीय जनता का मानना है कि पुलिस को गश्त बढ़ानी चाहिए और संवेदनशील इलाकों में निगरानी कड़ी करनी चाहिए। अपराधियों पर लगाम कसने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। इस घटना से यह साफ हो गया है कि अपराधियों में कानून का डर खत्म हो चुका है। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन को तुरंत और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। जनता को उम्मीद है कि दोषियों को जल्द पकड़कर सजा दी जाएगी और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे।

# शिक्षा सेवक संघ के जिलाध्यक्ष को पितृशोक

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार**
**संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 9 दिसम्बर 2024 नबीनगर प्रखण्ड के टण्डवा थाना क्षेत्र के खपरमंडा बेला बुधन विगहा गांव निवासी एवं शिक्षा सेवक संघ औरंगाबाद के जिला अध्यक्ष राजकुमार रजक के 65 वर्षिय पिता दुखन रजक का अचानक ह्रदय गति रुक जाने से निधन हो गया । वे समाजिक और मृदू भाषी व्यक्ति थे। इनके निधन की खबर सुनते ही गांव के साथ इलाके में शोक की लहर दौड़ गई इनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए परिवार को सांत्वना दिया। शोक व्यक्त करने में जदयू के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक रफिगंज अशोक सिंह, पूर्वमंत्री डॉ सुरेश पासवान, पूर्व जिला पार्षद पप्पू शर्मा, पूर्व मुखिया करेश पासवान, दुधेश्वर मेहता ,मुकुन्द रजक, आनन्द रजक . महेद्र रजक, सुरेन्द्र सिंह सहित कई लोगों ने शोक प्रकट किया है।



# पटना में बच्चों के बीच मछली मारने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या

**समाज जागरण पटना जिक**
**संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाना अंतर्गत बलुआचक गांव में बच्चों के बीच मछली मारने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्ष के बड़े लोग भी आमने-सामने आ गए और दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में जख्मी एक व्यक्ति की इलाज के दौरान पटना स्थित एनएमसीएच में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पवित्र बिन्द के बच्चे और गांव के दूसरे गुट के बच्चों के बीच मछली मारने को लेकर झगड़ा हुआ था। इस मारपीट में कुछ लोगों ने पवित्र बिन्द को बुरी तरह लाठी डंडों से पिटाई कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। इलाज के लिए घायल को पटना एनएमसीएच में भर्ती कराया गया था। जहां 6 दिनों बाद सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक पवित्र बिन्द उम्र 45 साल बलुआ चौक गांव के रहने वाले नकुल बिन्द का बेटा था। वही गांव के कुछ लोगों का कहना है कि पवित्र बिन्द ने पहले दुसरे गुट के एक बुजुर्ग महिला की पिटाई कर दिया था जिसके कारण पवित्र बिन्द की पिटाई की गई। पुलिस मामले की हर पहलू पर तहकीकात कर रही है। वही मृतक पवित्र बिंद की पत्नी ने बताया की मारपीट करने वालों में राधिका देवी दिलीप मनीष मकरु बिन्द टुन्नू बिन्द अनीश रहीश समेट अन्य लोगों ने पीट-पीट कर उस बुरी तरह जखमी कर दिया था। परिवार के लोग जब घायल अवस्था में पवित्र बिंद को देखें तो उठाकर संपतचक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए पटना के एनएमसीएच ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान 6 दिन बाद उसकी मौत हो गई। पवित्र बिंद की मौत के बाद मृतक की पत्नी दो छोटे-छोटे बच्चे और पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हल होने लगा। वहीं गांव में ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और अपराअधियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो पुलिस से लोगों की नोक झोंक भी हुई। पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह समझा बूझकर शांत कराया और कहा कि मारपीट करने वाले लोगों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# पुराने आशिक संग नई नवेली दुल्हन हुई फरार

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ मुजफरपुर जिला अंतर्गत काजी मोहम्मदपुर थाना के माड़ीपुर गांव निवासी राहुल की शादी 25 नवंबर को वैशाली जिले में हुई थी। 5 दिसंबर को राहुल काम पर गए थे और उनकी मां सब्जी लेने गई थीं। इसी बीच दुल्हन दोपहर में घर से गायब हो गई। घर लौटने पर राहुल की मां को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत राहुल को बताया। राहुल काम छोड़कर घर वापस आया। बहुत खोजबीन के बाद भी दुल्हन का कुछ पता नहीं चला। उसके बाद घर में जांच करने पर पता चला कि दुल्हन अपने साथ शादी के गहने और राहुल की मां के गहने भी ले गई है। अलमारी से दो लाख रुपये भी गायब थे। इसके बाद राहुल ने तुरंत काजी मोहम्मदपुर थाने में FIR दर्ज कराई। थानेदार रवि गुप्ता ने बताया कि पुलिस दुल्हन और उसके प्रेमी की तलाश कर रही है। पुलिस मोबाइल टॉवर लोकेशन की भी मदद ले रही है। वही राहुल ने पुलिस को बताया कि दुल्हन शादी से पहले भी एक बार अपने प्रेमी सत्यम के साथ भाग चुकी थी। उसके मायके ( नईहर ) वालों ने उसे किसी तरह वापस लाकर उसकी शादी राहुल से करवाई थी। लेकिन वह सत्यम के संपर्क में रही। दुल्हन के भागने के बाद राहुल सत्यम के घर गया। वहां उसे पता चला कि सत्यम का पूरा परिवार घर छोड़कर भाग गया है। इसके बाद राहुल ने काजी मोहम्मदपुर थाने में FIR दर्ज कराई।

# इनसाइट पब्लिक स्कूल शतरंज प्रतियोगिता : हार्दिक, आस्था और श्रेय बने विजेता

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिला शतरंज संघ और इसके लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स अकादमी के तत्वावधान में इनसाइट पब्लिक स्कूल, बाजपेई कॉलोनी, रुईधासा में सोमवार को वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी बुद्धिमत्ता और रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया। अपने-अपने वर्ग में हार्दिक कुमार, आस्था राय और श्रेय कुमार सिंह ने बाजी मारी और विजेता का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता के नतीजेः वर्ग 1 से 3ः हार्दिक कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि अदनान रजा और अफ्फान रजा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। वर्ग 4 से 5ः आस्था राय ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। मोहम्मद सुफियान आलम और दानियल कुमार




गणेश ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वर्ग 6 से 8ः श्रेय कुमार सिंह ने चैंपियन का खिताब जीता, जबकि आराध्या शर्मा और नायाब अंजुम ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। विशेष आयोजनः द्वारा जानकारी दी गई कि प्रतियोगिता का आयोजन हर वर्ष स्कूल के निदेशक फैजल अहमद और प्राचार्य फैज अहमद के विशेष आग्रह पर किया जाता है।

**कार्यक्रम की व्यवस्था और योगदानः**

कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के संयुक्त सचिव निरोज खान और रोहन कुमार का विशेष योगदान रहा। साथ ही स्कूल के शिक्षकवृंद, जिनमें अमीषा झा, सुरभि राय, कहकशां, ईंति दास, और किरण कुमार शामिल थे, ने भी उत्कृष्ट भूमिका निभाई। चेस क्रॉप्स के प्रमुख श्री कमल कर्मकार और संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए शतरंज के महत्व और छात्रों के मानसिक विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया।

**भागीदारी:**

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो न केवल शतरंज के प्रति उनके लगाव को प्रदर्शित करता है बल्कि किशनगंज में इस खेल के बढ़ते प्रभाव को भी दशार्ता है।

**उम्मीदः**

इस आयोजन ने छात्रों में खेल भावना और रणनीतिक सोच को प्रोत्साहित किया। जिला शतरंज संघ और चेस क्रॉप्स अकादमी ने घोषणा की कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को और व्यापक रूप से आयोजित किया जाएगा ताकि जिले के युवा शतरंज प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके।

# आईआईटी रोपड़ ने शीट मेटल फॉर्मिंग 2024 सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया

आईआईटी रोपड़ ने शीट मेटल फॉर्मिंग (एसएमएफ) 2024 सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में विभिन्न आईआईटी और ऑटोफॉर्म, इलेक्ट्रोन्यूमेटिक्स एंड हाइड्रॉलिक्स, अल्टेयर, टाटा स्टील, टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, फोर्ड इंडिया, फेल्स सिस्टम जीएमबीएच और जेबीएम ऑटो लिमिटेड सहित प्रमुख उद्योग भागीदारों के प्रख्यात वक्ताओं ने भाग लिया। शीट मेटल फॉर्मिंग रिसर्च एसोसिएशन (एसएमएफआरए) का प्रमुख सम्मेलन एसएमएफ 2024, भारत और विदेश के शोधकताओं और डेवलपर्स को धातु बनाने की तकनीकों पर विचारों को प्रस्तुत करने और आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सम्मेलन का उद्घाटन समारोह 5 दिसंबर को हुआ। आईआईटी रोपड़ के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अनुपम अग्रवाल और एसएमएफ 2024 के आयोजन सचिव ने वक्ताओं, एसएमएफआरए सदस्यों, विद्वानों और उद्योग के मेहमानों सहित उपस्थित लोगों का स्वागत किया। आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रोफेसर राजीव आहूजा ने सम्मेलन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इसके बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख और सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ प्रभात के अग्निहोत्री ने संबोधन दिया। मुख्य अतिथि जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के उपाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार ने रसकिन्हा मेमोरियल व्याख्यान दिया, जिसमें शीट मेटल फॉर्मिंग के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और चुनौतियों पर जानकारी साझा की। एसएमएफआरए के सचिव और आईआईटी बॉम्बे में प्रोफेसर प्रो के नरसिम्हन ने शिक्षा जगत के लिए धातु निर्माण में प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला। समारोह का समापन आईआईटी रोपड़ के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर नवीन कुमार और एसएमएफ 2024 के सह-आयोजन सचिव के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

**6.जेपीईजी**

\इस कार्यक्रम को प्लैटिनम प्रायोजक ऑटोफॉर्मैंड इलेक्ट्रोन्यूमेटिक एंड हाइड्रोलिक्स (आई) प्राइवेट लिमिटेड और सिल्वर प्रायोजक अल्टेयर इंजीनियरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित किया गया था। सम्मेलन के पहले दिन शीट मेटल फॉर्मिंग में नवीनतम प्रगति पर अग्रणी शोधकताओं, प्रोफेसरों और उद्योग के नेताओं द्वारा प्रस्तुतियाँ प्रदर्शित की गईं। दूसरे दिन हल्के धातु निर्माण, हल्के निर्माण के लिए गर्म निर्माण और स्किन पैनल निर्माण में चुनौतियों जैसे विविध विषयों पर तकनीकी सत्र शामिल थे। उपस्थित लोगों को विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने और शीट मेटल फॉर्मिंग में अत्याधुनिक शोध पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिला।

**2.जेपीजी**

एसएमएफ 2024 के दूसरे दिन पैनल चर्चा हुई, जिसका संचालन टूल मेकर्स फैसिलिटी, इंडिया के कंसल्टेंट श्री अविनाश खरे ने किया। पैनल में प्रोफेसर हरिहरन के. (एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी मद्रास), श्री प्रशांत कुलकर्णी (क्षेत्रीय प्रबंधक, अल्टेयर इंजीनियरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड), डॉ. राहुल कुमार (टाटा स्टील) और प्रोफेसर एकता सिंगला (एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी रोपड़) जैसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल थे। साल में दो बार होने वाला एसएमएफ 2024 का उद्देश्य धातु निर्माण अनुसंधान के भविष्य के बारे में जानकारी प्रदान करना और विशेषज्ञों के बीच ज्ञान साझा करना था। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन के लिए एसएमएफ 2024 के आयोजन सचिव प्रो. अनुपम अग्रवाल और सह-आयोजन सचिव प्रो. नवीन कुमार और प्रो. एकता सिंगला को उनके प्रयासों के लिए व्यापक सराहना मिली।

# बहादुरगंज सीएचसी का कायाकल्प योजना के तहत राज्यस्तरीय अंकेक्षणः स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में प्रभावी कदम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

9 दिसंबर। स्वास्थ्य सेवाओं को उच्च गुणवत्ता प्रदान करने और संक्रमण नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई "कायाकल्प योजना" के अंतर्गत, बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का राज्यस्तरीय अंकेक्षण किया गया। राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा नियुक्त दो सदस्यीय टीम, जिसमें डॉ. विकास कुमार और राकेश कुमार शामिल थे, टीम ने सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की सफाई व्यवस्था, प्रसव कक्ष, ओपीडी, ओटी और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के मानकों का निरीक्षण किया गया। टीम ने कई क्षेत्रों में सुधार के लिए सुझाव दिए और अस्पताल प्रशासन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया।उक्त अंकेक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रिजवाना तबस्सुम, डीक्यूएसी सुमन सिन्हा एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक किशोर कुमार एवं सीएचसी की पूरी टीम उपस्थित रहे। कायाकल्प योजना के तहत अंकेक्षण की प्रक्रिया सिविल सर्जन डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कायाकल्प योजना का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को स्वच्छ, सुरक्षित और मरीजों के अनुकूल बनाना है। अंकेक्षण के दौरान, संस्थानों की स्वच्छता, चिकित्सा उपकरणों की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता और स्टाफ की तत्परता की जांच की जाती है। डॉ. कुमार ने कहा, "यह योजना न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए बनाई गई है, बल्कि इससे मरीजों को सर्वोत्तम सुविधाएं मिलें, यह भी सुनिश्चित किया जाता है। बहादुरगंज सीएचसी का अंकेक्षण इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।" अस्पताल प्रशासन की तैयारियां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रिजवाना तबस्सुम ने बताया, "कायाकल्प योजना का अंकेक्षण हमारे अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस निरीक्षण से हमें अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने का मौका मिलेगा। अस्पताल ने स्वच्छता और मरीजों को बेहतर सेवाएं देने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं।" उन्होंने आगे कहा कि निरीक्षण के दौरान टीम ने मरीजों की देखभाल, स्टाफ की तत्परता और अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों की जांच की। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से उनकी समस्याओं और अनुभवों के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। स्वास्थ्य सेवाओं में ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान सिविल सर्जन डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कायाकल्प योजना के तहत सतत सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, "ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार जिला स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और बेहतर मरीज देखभाल सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।" अंकेक्षण से मिले सुझाव और आगे की योजना राज्यस्तरीय अंकेक्षण टीम ने अस्पताल प्रशासन को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमें चिकित्सा उपकरणों की नियमित जांच, इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, और मरीजों की सुविधा के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने की सिफारिश की गई। डीपीएम डॉ. मुनाजिम ने कहा, "कायाकल्प योजना के तहत, स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण को प्राथमिकता दी जाती है। इस योजना से न केवल अस्पतालों की छवि में सुधार हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बढ़ रही है।"

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की नई दिशा जिला पदाधिकारी विशाल राज ने बताया कि बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने कायाकल्प योजना के तहत किए गए प्रयासों से यह साबित कर दिया है कि वह क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। राज्यस्तरीय अंकेक्षण के माध्यम से अस्पताल को अपनी सेवाओं में और अधिक सुधार करने का मौका मिला है। आने वाले समय में इन सुधारों के आधार पर मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा, "कायाकल्प योजना सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को सुधारने और मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। यह योजना स्वास्थ्य केंद्रों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में मदद करती है। जिला प्रशासन इस दिशा में हरसंभव सहयोग कर रहा है। हमें विश्वास है कि बहादुरगंज सीएचसी और अन्य संस्थान इस अंकेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।"